हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राजधानी के लाल परेड मैदान में 30 हजार स्वयंसेवकों का विराट एकत्रीकरण, 5 हजार समाजजन भी आए

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा

जन्म आधारित भेदभाव हिंदू संस्कृति का हिस्सा नहीं अपनी शक्ति-सामर्थ्य को हमेशा याद रखे हिंदू समाज

स्वयंसेवकों का ऐसा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होसबाले ने कहा कि जब समाज अपनी शक्ति पहचान लेता है तो असंभव दिखाई देने वाले कार्य भी संभव होने लगते हैं और असाध्य दिखाई देने वाले लक्ष्य साध्य बन सकते हैं

समाज में ऊंच-नीच, जाति और किसी भी प्रकार के भेदभाव को दूर करते हुए समर्थ समाज बनाने की दिशा में प्रयास करना होगा। हम सब एक ही माता की संतान हैं और ईश्वर की संतान हैं, इसलिए मनुष्यों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। जन्म आधारित भेदभाव हिंदू संस्कृति का हिस्सा नहीं है।

दत्तात्रेय होसबाले

यह बात राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा रविवार को राजधानी स्थित लाल परेड ग्राउंड में शताब्दी वर्ष की गतिविधियों के क्रम में 'शाखा संगम' और 'स्वयंसेवक एकत्रीकरण' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स भोपाल के डायरेक्टर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोतवाल, मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय तथा भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर मंचस्थ रहे। होसबाले ने कहा कि भारत की 5 हजार वर्षों की सभ्यता की यात्रा में दुनिया के लोगों को यदि कुछ बातें देखने को मिलती हैं, तो वह यही है कि भारत हर संकट के ▶▶ शेष पेज 4 पर

हनुमान और जामवंत का उदाहरण देकर समझाई समाज की शक्ति

मंच पर होसबाले, डॉ.कोतवाल सहित अन्य पदाधिकारी

» **जाति के नाम पर होने वाला किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार समाज को कमजोर और दुर्बल करता है**

» **संघ ने समाज के सामने 'पंच परिवर्तन' का विषय रखा है**

» **हमारी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी**

संघ समाज से अलग नहीं, समाज का ही अंग

सरकार्यवाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयं को समाज से अलग मानकर काम नहीं करता। संघ समाज का ही एक अंग है। समाज की शक्ति को संगठित करना, व्यक्ति में चरित्र निर्माण करना और समाज को अपने दायित्व के प्रति जागृत करना उसके कार्य का हिस्सा है। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

हम मिलकर काम करेंगे तो हर समस्या का समाधान

होसबाले ने कहा कि हम सब हिंदू राष्ट्र के ही हैं। हिंदू होने के नाते समाज के सामने आने वाले प्रश्न किसी एक हिस्से के नहीं, बल्कि हम सभी के हैं। इसी भाव से यदि हम मिलकर काम करेंगे तो समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इसी सोच के साथ संघ ने समाज के सामने 'पंच परिवर्तन' का विषय रखा है। भगवान राम ▶▶ शेष पेज 4 पर

हम संकल्प लें जाति भेद नहीं करेंगे

होसबाले ने कहा कि हम संकल्प लें कि अपने जीवन में किसी प्रकार का जाति भेद नहीं करेंगे और छुआछूत का नामोनिशान नहीं रहेगा। जातिवाद और छुआछूत हिंदू समाज पर कलंक हैं और इस कलंक से मुक्ति जरूरी है। यह केवल कानून, किसी अवतार या किसी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

युवाओं को संदेश

हमारी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी

होसबाले ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर कहा कि दुनिया भर में इसकी चर्चा हो रही है, लेकिन केवल मंच से प्रस्ताव पारित करने से पर्यावरण की रक्षा नहीं होगी। इसके लिए अपने घर, विद्यालय, व्यावसायिक क्षेत्र, बाजार और बस्ती में पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर स्वयं काम करना होगा। उन्होंने नदी को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण को अपने व्यवहार का हिस्सा ▶▶ शेष पेज 4 पर

लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. कोतवाल बोले

अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारी प्राथमिकता हो

मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोतवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण की यात्रा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना उनके लिए गौरव का विषय है। संघ का कार्य व्यक्ति से शुरू होकर परिवार, समाज और राष्ट्र तक पहुंचता है। किसी भी राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी भौतिक उपलब्धियों से ▶▶ शेष पेज 4 पर

800 शाखाओं के स्वयंसेवक

दोपहर 3:30 से शाम 6 बजे तक चला आयोजन

इस आयोजन में लगभग 30 हजार स्वयंसेवकों के साथ समाज से 5 हजार मातृशक्ति एवं महानुभाव सहभागी हुए। दोपहर 3:30 बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ। इस आयोजन में भोपाल विभाग के 5 जिलों के 6 नगरों की 250 बस्तियों में संचालित करीब 800 शाखाओं के 30 हजार स्वयंसेवक शामिल हुए। इसके अलावा बड़ी संख्या में अन्य स्वयंसेवक एवं ▶▶ शेष पेज 4 पर

फिल्म 'हनुमान अंश' पर बरसी नीम करौरी बाबा की कृपा

भारत में 304.80 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन

'हनुमान अंश' की कमाई 300 करोड़ पार 44वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

संत नीम करौरी बाबा के जीवन से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। रिलीज के 44वें दिन यानी सातवें शनिवार को फिल्म ने भारत में 9.75 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म का भारत में कुल ग्रॉस कलेक्शन 304.80 करोड़ रुपए हो गया है। विदेशी बाजारों से मिले 24.50 करोड़ रुपए को जोड़ने पर फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई 329.30 करोड़ रुपए पहुंच गई है। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 258.13 करोड़ रुपए है। ट्रेड एक्सपर्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

वर्ल्डवाइड कमाई 329.30 करोड़ पहुंची

15 बार देख चुकीं नीम करौरी बाबा की बेटी, हर बार रोईं

कहा- बाबा का आशीर्वाद फिल्म की सफलता में अहम

फिल्म 'हनुमान अंश' की निर्माता रागिनी सोना ने फिल्म की सफलता के बीच नीम करौरी बाबा की बेटी गिरिजा जी (अम्मा जी) से जुड़ा अनुभव साझा किया है। रागिनी के मुताबिक फिल्म रिलीज से पहले उन्होंने विशाल चतुर्वेदी के साथ गिरिजा जी से संपर्क किया था। उनका उद्देश्य फिल्म दिखाने से पहले उनका आशीर्वाद लेना था। बातचीत के दौरान गिरिजा जी ने कहा था कि वह फिल्म तब देखेंगी, ▶▶ शेष पेज 4 पर

'मिर्जापुर द मूवी' की वर्ल्डवाइड कमाई 302 करोड़ पार

वहीं, पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु स्टारर 'मिर्जापुर द मूवी' ने भी शनिवार को 4.50 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म का भारत में नेट कलेक्शन 210.70 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 250.94 करोड़ रुपए हो चुका है। विदेशों में फिल्म ने 51.25 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसके साथ इसका वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 302.19 करोड़ रुपए पहुंच गया।

शाखा संगम

लाल परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यक्रम में हजारों स्वयंसेवक जुटे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लालपरेड मैदान में शाखा संगम एवं स्वयंसेवक एकत्रीकरण का आयोजन

लाल परेड मैदान में जुटे हजारों स्वयंसेवकों ने दिया अखंडता के साथ राष्ट्रवाद का संदेश

हरिभूमि ▶▶ न्यूज भोपाल

राजधानी के ऐतिहासिक लाल परेड मैदान में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम एवं स्वयंसेवक एकत्रीकरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जुटे 30 हजार से अधिक स्वयंसेवकों और पांच हजार समाजजनों ने स्वच्छता का संदेश दिया। आयोजित कार्यक्रम में किसी भी प्रकार सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया, पानी के लिए स्टील के गिलास नजर आए। खास बात यह भी रही कि इतने बड़े स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मैदान में कहीं पर भी कचरा नजर नही आया। स्वयंसेवकों की बड़ी संख्या और वाहनों के आवागमन को देखते हुए पुलिस के साथ ट्रैफिक व्यवस्था संभाली।

» *पुलिस के साथ स्वयंसेवकों ने संभाली ट्रैफिक व्यवस्था*

» *स्वयंसेवकों ने रखा स्वच्छता का ध्यान*

» *हर वाहन की जांच के बाद एंट्री*

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम एवं स्वयंसेवक एकत्रीकरण का आयोजन।

ध्वज फहराते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक।

डायवर्जन के जरिए यातायात को किया नियंत्रित

साथ ही स्वयंसेवकों ने पुरानी जेल तक ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला, मैदान के अंदर से बाहत तक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के संपन्न होने बाद मेन रोड पर खड़े होकर जितने भी लोग कार्यक्रम में मौजूद थे सभी को व्यवस्थित तरीके निकाने का काम स्वयंसेवकों ने किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एकत्रीकरण कार्यक्रम रविवार को लाल परेड मैदान में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भोपाल सहित आसपास के पांच जिलों से करीब 30 से हजार स्वयंसेवक पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों के पहुंचने को देखते हुए पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने पहले से ही यातायात व्यवस्था का प्लान तैयार कर लिया था। कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ा, लेकिन डायवर्जन व्यवस्था के चलते यातायात को लगातार नियंत्रित किया गया।

कार्यक्रम में पहुंची महापौर।

भारी, हल्के वाहनों और यात्री बसों के लिए अलग रूट तय

ट्रैफिक पुलिस ने भारी वाहनों, हल्के व्यावसायिक वाहनों और यात्री बसों के लिए अलग रूट तय किए थे। हमीदिया रोड से अल्पना तिराहा होकर रोशनपुरा की ओर जाने वाले अनुमति प्राप्त वाहनों को संगम टॉकीज तिराहा से बजरिया तिराहा, 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, सुभाष ओवरब्रिज और बोर्ड ऑफिस की ओर डायवर्ट किया गया।

निगरानी के लिए ड्रोन-कैमरों का किया उपयोग

कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल के साथ ट्रैफिक पुलिस की टीमें तैनात रहीं। निगरानी के लिए ड्रोन और कैमरों का भी इस्तेमाल किया गया। वहीं, आरएसएस के स्वयंसेवकों ने भी व्यवस्था संभालने में पुलिस का सहयोग किया। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पानी, पार्किंग और सफाई की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के पहुंचने के बावजूद पार्किंग और कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था स्वयंसेवकों ने संभाली। इससे पुलिस पर भी अतिरिक्त दबाव कम रहा। एक दिन पहले ही तैयार कर लिया था डायवर्जन प्लानट्रैफिक पुलिस अधिकारी बसंत कौल ने बताया कि कार्यक्रम को देखते हुए यातायात व्यवस्था पर पहले से पूरा ध्यान दिया गया था। एक दिन पहले ही सभी प्रमुख रूटों का डायवर्जन प्लान तैयार कर लागू किया गया, ताकि कार्यक्रम के दौरान लोगों को यातायात संबंधी परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में आरएसएस के स्वयंसेवकों का भी पूरा सहयोग मिला।

1975 से मानव सेवा कार्य में सक्रिय हूं

1975 से संघ से जुड़ा हूं,खरगोन बरेली से आया हूं और लगातार समाज व मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय हूं। संघ का उद्देश्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण और उसमें सेवा भाव विकसित करना है। स्वयंसेवकों के चरित्र, अनुशासन और सेवा भावना को निखारकर समाज के लिए उपयोगी बनाना ही संघ की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

गोवर्धन मंसानी

पूरा विश्व मेरा परिवार है

1986 से संघ से जुड़ा हूं,मै भोपाल से हूं संघ एक परिवार और पूरा विश्व मेरा परिवार है हम संघ के माध्यम से समाज की सेवा कर रहे है। संघ समाज के लिए बहुत जरुरी है ताकि देश आगे बढ़ सके।

शशिवेश सेख

कई राज्यों में सेवा दी है

1979 से संघ से जुड़ा हूं, मैं भोपाल से हूं। जब मैं पहली बार 1971 में भोपाल आया था। तब से पूरी तरह सेवा में लग गया, जब मैं बैंक में था तब भी अपने काम के साथ-साथ संघ की सेवा के लिए कई राज्यों में जाकर अपनी सेवा दी है।

जिंदल सिंह सेंगर

कार्यक्रम की झलकियां

लाल परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्वयंसेवक।

कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा और मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद रहे।

सांसद रजनीश अग्रवाल व विधायक रामेश्वर शर्मा।

निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी भी कार्यक्रम में पहुंचे।

भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा भी कार्यक्रम में पहुंचे।

विधायक सबनानी और पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह भी पहुंचे।

राष्ट्रीय संस्थान छात्र संवाद में 250 विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने लिया भाग, 11 जिज्ञासाओं का सरकार्यवाह ने किया समाधान

युवा प्रश्न पूछें, संवाद से जुड़ें और उनके भीतर की संवेदना को समझें: होसबाले

भोपाल। नई पीढ़ी का प्रश्न पूछना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। युवाओं के प्रश्नों को सुनने, समझने और संवाद के माध्यम से उत्तर देने की आवश्यकता है। किसी युवा को उसके बाहरी स्वरूप या विचारों के आधार पर देखने के बजाय उसके भीतर की संवेदना और सकारात्मक शक्ति को समझना चाहिए। यह बात रविवार को राष्ट्रीय संस्थान छात्र संवाद को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कही।

राष्ट्रीय संस्थान में छात्र संवाद में 250 विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने भाग लिया। यहां सरकार्यवाह ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर मंचस्थ रहे। भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद राम जन्मभूमि संघर्ष पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक, तकनीकी और राष्ट्रीय विषयों से जुड़ी 11 जिज्ञासाएं रखीं।

छात्र संवाद करते सरकार्यवाह होसबाले।

कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व प्राध्यापकगण।

सोशल मीडिया के दौर में प्रश्न करने वाले युवाओं से संवाद होना चाहिए

सोशल मीडिया और वैचारिक 'इको चौंबर' के दौर में युवाओं से जुड़ने के प्रश्न पर होसबाले ने कहा कि आज पीढ़ियों को 'जेन जी' और 'जेन अल्फा' जैसे नामों से परिभाषित किया जाता है, जबकि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को 'युवा भारत' कहा था। उन्होंने कहा कि नरेंद्र के रूप में स्वामी विवेकानंद ने भी प्रश्न किए थे और नचिकेता का प्रश्न करना भारतीय परंपरा में प्रसिद्ध है। इसलिए नई पीढ़ी सत्ता, समाज या किसी संस्था से प्रश्न करती है तो उसे गलत नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि युवाओं के प्रश्नों को सुनना और संवाद में जुड़ना चाहिए।

विमर्श के शस्त्र तर्क, सत्य और अध्ययन होने चाहिए

वैचारिक संघर्ष के प्रश्न पर सरकार्यवाह ने कहा कि यदि इसे 'विमर्श युद्ध' कहा जा रहा है तो उसके लिए प्रभावी साधन भी आवश्यक हैं। इसके लिए तर्क सत्य और अध्ययन पर आधारित हों, अपनी बात रखने में स्पष्टता हो, प्रभावी माध्यमों का उपयोग किया जाए और इसके लिए प्रशिक्षण भी हो। शिक्षा व्यवस्था में भारतीय दृष्टि के स्थान से जुड़े प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इतिहास, पुरातत्व, भाषाविज्ञान और सामाजिक विज्ञान के कई क्षेत्रों में भारत को लंबे समय तक पश्चिमी दृष्टि से देखने का प्रयास हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज की कुरीतियों को स्वीकार करते हुए उनके सुधार के प्रयास जरूरी हैं, लेकिन समाज की सकारात्मक उपलब्धियों और परंपराओं का भी वस्तुनिष्ठ अध्ययन होना चाहिए।

भ्रष्टाचार से लड़ाई की शुरुआत स्वयं से हो

भ्रष्टाचार पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि व्यवस्था में सुधार जरूरी है, लेकिन इसकी शुरुआत व्यक्ति के अपने जीवन से होनी चाहिए। स्वयंसेवकों को पहले स्वयं भ्रष्टाचार से मुक्त रहने का प्रयास करना चाहिए और समाज में भी इसके विरुद्ध जागरूकता विकसित करनी चाहिए। मूल विचार और मूल्य अपरिवर्तित रहते हुए तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। तकनीक मानवता, राष्ट्र, पर्यावरण और इतिहास के लिए लाभकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक मनुष्य के नियंत्रण में रहे, मनुष्य तकनीक का गुलाम न बने।

भोपाल
सोमवार, 21 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 13, अंक : 171
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 23

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 फाइनल में भारत, शेफाली का तूफानी...

विचार पेज
06 डिजिटल भुगतान पर संतुलन...

जानलेवा रफ्तार

कार में मौजूद थे 17 से 23 साल के युवा, 3 की मौत मरीन ड्राइव से लौट रहे थे

मुंबई कोस्टल रोड पर 75 फीट नीचे गिरी बेकाबू बीएमडब्ल्यू

- डिवाइडर से टकराने के बाद फ्लाईओवर से नीचे कंस्ट्रक्शन साइट पर गिरी कार
- हादसा इतना भीषण था कि फ्लाईओवर पर लगा एक बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार तड़के तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू भीषण हादसे का शिकार हो गई। कार फ्लाईओवर से करीब 75 फीट नीचे कंस्ट्रक्शन साइट पर जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। चारों की उम्र 17 से 23 साल के बीच बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक हादसा रविवार सुबह करीब 5:20 बजे लाला लाजपत राय कॉलेज के सामने लोटस जेट्टी के पास हुआ। बीएमडब्ल्यू मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी।


पुल से गिरने के बाद कार की ऐसी हालत

तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह फोरेंसिक टीम ने जुटाए सैंपल

शुरुआती जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार के कारण चालक ने कार पर नियंत्रण खो दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस, एंबुलेंस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। फोरेंसिक टीम ने बीएमडब्ल्यू की जांच कर जरूरी सैंपल भी जुटाए हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार हादसे में शनाय गज्जल (21), आदित्य जकसानिया (19) और धैर्य सेठ (17) की मौत हुई है। वहीं आदित्य ओसवाल (23) गंभीर रूप से घायल है। चारों को नायर अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। घायल आदित्य का इलाज चल रहा है। मुंबई कोस्टल रोड करीब 10.58 किलोमीटर लंबा हाई-स्पीड मार्ग है, जो दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव को बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वर्ली छोर से जोड़ता है।

सीसीटीवी फुटेज में दिखी कार की हवा वाली रफ्तार

चारों छात्र अहमदाबाद के रहने वाले

हादसे का शिकार हुए युवक गुजरात के अहमदाबाद के रहने वाले थे और मुंबई में पढ़ाई कर रहे थे। इनमें तीन युवक जुहू स्थित एनएमआईएमएस कॉलेज में मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे। वे मुंबई में पीजी में रह रहे थे। चारों मरीन ड्राइव घूमने गए थे और वहां से लौटते समय हादसा हुआ। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मुंबई में रहने वाले रिश्तेदार अस्पताल पहुंचे, जबकि युवकों के माता-पिता गुजरात से मुंबई के लिए रवाना हुए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सीतानगर डैम में नहाते समय दो युवक डूबे

दमोह। देहात थाना क्षेत्र के सीतानगर सिंचाई परियोजना डैम में रविवार दोपहर नहाते समय दो युवक डूब गए। सूचना मिलते ही नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। दिनेश पटेल और उनके रिश्तेदार देवेंद्र पटेल नहाने गए थे।

डेढ़ किलो सोना, 5 किलो चांदी के आभूषण अर्पित

रायसेन। उदयपुरा स्थित दादा धूनी दरबार में 51 दिन चले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने करीब डेढ़ किलो सोना और 4 से 5 किलो चांदी के आभूषण अर्पित किए। आयोजकों के अनुसार, यज्ञ की धूनी में फल-फूल, मिठाइयां, कपड़े, हवन सामग्री और जड़ी-बूटियों समेत करीब 1 लाख 51 हजार किलो सामग्री चढ़ाई गई।

एलपीजी सिलेंडर के लिए आधार सत्यापन जरूरी



नई दिल्ली। घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी का लाभ लेने के लिए 1 अक्टूबर से आधार बायोमीट्रिक सत्यापन जरूरी होगा। सरकार का उद्देश्य फर्जी और डुप्लीकेट कनेक्शनों पर रोक लगाकर सब्सिडी का लाभ पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। 19 सितंबर तक 27.43 करोड़ सक्रिय घरेलू एलपीजी ग्राहकों का आधार सत्यापन पूरा हो चुका है।

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने एक किताब का जिक्र कर पं. नेहरू के बयान का हवाला दिया

अंसारी बोले-असली खतरा हिंदू दक्षिणपंथ भाजपा बोली-बांटने की राजनीति नहीं चलेगी

- भाजपा ने कहा कि बंटवारे के बाद भारत ने खुद को धर्मनिरपेक्ष देश के तौर पर आगे बढ़ाया। समाज में दूरी पैदा करने की कोशिश करने वालों की राजनीति सफल नहीं होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने शनिवार को संविधान विशेषज्ञ, वरिष्ठ वकील और लेखक एजी नूरानी की याद में आयोजित कार्यक्रम में ऐसा बयान दिया है जिसके बाद सियासी बवाल खड़ा हो गया है। अंसारी ने नूरानी की किताब 'द आरएसएसः ए मीनेज टू इंडिया' का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के उस कथित बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के लिए असली खतरा कम्युनिज्म नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता है।

दरअसल, नई दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित 'रिमेंबरिंग ए पॉलीमिथः द लाइफ एंड टाइम ऑफ अब्दुल गफूर इरानी' कार्यक्रम में बोलते हुए हामिद अंसारी ने एजी नूरानी के विचारों और लेखन को याद किया। उन्होंने कहा कि नूरानी की 2019 में प्रकाशित किताब की प्रस्तावना में ऐसे विचार दर्ज हैं, जो उनके मुताबिक आज भारत के कई मुसलमानों की भावना को दिखाते हैं। अंसारी ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

नेहरू ने कहा था-भारत के लिए असली खतरा कम्युनिज्म नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता

हामिद अंसारी

- एजी नूरानी की किताब 'द आरएसएसः ए मीनेज टू इंडिया' का जिक्र किया
- भाजपा व विहिप ने कहा कि अंसारी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए

अंसारी ने और क्या कहा?

यह सोच चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में प्रस्तुत करती है

हामिद अंसारी ने राष्ट्रवाद, पहचान और भारत की राजनीतिक दिशा से जुड़े मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में ऐसे रुझान और प्रथाएं सामने आई हैं, जो नागरिक राष्ट्रवाद (सिविक नेशनलिज्म) के स्थापित सिद्धांत को चुनौती देती हैं और उसकी जगह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को आगे बढ़ाती हैं। अंसारी ने कहा कि यह सोच चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में प्रस्तुत ▸▸ शेष पेज 4 पर

भाजपा का पलटवार

कांग्रेस की हिंदू विरोधी राजनीति बेपर्दा

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बयान कांग्रेस की हिंदू विरोधी राजनीति को बेपर्दा करती है। भाजपा ने राहुल गांधी के पुराने बयानों का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि इस तरह की टिप्पणियां कांग्रेस की ▸▸ शेष पेज 4 पर

विहिप ने कहा- खतरा कट्टर सोच वाले लोगों से

विनोद बंसल

विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि बहुसंख्यक हिंदू समाज को भारत के लिए खतरा बताने से पहले अपने सार्वजनिक जीवन को भी देखना चाहिए। बंसल ने कहा कि देश ने अंसारी को पद, सम्मान और अवसर दिए। उन्होंने पूछा कि बहुसंख्यक हिंदू समाज को देश के लिए खतरा बताना किस आधार पर सही ठहराया जा सकता है। उनका कहना था कि असली चिंता उन कट्टर सोच वाले लोगों से है, जो समाज में बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक का फर्क बढ़ाते हैं। भाजपा नेता करुणासागर ने पूछा कि अगर मुद्दा कट्टरता का है तो वामपंथी उग्रवाद और इस्लामी आतंकवाद को लेकर भी उतनी ही स्पष्ट बात होनी चाहिए।

पिंजरे से आजाद होते ही मादा चीता ने लगाई दौड़

अब इस सैंक्चुरी में 2 नर व 2 मादा

सीएम ने गांधी सागर वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में छोड़ी चीता सीसीबी-2

नीमच जिले की सैंक्चुरी में अगला सफर तय करेगी मादा चीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 20 सितंबर को बोत्सवाना से लाई गई मादा चीता सीसीबी-2 को नीमच जिले की गांधी सागर वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में छोड़ा। इसके साथ ही अब यहां चीतों की संख्या 4 हो गई है। इनमें 2 नर और 2 मादा चीते शामिल हैं। अब यहां चीतों के परिवार में विस्तार की संभावना है। उन्होंने इसके लिए वन विभाग और प्रदेशवासियों को बधाई भी दी। उन्होंने मध्यप्रदेश के ईको सिस्टम को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। सीसीबी-2 को सैंक्चुरी में छोड़ने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

मजदूरों को लेकर उज्जैन जा रही थी

ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, बच्ची-महिला की मौत

18 साल की युवती के दोनों पैर कटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंदसौर

दलोदा थाना क्षेत्र में लखमा खेड़ी फंटे के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 12:15 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 6 साल की बच्ची और 45 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रॉली में करीब 20 मजदूर सवार थे। कई लोग घायल हुए हैं। इनमें 18 वर्षीय कल्पना के दोनों पैर कट गए। तीन गंभीर घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायल मजदूरों के अनुसार, वे रतलाम जिले के रावटी ▸▸ शेष पेज 4 पर

वारदात के पीछे पुरानी रंजिश थी

चलती बाइक पर पीछे बैठे युवक ने मारी गोली, मौत

सिंधी कॉलोनी से हमलावर भाग निकला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रविवार सुबह बाइक पर पीछे बैठे युवक ने बीच में बैठे अपने ही दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। चलती बाइक पर गोली लगने से बाइक चला रहा युवक दहशत में आ गया और बाइक गिर गई। उसने बाइक चला रहे युवक को भी गनपॉइंट पर लिया और सिंधी कॉलोनी तक ले गया। वहां आरोपी भाग निकला। हत्या की वजह पूर्व में हुए विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने शव के बाद परिजन को ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं और नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण

वीडियो बनाकर डार्क वेब पर बेचता था तांत्रिक उसके लैपटॉप में 50 से ज्यादा ऐसे वीडियो मिले

सेलम में चंदा लेने पहुंची छात्रा से छेड़छाड़ की कोशिश के बाद खुला मामला, गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के सेलम में पुलिस ने महिलाओं और नाबालिग लड़कियों का कथित यौन शोषण कर उनके वीडियो ऑनलाइन बेचने के आरोप में तांत्रिक विजयराजा (50) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक वह वाझापाड़ी के पास 'शनीश्वर' नाम से तंत्र-मंत्र केंद्र चलाता था। पूजा-पाठ के बहाने वह हिडन कैमरों से महिलाओं और लड़कियों के वीडियो रिकॉर्ड करता था। आरोपी कुछ महिलाओं को प्रसाद के रूप में नशीला पदार्थ मिला पानी या खाद्य पदार्थ देकर बेहोशी की हालत में उनके वीडियो बनाता था। आरोपी के लैपटॉप से 50 से ज्यादा वीडियो मिले हैं। मामला तब सामने आया, जब विनायक चतुर्थी के लिए चंदा लेने पहुंची एक स्कूली छात्रा से उसने कथित तौर पर छेड़छाड़ की कोशिश की। छात्रा ने परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद लोगों ने आरोपी को ▸▸ शेष पेज 4 पर

एशियन गेम्स 2026 में भारत की शानदार शुरुआत

शूटिंग में भारत को दो रजत, एलावेनिल का दमदार प्रदर्शन, पीएम मोदी ने दी बधाई

10 मीटर एयर राइफल टीम और व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता सिल्वर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 के पहले दिन भारत ने निशानेबाजी में दो रजत पदक जीतकर शानदार शुरुआत की। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में सोनम उत्तम मस्कर, एलावेनिल वलारिवन और विदर्शा के. विनोद की तिकड़ी ने 1898.0 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही एलावेनिल ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी रजत पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में एलावेनिल एक समय स्वर्ण पदक की दौड़ में आगे चल रही थीं, लेकिन अंतिम चरण में जापान की हिनाता ताइची ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। ▸▸ शेष पेज 4 पर

विदर्शा के. विनोद | सोनम मस्कर | एलावेनिल वलारिवन

हवाएं अक्टूबर से बदल जाएंगी, हवा में नमी तेजी से कम होगी

इस महीने प्रदेशभर में अलग अलग हिस्सों में बारिश का दौर रहेगा

बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी से 20 अक्टूबर के बाद शुरू होगी गुलाबी सर्दी

तीन-चार दिन तक मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सितंबर महीने में बारिश का दौर जारी है। यह क्रम इस महीने के साथ अक्टूबर के पहले सप्ताह में भी जारी रहने की उम्मीद है। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ के आने के साथ पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। प्रदेश में सितंबर की बारिश और पहाड़ों पर शुरू हुई बर्फबारी अब सर्दी को तेजी से आकर्षित करेगी। इससे पूरी ▸▸ शेष पेज 4 पर

भोपाल स्थित बड़े तालाब का दृश्य

आज कुछ जिलों में भारी बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक अनुपपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट में कुछ जगह भारी बारिश होगी। भोपाल सहित प्रदेशभर में बादल, कहीं बौछारों का दौर रहेगा।

ओवरऑल अधिक बारिश सितंबर की अभी कम

भोपाल में सीजन में अब तक कुल 1144.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जो नॉर्मल से 105.5 मिमी अधिक है, लेकिन सितंबर महीने की सामान्य बारिश के आंकड़े अभी 100 मिमी से ज्यादा कम हैं। सितंबर में रविवार तक कुल 154.8 मिमी बारिश हुई है, जबकि पूरे महीने में सामान्य तौर पर 268.1 मिमी बारिश होती है। अब अंतिम सप्ताह में कुछ बारिश की उम्मीद है। प्रदेश में अब तक कुल 861 मिमी बारिश हुई है, जबकि 917.9 मिमी होना थी। यह सामान्य से 6 प्रतिशत कम है।

आगामी वर्षों में साढ़े तीन लाख से अधिक शासकीय भर्तियां निकाली जाएंगी

सीएम डॉ. यादव ने कहा, नीमच में शीघ्र शुरू होगा एयरपोर्ट, सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नीमच में शीघ्र ही एयरपोर्ट, खेल सुविधाओं में विस्तार के लिए सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में एक लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं।

आगामी ढाई वर्षों में साढ़े तीन लाख से अधिक भर्तियां और की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज नीमच के अग्रोहा भवन में आयोजित सेवा से संकल्प अभियान के अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने में उनके योगदान का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में सेवा से संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी जिलों में सेवा, जनभागीदारी और जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प से ही शक्ति और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है तथा प्रदेश सरकार इसी भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने नीमच के विकास, नागरिकों के जुझारूपन और उद्यमशीलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम सनातन परंपरा और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

सेवा से संकल्प अभियान के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम।

प्रदेश के बजट और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र का शिक्षा बजट लगभग 5 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 38 हजार करोड़ रुपए तथा प्रदेश का कुल बजट बढ़कर 4 लाख 48 हजार करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में ड्रॉपआउट रेट शून्य होने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय एक लाख 70 हजार रुपए से अधिक हो गई है। बिजली उत्पादन 32 हजार मेगावॉट से अधिक पहुंच गया है। वर्ष 2002 में प्रदेश में लगभग 5 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि वर्तमान में 33 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जिनमें करीब 8 हजार सीटें उपलब्ध हैं।

नीमच में एयरपोर्ट और सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्षों में 5 लाख किमी से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। प्रमुख शहरों की कनेक्टिविटी एक्सप्रेस-वे के माध्यम से बेहतर की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल सुविधाओं के विस्तार से जिले के युवाओं और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चीता प्रोजेक्ट के तहत नीमच के खिमला क्षेत्र में मादा चीता को छोड़ा जा रहा है। मप्र वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व के अग्रणी देशों की कतार में है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

रंगमंच पर जीवंत होगी प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत प्रदेश में 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में विशेष नाट्य मंचनों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन यात्रा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। नाट्य प्रस्तुति में पीएम मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा तक की यात्रा को संवाद, अभिनय, संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से दर्शाया जाएगा। राष्ट्र सेवा के प्रति उनका समर्पण, जनकल्याण के प्रयास, सुशासन तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याण पहुंचाने की भावना को विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' को सरल, संवेदनशील और संगीतमय स्वरूप दिया गया है। कुशल कलाकार अपने जीवंत अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से सेवा, समर्पण, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रसंगों को मंच पर साकार करेंगे। इसका उद्देश्य कला और नाट्य के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सार्वजनिक जीवन यात्रा तथा जनसेवा के संदेश को व्यापक समाज तक पहुंचाना है।

खबर संक्षेप

सीएम को लिखा पत्र, दैवेभो को भी जोड़ा जाएं नियमित सेवा से

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में की गई सेवा को नियमित सेवा में जोड़कर पेंशन का लाभ देने के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा किए गए आदेश का पालन करने की मांग की है। साथ पत्र में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से नियमित हुए कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि उच्च न्यायालय जबलपुर 10 जुलाई 2026 को स्पष्ट आदेश पारित करा है कि यदि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में 10 साल से ज्यादा की सेवा कर्मचारियों ने की है तो वह अस्थाई कर्मचारी के रूप में की गई सेवा भी पेंशन पात्रता के लिए नियमित सेवा में जोड़ी जाएगी।

भाजपा कार्यालय में हुई 'सेवा संकल्प अभियान' की प्रदेश टोली की बैठक

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' की प्रदेश टोली की बैठक कर कार्यक्रम की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रम की योजना पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर, प्रदेश महामंत्री व अभियान के प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी, तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया, संभाग प्रभारी डॉ. अभय यादव, पूर्व सांसद आलोक संजर, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया उज्जैन में आईटी पार्क का निरीक्षण

आईटी के विकास से युवाओं को शिक्षा कौशल-रोजगार के नए अवसर: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आईटी पार्क एवं इंजीनियरिंग कैंपस के माध्यम से युवाओं को शिक्षा के साथ रोजगार, कौशल विकास और नई तकनीकों से जुड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। उज्जैन में आईटी क्षेत्र के विस्तार की दिशा में आईटी पार्क एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जो आने वाले समय में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने में सहायक होगी।

रविवार को आईटी पार्क के निरीक्षण के दौरान डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर और उज्जैन को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्य किए जा रहे है। इन विकास कार्यों का उद्देश्य युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी नवाचार और उद्योगों के विस्तार को गति देना है।

आईटी पार्क का निरीक्षण करते सीएम।

आईटी के विस्तार से प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नई तकनीक और नवाचार के माध्यम से प्रदेश के प्रदर्शन को और बेहतर बनाया जा सकता है। आईटी क्षेत्र के विस्तार से प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार और कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इससे प्रदेश के समग्र विकास को गति मिलेगी। डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में आगामी सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विकास कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

दो चरणों में हो रहा आईटी पार्क परियोजना का निर्माण

आईटी पार्क परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। इसके लिए लगभग 2.16 हेक्टेयर भूमि निर्धारित की गई है। इसमें कुल प्रस्तावित 15,480 वर्गमीटर बिल्ट-अप एरिया का निर्माण किया जाना है। इसमें से 11,436 वर्गमीटर क्षेत्र आईटी कंपनियों के लिए आरक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान इंदौर रोड पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से निर्माणाधीन पीएम एकता मॉल एवं महाकाल भक्त निवास के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी भी अधिकारियों से ली। उन्होंने इंदौर रोड स्थित महामृत्युंजय द्वार का भी निरीक्षण किया।

उज्जैन की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक वैभव से रूबरू होंगे युवा इन्फ्लुएंसर

युवा इन्फ्लूएंसर से चर्चारत सीएम।

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को देवास रोड स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस में बिहार से उज्जैन आए 16 सदस्यीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर दल से संवाद किया। उन्होंने युवा इन्फ्लुएंसरों से उज्जैन की प्राचीन ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों पर संवाद करते हुए उनसे सवाल भी किए तथा विभिन्न महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों और स्थलों की जानकारी दी। डॉ यादव ने इन्फ्लुएंसर दल को उज्जैन में निर्माणाधीन वीर भारत संग्रहालय, सर्प उद्यान, महाकाल महालोक सहित सिंहस्थ 2028 के लिए चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वीर भारत संग्रहालय में प्राचीन काल से लेकर आधुनिक भारत तक के महान नायकों की गौरवगाथाओं को एक साथ देखने और समझने का अवसर मिलेगा। संग्रहालय में भारत की समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा, वैदिक काल, रामायण एवं महाभारत युग, विक्रमादित्य काल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक की महत्वपूर्ण घटनाओं और राष्ट्रनायकों के योगदान को एक समग्र रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

'सर्प मित्र नगरी' के रूप में विकसित करने का दृष्टिकोण

डॉ यादव ने इन्फ्लुएंसर दल को उज्जैन में निर्माणाधीन सर्प उद्यान (स्नेक पार्क) की जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन को 'सर्प मित्र नगरी के रूप में विकसित करने का दृष्टिकोण रखा गया है। सर्प उद्यान केवल पर्यटन का केंद्र नहीं होगा, बल्कि सांपों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक महत्व तथा पर्यावरणीय संतुलन में उनकी भूमिका के प्रति लोगों में जागरूकता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि सर्पों के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए उनके संरक्षण और पर्यावरण में उनके योगदान की जानकारी आमजन तक पहुंचाना भी आवश्यक है।

पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं को रोज़गार भी दिला रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में युवाओं को सुलभता से रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार कई नवाचारी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था करने जा रहे हैं कि इंदौर-उज्जैन सहित प्रदेश के सभी आईटी पार्क और इंजीनियरिंग कैंपस में युवाओं को पढ़ाई के साथ रोज़गार के नए अवसर भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को आईटी पार्क और उज्जैन शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के अवलोकन के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिलाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इंदौर-भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी एरिया बना रही है। इससे भविष्य में राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ नई तकनीक और नवाचार को तो

बढ़ावा मिलेगा ही, युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार रोज़गार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, उत्पादन और सेवा क्षेत्र सहित हर दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ : 2028 की सभी तैयारियां भी चल रही है। हमारी सरकार सिंहस्थ के लिए जरूरी सभी विकास कार्यों को शीघ्रता से पूरा करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन शहर के मध्य में बाबा महाकाल के मुख्य मार्ग का वृहद स्तर पर चौड़ीकरण किया जा रहा है।

उद्यानिकी मूल्य श्रृंखलाओं को सशक्त बनाने के लिए नीति संवाद आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य नीति आयोगकी ओर से उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग के सहयोग से सोमवार 21 सितम्बर को भोपाल में मप्र में उद्यानिकी मूल्य श्रृंखलाओं का सुदृढ़ीकरण विषय पर नीति संवाद आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम सुबह 10 बजे से एमपीटी होटल पलाश रेसीडेंसी के प्रथम तल स्थित विमर्श हॉल में होगा। इसमें नीति-निर्माताओं, विषय-विशेषज्ञों, वित्तीय संस्थाओं, उद्योग प्रतिनिधियों, कृषक उत्पादक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा उद्यानिकी क्षेत्र के समग्र विकास पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्रीमन शुक्ला प्रारंभिक उद्बोधन देंगे। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित तथा कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण केसी गुप्ता का विशेष संबोधन होगा।

भाजपा के विरोध के कारण सुनाई दी 'राहुल की गूंज'

राहुल गांधी का इंदौर का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम हिट रहा। इसकी एक वजह राहुल का युवाओं के बीच बढ़ता क्रेज तो रहा ही, इससे भी बड़ी वजह खुद भाजपा रही। भाजपा ने इतने अड़ंगे लगाए कि बिना बुलाए लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले नेहरू स्टेडियम नहीं दिया गया। नगर निगम महापौर ने मजाकिया लहजे में कहा कि कांग्रेस कह रही है कि 50 हजार छात्र आएंगे तो उन्हें कोई बड़ा मैदान लेना चाहिए। बाद में कोर्ट की आड़ लेकर स्टेडियम नहीं दिया गया। इसके बाद रीजनल पार्क को मांगा गया तो लगभग साढ़े 10 लाख शुल्क ले लिया गया। बाद में 4 लाख और मांग लिए गए। परमिशन के साथ 31 शर्तें थोप दी गईं। शर्तों के लिए राहुल के पिता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की हत्या तक का जिक्र कर दिया गया। जिस दिन राहुल पहुंचे, उस दिन महिलाओं ने उन्हें काले झंडे दिखा कर विरोध किया।

'मिमिक्री' ने फेर दिया कांग्रेस की मेहनत पर पानी

इंदौर के हिट कार्यक्रम के दौरान एक ग्रहण लग गया। ठीक उसी तरह जिस तरह कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित द्वारा एक मंच पर राहुल गांधी के गले लग कर इटली की महिला प्रधानमंत्री का नाम लिया था। तब राहुल गांधी कुछ नहीं बोले थे लेकिन आलोचना के केंद्र में वे ही थे। इंदौर के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान एक कॉमेडियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाते हुए एक 'मिमिक्री' की। इसमें एक वृद्ध महिला का भी जिक्र था, जिसके बैठने के लिए मोदी ने कुर्सी की व्यवस्था की थी। यहां भी राहुल गांधी कुछ नहीं बोले, लेकिन हंस दिए। विरोधियों को अवसर मिला और राहुल पर चौतरफा हमला शुरू हो गया।

प्रथम नागरिक को रथ से उतारा गया

भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन का पहला मप्र दौरा खट्टे-मीठे अनुभव वाला रहा। उज्जैन में प्रथम नागरिक अर्थात महापौर मुकेश टटवाल को उस रथ से उतार दिया गया, जिसमें नबीन के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल आदि के साथ वे भी सवार हो गए थे। विरोध में उनके बैरवा समाज ने तत्काल बैठक तक कर डाली और विरोध में धरना देने का निर्णय ले लिया। टटवाल समर्थकों का आरोप है कि पहले भी महापौर को पार्टी के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, लोकार्पणों, भूमिपूजन समारोहों और प्रशासनिक बैठकों में दरकिनार किया जाता रहा है।

कैलाश को अपना 'अभिभावक' बता गए नबीन

नबीन का यह दौरा प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कद बढ़ा गया। नबीन जितना सम्मान कैलाश को देते दिखाई पड़े, उतना किसी अन्य नेता को नहीं। पहले उन्होंने कैलाश के हाथ में चोट देखी तो उसे देख कर कुशलक्षेम पूछी और पास खड़े रह कर लंबी बात की। नबीन उन्हें भाई साहब कह कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कैलाश जी राजनीति में मेरे अभिभावक हैं। नबीन का यह दौरा इस मायने में भी सार्थक रहा कि उनकी मौजूदगी में प्रदेश ने 'आशीर्वाद के दीए' जलाने का रिकॉर्ड बनाया और भू-अधिकार स्वामित्व योजना की ऐतिहासिक शुरुआत हुई।

जनप्रतिनिधि के ऐसे तेवर कितने जायज?

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का उनके अपने संसदीय क्षेत्र गुना-शिवपुरी क्षेत्र का हाल का दौरा उनके तेवरों और अंदाज के कारण चर्चा में है। इस दौरे के दौरान उन्होंने जो तेवर दिखाए वे जनप्रतिनिधि की बजाए महाराज जैसे दिखाई पड़े। जब लोगों ने कहा कि उन्हें यह सड़क चाहिए। यदि सड़क न बनी तो फिर वोट की उम्मीद मत करिएगा। यह सुनते ही सिंधिया के तेवर बदल गए। वे बोले, मुझसे ऐसी भाषा में बात मत करना, सिर्फ निवेदन करो। एक किसान ने कह दिया कि 'माला पहनाते-पहनाते जिंदगी निकल गई, खाद नहीं मिल रहा है।' इस दौरान सिंधिया कलेक्टर और एसपी के साथ भद्रता से पेश नहीं आए।

दिनेश निगम 'त्यागी'

मंत्री कुशवाह ने दिए गरिमापूर्ण आयोजन के निर्देश

गरिमा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रदेशभर में गरिमा और सम्मान के साथ मनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों ने अपने ज्ञान, अनुभव और परिश्रम से परिवार, समाज तथा राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन के लिए संवेदनशील एवं सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना हम सभी का दायित्व है। मंत्री कुशवाह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन बनकर न रह जाएं। इनमें वृद्धजनों की अधिकतम और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके साथ संवाद किया जाए तथा आवश्यकताओं एवं समस्याओं के निराकरण की दिशा में सार्थक पहल की जाए। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण आयुक्त केजी तिवारी ने सभी जिला कलेक्टरों, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा विभागीय संयुक्त और उप संचालकों को इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।

प्रदेश के हजारों इंटर्न डॉक्टरों के लिए राहत की खबर

स्टाइपेंड वृद्धि को लेकर मप्र के इंटर्न डॉक्टरों ने उप मुख्यमंत्री शुक्ल का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के इंटर्न डॉक्टर के स्टाइपेंड में वृद्धि किए जाने के निर्णय के लिए आज मध्यप्रदेश के इंटर्न डॉक्टरों की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल का आभार व्यक्त किया। इंटर्न डॉक्टरों के प्रतिनिधि डॉ. साकेत रायपुरिया एवं करण पटेल ने अपने डीन एवं सुपरिटेंडेंट सर

के साथ उप मुख्यमंत्री शुक्ल के रीवा निवास पर पहुंचकर उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इंटर्न डॉक्टरों ने कहा कि स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को गंभीरता से लेते हुए सरकार द्वारा सकारात्मक पहल किए जाने से प्रदेश के हजारों इंटर्न डॉक्टर को राहत मिली है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए सभी इंटर्न डॉक्टरों ने उप मुख्यमंत्री शुक्ल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर इंटर्न डॉक्टरों ने कहा कि सरकार द्वारा चिकित्सा विद्यार्थियों एवं युवा चिकित्सकों की समस्याओं को समझते हुए किए गए इस निर्णय से उनका मनोबल बढ़ा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले, कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगे संवाद

अब संपूर्ण मध्यप्रदेश में गूंजेगी स्टूडेंट्स की आवाज: पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि इंदौर में 'छात्रों की गूंज' की ऐतिहासिक सफलता ने पूरे देश को बड़ा संदेश दिया है। यह आयोजन शुरुआत है। अब इसकी आवाज पूरे मध्यप्रदेश में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर छात्रों और युवाओं से संवाद करेंगे।

छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी और उन्हें एकत्रित कर शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रयास रहेगा कि छात्रों की समस्याओं को संगठित तरीके से सरकार और समाज के सामने रखा जाए। पटवारी रविवार को इंदौर प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर की जनता, प्रदेश के युवाओं, छात्रों, बेटियों, मीडिया, सिख समाज, प्रशासन एवं पुलिस सहित आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

'छात्रों की गूंज' की ऐतिहासिक सफलता ने पूरे देश को दिया बड़ा संदेश

प्रेसवार्ता करते पटवारी।

युवाओं की भागीदारी अद्भुत, अकल्पनीय, ऐतिहासिक

पटवारी ने कहा कि इंदौर और मध्यप्रदेश के युवाओं ने 'छात्रों की गूंज' के आयोजन में जिस उत्साह और संख्या में भागीदारी की, वह अद्भुत, अकल्पनीय और ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल की क्षमता से कई गुना अधिक संख्या में युवा, छात्र और विशेष रूप से बेटियां पहुंचीं। राहुल गांधी ने देश में शिक्षा, छात्रों के अधिकार, शिक्षा की सुरक्षा, किफायती शिक्षा, भ्रष्टाचार-मुक्त शिक्षा और रोजगारपरक शिक्षा को लेकर जिस राष्ट्रीय बहस की शुरुआत की है, उसे युवाओं ने अपने मुद्दे के रूप में स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए राजनीतिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश के वास्तविक मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए।

नियम सभी दलों के लिए समान रूप से लागू हों

आईडीए द्वारा मैदान के लिए राशि जमा करवाए जाने के संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि यदि नियम बनाए गए हैं तो उन्हें सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विषय पर कांग्रेस को कोई व्यक्तिगत शिकायत या आपत्ति नहीं है, लेकिन नियमों और परंपराओं का पालन समान रूप से होना चाहिए। पटवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी से विवाद करना नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य को लेकर सरकार, समाज और युवाओं के बीच एक सकारात्मक और सार्थक बहस को आगे बढ़ाना है। सरकार, समाज, बुद्धिजीवी, युवा और राजनीतिक दल, सभी को मिलकर देश के युवाओं के भविष्य पर सकारात्मक चर्चा करनी चाहिए।

1100 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में प्रगति का स्वागत

भोपाल की प्राचीन प्रतिभा को मिल सकता है एआई का नया पता

» बीएचईएल की जमीन पर लिखी जा सकती है भोपाल के नए भविष्य की कहानी: मीक

» 'कमाल का भोपाल' अभियान ने की एआई लाइटहाउस, क्वांटम कंप्यूटिंग स्मार्ट इंडस्ट्रीज को जोड़ने की मांग

» भेल की लगभग 1100 एकड़ भूमि मध्य प्रदेश को उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रही प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जिस राजधानी क्षेत्र की गुफाओं में आदि मानवों ने प्रकृति के अद्भुत रगों से रॉक पेंटिंग्स उकेरीं, जहां सांची ने ज्ञान बोध की परंपरा संजोई और राजा भोज ने नगर निर्माण को जल प्रबंधन से जोड़ा, जो शहर दुनिया की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी से गुज़रकर अपनी जीवटता के साथ खड़ा हो रहा है, वहां अब एआई युग की नई औद्योगिक कहानी लिखने का अवसर है। भेल की लगभग 1100 एकड़ भूमि मध्य प्रदेश को उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ती प्रक्रिया राजधानी के लिए इस संभावना का नया आधार बन सकती है।

'कमाल का भोपाल' अभियान ने इस प्रगति का स्वागत करते हुए आग्रह किया है कि भूमि की विकास योजना में क्वांटम कंप्यूटिंग, एआई लाइटहाउस, स्मार्ट इंडस्ट्रीज, रिसर्च और उच्च कौशल रोजगार को प्राथमिकता मिले। अभियान के फाउंडर और क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक के अनुसार, राजधानी की वैज्ञानिक प्रतिभा और औद्योगिक क्षमताओं को साथ लाने पर इसका लाभ पूरे क्षेत्र को मिल सकता है।

2200 एकड़ भूमि पर एआई लाइटहाउस और स्मार्ट इंडस्ट्रीज की विस्तृत परिकल्पना प्रस्तुत की

मीक ने बताया कि जीआईएस–2025 से पहले मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत 'कमाल का भोपाल' अभियान की रिपोर्ट में भेल की अतिरिक्त भूमि के पुनर्पयोग, आधुनिक उद्योगों, रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट का आधार रखा गया था। क्रेडाई के अभ्यावेदनों में लगातार लगभग 2200 एकड़ भूमि पर एआई लाइटहाउस और स्मार्ट इंडस्ट्रीज की विस्तृत परिकल्पना प्रस्तुत की गई है। उन्होंने कहा कि भौंरी में प्रस्तावित नॉलेज एंड एआई सिटी 'इकाई' की पहल के बाद भेल भूमि के विषय में प्रगति 'कमाल का भोपाल' अभियान की निरंतर पैरवी की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार, उच्चस्तरीय शासन–प्रशासन, भेल प्रबंधन और सहयोगी जनप्रतिनिधियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

एआई की दुनिया को भोपाल की इंजीनियरिंग की जरूरत होगी

एआई के पीछे सर्वर, बिजली, कूलिंग और उपकरणों की विशाल व्यवस्था काम करती है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के अनुसार, दुनिया के डेटा सेंटरों की बिजली खपत 2025 के लगभग 485 टेरावॉट-घंटे से बढ़कर 2030 में लगभग 950 टेरावॉट-घंटे हो सकती है। यह बढ़ती जरूरत पावर सिस्टम और ऊर्जा दक्ष उपकरणों के लिए भी अवसर पैदा करती है।

भोपाल के पास इस क्षेत्र का औद्योगिक अनुभव है। भेल की ट्रांसफॉर्मर, मोटर, स्विचगियर और कंट्रोल सिस्टम संबंधी इंजीनियरिंग तथा परीक्षण क्षमताओं को नए उत्पादों और उद्यमों से जोड़ने की संभावना है। मीक के अनुसार, राजधानी एआई सॉफ्टवेयर के साथ उसे चलाने वाले औद्योगिक उपकरणों की अर्थव्यवस्था में भी अपनी भूमिका तलाश सकती है।

लैब से बाजार तक पहुंचने का आधार मौजूद

राजधानी में सीएसआईआर–एम्प्री में उद्योगों के लिए मेटल 3डी प्रिंटिंग और परीक्षण की शुल्क आधारित सुविधाएं हैं। सिपेट में डिजाइन, टूलिंग और उत्पाद परीक्षण का आधार है। आईसर भोपाल में माइक्रोफैब्रिकेशन और मेडिकल इमेजिंग में एआई पर शोध हो रहा है; उसका इनक्यूबेशन केंद्र बाहरी उद्यमियों को भी अवसर देता है। अचारपुरा का आईआरईएल रेयर अर्थ मेटल एंड टाइटेनियम थीम पार्क इस तस्वीर में एक और महत्वपूर्ण कड़ी है। बार्क की तकनीकों पर आधारित पायलट और मिनी प्लांट उद्यमियों को तकनीक समझने और उसके व्यावसायिक उपयोग की तैयारी में सहायता देने के लिए हैं। इन क्षमताओं का महत्व तब बढ़ेगा जब नया उद्यमी अपना विचार लेकर आए और उसे डिजाइन, प्रोटोटाइप, परीक्षण तथा उद्योग में उपयोग तक पहुँचने का स्पष्ट रास्ता मिले।

ऊर्जा, पानी और रहने योग्य शहर की साझा ताकत

कर्क रेखा पर स्थित राजधानी के सौर संसाधन को रिन्यूएबल पावर, स्टोरेज और भरोसेमंद ग्रिड की योजना से जोड़ना होगा। नर्मदा–बेतवा की क्षेत्रीय निकटता दीर्घकालीन जल योजना का महत्वपूर्ण संदर्भ है। उद्योगों और डेटा सेंटरों के लिए उपलब्ध मात्रा, आपूर्ति व्यवस्था, पुनः उपयोग और दक्ष कूलिंग का आकलन साथ होना चाहिए। विशाल झीलें, वन विहार नेशनल पार्क और रातापानी टायगर रिजर्व का परिवेश देश के दिल में स्थित शहर की जीवन-गुणवत्ता को विशिष्ट बनाता है। ग्रीन कवर स्थानीय तापमान को संतुलित करने में सहायक होता है। इस प्राकृतिक संपदा के साथ अच्छे कार्यस्थल, आवास और आवागमन की सुविधा सुकून के शहर भोपाल में प्रतिभा को आकर्षित करने और बनाए रखने का आधार बन सकती है।

युवाओं के विचार, शहर में ही उद्यम बने

भोपाल में रविवार को आयोजित एंथ्रोपिक क्लॉड बिल्ड डे संबंधी विमर्श ने स्थानीय युवाओं की संभावनाओं की ओर ध्यान खींचा है। अभियान का आग्रह है कि ऐसे आयोजनों के उपयोगी विचारों को मेंटर, साझा कंप्यूट, लैब और शुरुआती ग्राहक मिलें। रोजगार की योजना में सॉफ्टवेयर के साथ इलेक्ट्रिक्स मेंटेनेंस, कूलिंग, नेटवर्क, साइबर सिक्योरिटी और मशीन संचालन की स्किल भी शामिल हों। मीक ने कहा कि केव-टू-कोड भोपाल की सृजनशीलता को नए समय से जोड़ने का विचार है। भीमबेटका की अभिव्यक्ति, सांची का बोध, विद्वान राजा भोज की नगर दृष्टि और भेल की इंजीनियरिंग से प्रेरणा लेकर हम ऐसा राजधानी क्षेत्र बना सकते हैं जहां युवा अपने सपनों के लिए घर छोड़ने को मजबूर न हों। उन्होंने भूमि और सुविधाओं का संयुक्त आकलन, चरणबद्ध विश्वस्तरीय मास्टर प्लान का आग्रह किया। परियोजना की प्रगति में निवेश के साथ चालू उद्यम, स्थानीय खरीद, अप्रेंटिसशिप और वास्तविक रोजगार भी मापे जाएं।

भौंरी से मोहासा-बाबई तक जुड़े विकास के अवसर

मीक ने भौंरी की प्रस्तावित 'इकाई', भेल की इंजीनियरिंग, अचारपुरा की मटेरियल टेक्नोलॉजी, गोविंदपुरा-मंडीदीप के उद्योग और मोहासा-बाबई के पावर एवं रिन्यूएबल एनर्जी उपकरण निर्माण को साझा रिसर्च और स्किलिंग से जोड़ने का सुझाव दिया। मशीन खराब होने से पहले संकेत पहचानना, कैमरे से उत्पाद की गुणवत्ता जांचना और उत्पादन में ऊर्जा की बर्बादी घटाना ऐसे उपयोग हैं जिन पर उद्योगों के साथ पायलट शुरू किए जा सकते हैं। स्पेन की सबमर को राज्य की ओर से भविष्य में 1 गीगावॉट तक एआई अनुकूल डेटा सेंटर क्षमता के उद्देश्य से दिया गया आशय-पत्र भी निवेश संवाद का महत्वपूर्ण संदर्भ है।

समाधान दूसरे शहरों के लिए भी उपयोगी बन सकते हैं

राजधानी में सरकारी विभागों की उपस्थिति एआई उद्यमों के लिए उपयोग के अवसर पैदा कर सकती है। राज्य की घोषणाओं में भोपाल का एआई एक्सेलरेटर, गवर्नेंस सैंडबॉक्स और राज्य डेटा सेंटर के डिजिटल ट्विन का समझौता शामिल हैं। शहरी सेवाओं, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और पर्यटन की वास्तविक समस्याओं पर सीमित, मापनीय पायलट स्थानीय प्रतिभा को काम दे सकते हैं। सफल समाधान आगे दूसरे शहरों के लिए भी उपयोगी बन सकते हैं।

दो दिन से टैंकर भी नहीं पहुंचे, बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान रहे लोग

मेट्रो की खुदाई में टूटी पाइपलाइन चार हजार घरों की पानी सप्लाई ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पुराने शहर के करोंद-हाउसिंग बोर्ड और आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले करीब 4 हजार परिवार पिछले दो दिन से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। मेट्रो निर्माण के दौरान पाइपलाइन में आए फॉल्ट के कारण क्षेत्र में जलप्रदाय पूरी तरह प्रभावित हो गया। नलों में पानी नहीं आने से लोगों को पीने के पानी से लेकर नहाने, खाना बनाने और अन्य घरेलू कामों के लिए परेशानी उठानी पड़ी। सबसे बड़ी समस्या यह रही कि निगम की ओर से टैंकरों की व्यवस्था किए जाने के बावजूद जरूरत के मुताबिक पानी नहीं पहुंच सका।

नगर निगम बोला- शाम तक बहाल होगा जलप्रदाय

करोंद-हाउसिंग बोर्ड, आसपास की कॉलोनियों में जलसंकट

दो दिन से पानी नहीं आने के कारण परिवारों को निजी स्तर पर पानी लेना पड़ा

पाइपलाइन की मरम्मत करते मजदूर।

दो दिन से पानी नहीं आने के कारण कई परिवारों को निजी स्तर पर पानी की व्यवस्था करनी पड़ी। कुछ लोग आसपास के क्षेत्रों से पानी लेकर आए तो कई परिवार टैंकर आने का इंतजार करते रहे। रहवासियों का कहना है कि जब मेट्रो निर्माण के कारण पाइपलाइन प्रभावित होती है, तो निगम को पहले से वैकल्पिक जल व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि हजारों परिवारों को परेशानी न उठानी पड़े।

निर्माण के दौरान बार-बार फॉल्ट से बढ़ी परेशानी

रहवासियों का कहना है कि मेट्रो निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। एक बार फॉल्ट होने के बाद हजारों घरों की सप्लाई प्रभावित हो जाती है। इससे सवाल उठ रहा है कि करोड़ों रुपए के मेट्रो निर्माण के बीच शहर की मौजूदा जलापूर्ति लाइन की सुरक्षा को लेकर एजेंसियों के बीच समन्वय कितना है।

निगम का दावा था, शाम तक बहाल होगा पानी

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन में आए फॉल्ट को ठीक करने का काम जारी है। मरम्मत पूरी होने के बाद रविवार शाम तक जलप्रदाय बहाल करने का दावा किया गया। हालांकि, दो दिन से पानी के लिए परेशान रहवासियों को अब सिर्फ सप्लाई बहाल होने का इंतजार देर रात करते रहे।

लिफ्टों की सुरक्षा में अव्यवस्था पर होटल की 3 लिफ्ट सील

होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियेट की लिफ्ट में फंसी महिला, निगम की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रविवार को होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियेट की लिफ्ट में एक महिला फंस गई। लिफ्ट में फंसी होने के कारण महिला को घुटन व गर्मी से काफी परेशानी हुई। घटना की सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर लिफ्ट में फंसी महिला को बाहर निकाला।

इसके बाद नगर निगम ने होटल की लिफ्टों के संधारण, फूड लाइसेंस, फायर सेफ्टी आदि से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। लिफ्ट में ऑटोमेटिक रेस्क्यू डिवाइस (एआरडी) एवं मासिक संधारण के अलावा फायर सेफ्टी की व्यवस्थाएं नाकाफी होने पर नगर निगम ने होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियेट की 3 लिफ्टों को अस्थाई रूप से सील कर दिया।

निगम के अनुसार पूर्व में भी होटल का निरीक्षण कर निर्धारित मानकों अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए नोटिस दिए गए थे। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अमला बहुमंजिला इमारतों, होटलों, अस्पतालों आदि भवन की लिफ्टों का शीघ्र ही निरीक्षण करेगा।

होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियेट में सील की गई लिफ्ट।

अग्नि सुरक्षा उपकरणों व फूड लाइसेंस की जांच की



रविवार को निगम के फायर कंट्रोल रूम पर सूचना प्राप्त हुई कि होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियेट की लिफ्ट में एक महिला फंस गई है। सूचना पर निगम के फायर ब्रिगेड, विद्युत, स्वास्थ्य अमला तत्काल होटल पहुंचा और त्वरित गति से कार्रवाई कर लिफ्ट में फंसी महिला को बाहर निकाला। निगम अमले ने लिफ्ट एवं उससे संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच में पाया गया कि होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियेट की लिफ्टों में एआरडी नहीं पाया गया और लिफ्टों का मासिक संधारण भी नहीं किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि पिछली निर्धारित तिथि 31 अगस्त 2026 को भी मासिक संधारण कार्य नहीं किया गया। इसके अलावा निगम अमले ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों व निर्गम द्वारों आदि की भी जांच की जिसमें अग्नि सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं पाई गई।

बहुमंजिला इमारतों, होटलों, अस्पतालों की लिफ्टों का नगर निगम करेगा निरीक्षण

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर शीघ्र ही नगर निगम के दल शहर की बहुमंजिला इमारतों, होटलों, अस्पतालों आदि में लिफ्टों का निरीक्षण करेंगे और लिफ्टों के निर्धारित तिथि अनुसार संधारण/जांच आदि संबंधी दस्तावेजों की जांच करेंगे। निर्धारित मानकों अनुसार व्यवस्थाएं न पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम ने लिफ्टों का संधारण एवं रख-रखाव शीघ्रता से सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं।

कार्रवाई करता निगम का अमला।

जोन-2 में देर रात चली कॉम्बिंग गश्त

11 स्थाई और 9 गिरफ्तारी वारंट तामील, अठारह वारंटी गिरफ्तार

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए जोन 2 में पुलिस ने 19-20 सितंबर की दरमियानी रात कॉम्बिंग गश्त चलाकर बड़ी कार्रवाई की। थाना कोलार रोड पुलिस की तीन टीमों ने अभियान के दौरान 11 स्थाई और 9 गिरफ्तारी वारंट तामील कर 18 वारंटियों को गिरफ्तार किया।

इनमें शाहपुरा और हबीबगंज थाने के एक-एक स्थाई वारंट भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सुनील टिवडेवाल (58), निवासी सागर होम्स, कोलार रोड को भी गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ थाना कोलार रोड में 7 स्थायी और 2 गिरफ्तारी वारंट जबकि थाना शाहपुरा व हबीबगंज में एक-एक स्थाई वारंट लंबित था।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने क्षेत्र के सूचीबद्ध गुंडा, निगरानी बदमाशों और चाकूबाजों की आकस्मिक चेकिंग भी की तथा उन्हें आवश्यक समझाइश दी। कार्रवाई डीसीपी जोन-4 आदर्शकांत शुक्ला के निर्देशन में की गई। इसमें थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह सोनी और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के कारण लोगों में सुरक्षा के प्रति निश्चिता रही।

ट्रेनिंग से ट्रांसफॉर्मेशन पर एक दिवसीय वेबिनार आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

लोक निर्माण विभाग में लोक निर्माण से लोक कल्याण-ट्रेनिंग से ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन सोमवार को सुबह 10.30 बजे से आईआईटी मुंबई की ओर से किया जाएगा। भोपाल में इस वेबिनार का ऑन लाइन प्रसारण भोपाल स्थित खुशीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज, कलियासोत स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस वेबिनार का शुभारंभ मंत्री लोक निर्माण विभाग राकेश सिंह करेंगे।

इस वेबिनार में लोक निर्माण विभाग के अभियंता अपने अपने जोन मे ऑन लाइन जुड़कर इस बेबिनार का लाभ लेंगे। इस वेबिनार में शामिल होने के लिए प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग आरएल वर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए आईआईटी मुंबई के पूर्व में हुए चार प्रशिक्षण के अनुभवों की प्रस्तुति होगी। इसमें परिक्षेत्र स्तर पर जुड़े अभियंताओं से चर्चा एवं प्रश्नोत्तर शामिल है।

इमामी गेट-रॉयल मार्केट में होटल और दुकानों पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

चिकन फ्राई और खाना पकाने के लिए सड़क किनारे लगाई भट्टियां हटाईं, दोबारा अतिक्रमण पर स्पॉट फाइन की चेतावनी

सड़क पर भट्टी, काउंटर और सामान को लेकर जाने लगी निगम की टीम, तो दुकानदार खुद हटाने लगे अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इमामी गेट चौराहा, रॉयल मार्केट, जीपीओ और हमीदिया अस्पताल के आसपास सड़क किनारे दुकानें लगाने और होटल का सामान बाहर रखने वालों पर कार्रवाई की गई।

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अधिकारी नासिर खान व टीम पहुंची तो कई दुकानों के बाहर रखे काउंटर, भट्टी और खाना पकाने का सामान हटवाया गया। टीम ने दुकानदारों को साफ चेतावनी दी कि सड़क और फुटपाथ को दुकान का हिस्सा बनाकर इस्तेमाल न करें।

सड़क किनारे ही चल रही थी रसोई

रॉयल मार्केट क्षेत्र में कुछ होटल और खाने-पीने की दुकानों के बाहर सड़क के पास ही भट्टी लगाकर चिकन फ्राई करने, रोटी बनाने और अन्य खाद्य सामग्री पकाने की व्यवस्था की गई थी। इससे सड़क के किनारे धुआं फैल रहा था। राहगीरों को इसी रास्ते से निकलना पड़ रहा था।

धार्मिक आयोजनों के दौरान भी बढ़ती है परेशानी

इमामी गेट और रॉयल मार्केट क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों के दौरान सड़क और आसपास झांकियां भी लगती हैं। स्थानीय लोगों ने खुले में मांसाहारी खाद्य सामग्री पकाने और बेचने को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि ऐसे समय में प्रशासन को सार्वजनिक स्थानों पर नियमों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

मालवीय नगर में बड़ा काउंटर जब्त

सायंकालीन अतिक्रमण टीम ने पुलिस के साथ मालवीय नगर में वाइन शॉप के पास भी कार्रवाई की। यहां सड़क किनारे लगाया गया बड़ा काउंटर जब्त किया गया। टीम ने संबंधित लोगों को सार्वजनिक स्थान पर सामान रखकर रास्ता बाधित नहीं करने की समझाइश दी। अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान ने कहा कि सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। होटल और दुकान संचालकों को अपनी निर्धारित सीमा में ही कारोबार करने के निर्देश दिए गए हैं।

जैकेट का शेष

जन्म आधारित भेदभाव...

बाद उठकर आया। हर संघर्ष का उसने सामना किया है। उसको छोड़कर आगे बढ़ने के लिए, संस्कृति की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए यहां के महानुभावों ने निरंतर एक अविनाशी, मृत्युंजय समाज के रूप में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत के परम वैभव के ध्येय को लेकर कार्य कर रहा है। यह यात्रा किसी एक उपलब्धि पर समाप्त होने वाली यात्रा नहीं है। समाज संगठन और व्यक्ति के चरित्र निर्माण का कार्य निरंतर चलता रहने वाला है। होसबाले ने रामायण में हनुमान जी और जामवंत का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कभी-कभी व्यक्ति अपनी शक्ति को भूल जाता है। बचपन में सूर्य को फल समझकर उसकी ओर छलांग लगाने की कथा का स्मरण कराते हुए जामवंत ने उन्हें उनकी क्षमता का बोध कराया और इसके बाद हनुमान जी ने समुद्र लांघा। हिंदू समाज भी कई बार अपनी शक्ति और सामर्थ्य को भूल जाता है। ऐसे समय समाज के भीतर से कोई महापुरुष, कोई विचार या कोई संगठन उसे उसकी शक्ति का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना के समय इसी प्रकार समाज की अंतर्निहित शक्ति को जागृत करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब समाज अपनी शक्ति पहचान लेता है तो असंभव दिखाई देने वाले कार्य भी संभव होने लगते हैं और असाध्य दिखाई देने वाले लक्ष्य साध्य बन सकते हैं।

संघ समाज से...

कि संघ का उद्देश्य किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। व्यक्ति निर्माण से समाज संगठन और समाज संगठन से राष्ट्र निर्माण की यात्रा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

हम मिलकर काम....

शबरी की कुटिया में जाकर उसके जूठे बेर खाते हैं, फिर हम जाति के नाम पर भेदभाव कैसे कर सकते हैं। जाति के नाम पर होने वाला किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार समाज को कमजोर और दुर्बल करता है।

हम संकल्प लें ...

उपदेश से नहीं होगा, बल्कि अपने आचरण से बदलाव लाना होगा। देश के लिए कार्य करना है, यह कार्य जो है, यह हर बस्ती में, हर गांव में होना चाहिए। महामना मदन मोहन मालवीय ने काशी में हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की, गंगा सभा की स्थापना की, बहुत सारे स्वतंत्रता आंदोलन में कार्य किया, उन्होंने एक जगह पर बताया है, ग्रामे ग्रामे सभा कार्या, ग्रामे ग्रामे कथा शुभा। पाठशाला मल्लशाला, प्रतिपर्व महोत्सवः। गांव-गांव में लोग इकट्ठे आने चाहिए। चिंतन करना चाहिए अपने गांव के बारे में, अपनी बस्ती के बारे में, अपने मोहल्ले के बारे में। यहां क्या आवश्यक है, हमको क्या करना चाहिए। केवल शासन से, प्रशासन से, बाकी लोग करते हैं ऐसा नहीं, हर गांव के, हर बस्ती के लोगों को एक जिम्मेदारी है, एक दायित्व है। ग्रामे ग्रामे कथा शुभा ऐसे शुभ देने वाले, संस्कार देने वाले बातों की चर्चा होनी चाहिए, सीखना चाहिए, हर पीढ़ी को करना चाहिए।

हमारी पीढ़ी के...

बनाने की बात कही। उन्होने कहा कि हमारी आगामी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है।

अंतिम व्यक्ति तक ...

निर्धारित नहीं होती, बल्कि उसके नागरिकों के चरित्र, सामाजिक एकता, कर्तव्यबोध और परस्पर सहयोग से भी निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के अवसर पहुंचें और प्रत्येक नागरिक स्वयं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का सहभागी समझे। साथ ही समाज के सामने रखे गए पंचपरिवर्तन के विषयों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने सामाजिक समरसता, परिवार और संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता तथा नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों को समाज के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

दोपहर 3:30 से ...

समाजजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम दोपहर 3:30 से शाम 6 बजे तक आयोजित हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक योग आसनों के प्रदर्शन से हुआ। इसमें उत्कट आसन,अर्धकटी चक्रासन, अर्धचक्रासन सहित विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद सामूहिक योग प्रदर्शन हुआ, जिसमें 7 प्रकार के योगाभ्यास प्रस्तुत किए गए। शारीरिक अनुशासन और स्वस्थ जीवन के संदेश को रेखांकित करती इन प्रस्तुतियों के बाद संघ के घोष वादकों ने विभिन्न रचनाओं का वादन किया। घोष की प्रस्तुतियों के माध्यम से मैदान में स्वस्तिक तथा संघ के शताब्दी वर्ष के प्रतीक 100 सहित विभिन्न प्रतिकृतियां बनाकर अनुशासित एवं सामूहिक प्रदर्शन किया गया।

'हनुमान अंश' की ...

तरण आदर्श के अनुसार 'हनुमान अंश' को सकारात्मक रिव्यू और दर्शकों की वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिला, जिससे फिल्म की कमाई लगातार बनी रही।

कहा- बाबा का....

जब उन्हें इसके लिए सही समय महसूस होगा। रागिनी सोना ने बताया कि बाद में गिरिजा जी ने 'हनुमान अंश' करीब 15 बार देखी। खास बात यह रही कि उन्होंने फिल्म जितनी बार देखी, हर बार उनकी आंखों में आंसू आ गए।

पेज एक का शेष....

अंसारी बोले- असली ...

कहा कि इसी प्रस्तावना में नूरानी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उन टिप्पणियों का जिक्र किया था, जिन्हें पूर्व विदेश सचिव जगत सिंह गुंडेविया ने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की एक बैठक के संदर्भ में दर्ज किया था। अंसारी के अनुसार नेहरू ने उस बैठक में कहा था कि भारत के लिए वास्तविक खतरा कम्युनिज्म नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता है। भाजपा नेता शहनवाज हुसैन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस पर माफी मांगी जानी चाहिए। उनका कहना था कि देश में मुसलमान शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में शांति का माहौल है, इसलिए ऐसे बयानों से बचना चाहिए। वहीं, मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि बंटवारे के बाद भारत ने खुद को धर्मनिरपेक्ष देश के तौर पर आगे बढ़ाया, जहां अलग-अलग धर्मों के लोग साथ रहते हैं। उनके मुताबिक, समाज में दूरी पैदा करने की कोशिश करने वालों की राजनीति सफल नहीं होगी।

यह सोच चुनावी ...

करने की कोशिश करती है और राजनीतिक सत्ता पर एकाधिकार स्थापित करना चाहती है। उनके मुताबिक इस तरह की प्रवृत्तियां नागरिकों के बीच धर्म के आधार पर भेद पैदा करती हैं, असहिष्णुता को बढ़ावा देती हैं और समाज में असुरक्षा तथा बेचैनी का माहौल बनाती हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि इन प्रवृत्तियों के कुछ हालिया उदाहरण चिंताजनक हैं और वे कानून के शासन (रूल ऑफ लॉ) के दावे को कमजोर करते हैं।

कांग्रेस की हिंदू ...

राजनीतिक सोच और उसके नैरेटिव का हिस्सा रही हैं। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ इमाम उमर इलियासी ने आरोप लगाया कि ऐसे बयान मुसलमानों को भड़काकर देश का माहौल खराब करने की कोशिश हैं और संघ प्रमख डॉ. मोहन भागवत के बयानों का हवाला दिया। अंसारी जब सत्ता में और ऊंचे पदों पर थे, तब उन्होंने खुद को सेक्युलर रखा, लेकिन अब उन्हें मुस्लिम समुदाय की याद आ रही है।

सीएम ने गांधी....

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मप्र सरकार चीता संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। यह केवल मप्र ही नहीं, बल्कि एशिया का भी एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि एक समय एशिया से चीते विलुप्त हो गए थे। मप्र में भी इनकी उपस्थिति समाप्त हो गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र की धरती पर एक बार फिर चीते स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। प्रदेश में 56 चीते और उनके शावक मौजूद हैं। चीता संरक्षण की यह उपलब्धि हमारे वन्यजीवों के प्रति जियो और जीने दो की भावना को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह हमारे वन विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है।

स्थानीय लोगों का जीवन बदला: मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल छोड़े गए पावक, प्रभास स्वस्थ हैं। दो दिन पहले ही 4 नए मेहमान हमारे यहां आए हैं। यह 100 साल बाद चीता के जीवन-चक्र को स्थापित करने वाला प्रोजेक्ट है। हमारे विलुप्त प्राणी दोबारा हमारे बीच आ रहे हैं। हमारे यहां जंगली भैंसे भी असम से लाए गए हैं। यह हमारे राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। हमने जब प्रोजेक्ट शुरू किया था, तब स्थानीय ग्रामीण लोगों को कुछ संशय था। लेकिन, फिर स्थितियां ठीक हो गईं। वाइल्डलाइफ सबके सकारात्मक सहयोग से ही चलती है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली को ...

और आसपास के गांवों के रहने वाले हैं। सभी मंदसौर में रेलवे के काम में मजदूरी कर रहे थे। शनिवार रात करीब 11:30 बजे काम खत्म करने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से उज्जैन लौट रहे थे। लखमा खेड़ी फंटे के पास पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रॉली पलट गई और मजदूर सड़क पर जा गिरे। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि हादसे की सूचना रात करीब 12:30 बजे मिली। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

घायल चंचल (18) के पैर में फ्रैक्चर और सिर-चेहरे पर चोटें आई हैं, जबकि नीरू (14) की कमर में फ्रैक्चर हुआ है। शंकर, सविता और सोनू का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

चलती बाइक पर ...

सौंप दिया है। हत्यारे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार इखलास ताशी (21) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा में रहता था और पेंटर था। रविवार सुबह वह अलीम उर्फ अल्लू और अपने साथी के साथ बाइक से मछली पकड़ने जा रहा था। दोस्त बाइक चला रहा था, जबकि इखलास ताशी बीच में बैठा था। अलीम उर्फ अल्लू पीछे बैठा था। तीनों लोगों कॉलोनी में बाइक से निकल रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 7 बजे के आसपास अलीम ने पिस्टल इखलास ताशी की कनपटी पर रखकर फायर कर दिया। फायर होने से गोली उसके सिर को चीरती हुई निकल गई। गोली लगने से झपटाहट हुई और बाइक गिर गई। बाइक गिरने के बाद आरोपी अलीम ने बाइक चला रहे दोस्त को गन पॉइंट पर लिया और उसे लेकर सिंधी मार्केट तक पहुंच गया। सिंधी मार्केट में उसे धमकाते हुए बाइक से उतरकर भाग निकला।

वीडियो बनाकर डार्क ...

पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह केंद्र में ताला लगाकर फरार हो गया। बाद में उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले बर्तन फैक्ट्री में काम करता था। फैक्ट्री बंद होने के बाद उसने खुद को तांत्रिक बताना शुरू किया।

शूटिंग में भारत...

एलावेनिल ने 252.4 अंक हासिल किए, जबकि ताइची ने 253.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता और एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाया। एलावेनिल का स्कोर स्वर्ण पदक से महज 0.6 अंक कम रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और टीमवर्क शानदार नतीजे देते हैं। उन्होंने एलावेनिल को व्यक्तिगत रजत पदक जीतने पर भी शुभकामनाएं दीं। शूटिंग के अलावा भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। हॉकी में महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 और पुरुष टीम ने इंडोनेशिया को 13-1 से हराया।

बारिश और पहाड़ों ...

संभावना है कि 20 अक्टूबर के आसपास से गुलाबी सर्दी का अहसास शुरू हो जाएगा। वर्तमान में मानसूनी हवाएं अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से बदलकर उत्तरी होंगी, जिससे सर्दी का आगाज हो जाएगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस बार भी तेज सर्दी के दिन पिछले साल के लगभग ही रहेंगे, लेकिन गुलाबी सर्दी कुछ पहले शुरू हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 3 से 4 दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। अधिकांश जिलों में कहीं कहीं बादल, बौछारों का दौर रहेगा।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 में मेहमान बनकर पहुंचे सिद्धार्थ और तमन्ना

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' खूब चर्चा में है। शो के दूसरे हफ्ते के वीकएंड के वार में काफी हंगामा रहा। मेकर्स ने शो के कुछ नए प्रोमो जारी किए हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि शो में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया आए हैं। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन किया है। वहीं, दूसरे प्रोमो में सलमान खान ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी प्रतिभागी घबरा गए हैं। नए प्रोमो में सलमान खान प्रतिभागियों से कहते हैं कि कोई खास आया है आपसे मिलने। इसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया सलमान खान के साथ डांस करते नजर हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं 'मेरी नई फिल्म 'द वन' आ रही है। इस वन में रात को जाना वर्जित है क्योंकि वहां पर कुछ रहस्य हैं।' इसके बाद सलमान खान पूछते हैं 'रहस्य कब खोल रहे हैं?' इस पर तमन्ना भाटिया जवाब देती हैं '25 सितंबर को रहस्य बाहर आ जाएगा। क्या आपको पता है कि पूरे सोशल मीडिया पर बिग बॉस की बातें हो रही हैं।' इस बीच तमन्ना भाटिया, काजी तौकीर से कहती हैं कि मैं तुमसे वो हुक स्टेप सीखना चाहती हूं। फिर काजी अपना हुक स्टेप करके दिखाते हैं। एक दूसरे शो में सलमान खान यंग डीएसए को बुलाते हैं। इसके बाद ऐसा लगता है कि उनके सीने में जोर का दर्द होने लगा है। सलमान खान अपना सीना पकड़कर जमीन पर गिर जाते हैं। सभी प्रतिभागी उन्हें देखकर डर जाते हैं। जमीन पर लेटे-लेटे सलमान खान काजी तौकीर से कहते हैं 'तौकीर ये मैं जो कर रहा हूं, वो तुम करते हो। एंटरटेनमेंट के लिए।' इसके बाद सलमान खान हंसने लगते हैं। इसके बाद सलमान खान कहते हैं कि एक्टिंग के हिसाब से तौकीर ने बहुत सही किया है।

गौरव ने सुनाया किस्सा, बिग बी लगे मुस्कुराने

नई दिल्ली। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में हाल ही में कुछ ऐसा हुआ, जिसने अमिताभ बच्चन और शो में मौजूद सभी लोगों को हंसा दिया। दरअसल, शो में कॉमेडियन गौरव गुप्ता और गौरव कपूर के साथ गीतकार और लेखक वरुण ग्रोवर खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस दौरान 'सूर्यवंशम'की मशहूर खीर का जिक्र हुआ और गौरव कपूर ने ऐसा मजेदार किस्सा सुनाया कि अमिताभ बच्चन भी मुस्कुराने लगे। हालांकि, इस एपिसोड में सिर्फ सूर्यवंशम की खीर का ही जिक्र नहीं हुआ।

कॉमेडियन्स ने अमिताभ बच्चन की फिल्म'शोले से जुड़ी याद भी ताजा कर दी। तीनों ने अमिताभ बच्चन से उनका मशहूर डायलॉग, 'तुम्हारा नाम क्या है, बसंती?' बोलने को भी कहा। एपिसोड में गौरव गुप्ता, गौरव कपूर और वरुण ग्रोवर खास मेहमान के तौर पर नजर आए। तीनों ने अमिताभ बच्चन के साथ क्विज खेला और इस दौरान खूब मस्ती भी की। इस बीच अमिताभ बच्चन ने तीनों से एक वादा किया था। उन्होंने कहा था कि अगर वे सभी 10 सवालों के सही जवाब दे देते हैं तो वह उन्हें अपने घर पर डिनर के लिए बुलाएंगे। बस फिर क्या था, गौरव गुप्ता ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'सूर्यवंशम' की मशहूर खीर का जिक्र कर दिया। उन्होंने मजाक में अमिताभ से पूछा कि क्या डिनर में खीर भी मिलेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
प्लॉट मात्र 16 लाख में
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप मो. 8962979924, 9755905247

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंजिल पुरानी कब्जियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

बेचना है
बेचना है- सकरी हाईवे रोड से 50मी. गायत्री मन्दिर के सामने सर्वसुविधायुक्त पूर्ण विकसित कॉलोनी प्लॉट साईज 252×53= 13356 वर्गफुट डायवर्टेड आवासीय नार्थ फेस 2/3 टुकड़ों में बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268
02/09/26 to 05/10/26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644

राशिफल

मेष — आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जहां आपका नेतृत्व कौशल चमकेगा।

वृष — आज स्थिरता और संतुलन का दिन रहेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें, अनावश्यक खर्च से बचें। बातचीत से समस्याएं हल होंगी।

मिथुन — आज अवसरों और रचनात्मकता से भरा दिन है। संचार कौशल बढ़ेगा, नए विचारों से करियर में तरक्की संभव। उत्साह बनाए रखें।

कर्क — आज भावनात्मक संतुलन और आत्म-निरीक्षण का दिन रहेगा। परिवार में खुशियां रहेंगी, लेकिन कार्यस्थल पर दबाव हो सकता है।

सिंह — आज ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा दिन है। करियर में सफलता के नए अवसर मिल सकते हैं, नेतृत्व क्षमता चमकेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

कन्या — आज व्यावहारिकता और मेहनत का दिन रहेगा। कार्यस्थल पर पुराने काम पूरे होंगे, लेकिन नई योजनाओं में सावधानी बरतें।

तुला — आज संतुलन और रिश्तों पर फोकस रहेगा। प्रेम और वैवाहिक जीवन में गहराई आएगी, लेकिन छोटी बातों पर ध्यान दें। करियर में टीम वर्क फायदेमंद होगा।

वृश्चिक — आज गहनता और परिवर्तन का दिन है। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक मुद्दे हल होंगे।

धनु — आज साहस और नई शुरुआत का दिन रहेगा। यात्रा या शिक्षा से जुड़े काम फायदेमंद होंगे। करियर में प्रगति संभव। परिवार में खुशियां रहेंगी।

मकर — आज अनुशासन और मेहनत का दिन है। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में देरी हो सकती है। परिवार में शांति बनी रहेगी।

कुंभ — आज नवीन विचारों और सामाजिक गतिविधियों का दिन रहेगा। दोस्तों और नेटवर्क से फायदा हो सकता है। करियर में रचनात्मकता दिखाएं।

मीन — आज आध्यात्मिकता और आत्म-चिंतन का दिन है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, योग-ध्यान लाभकारी रहेगा। करियर में छोटे बदलाव फायदेमंद।

शब्द पहेली - 6354

बाएँ से दाएँ
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

ऊपर से नीचे
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली- 6353 का हल

■	म	हा	भा	र	त	■	प	र	वा	ना
त	न	■	स्क	■	मा	हि	र	■	र	ग
न	■	त	र	क	श	■	ख	र	■	वा
ब	न्ध	क	■	■	बी	वी	■	न	ज	र
द	■	दी	■	दा	न	■	फां	■	ल	■
न	ज	र	बं	द	■	न	सी	ब	वा	ला
■	रु	■	दी	■	म	न	■	च	■	प
श	री	र	■	जां	हा	■	■	प	गा	र
ग	■	न	म	■	सा	ग	वा	न	■	वा
फ	ल	■	स	ज	ग	■	च	■	आ	ह
त	क्ष	शि	ला	■	र	द	क	र	ना	■

सूडोकु नवताल - 6364

★★★★☆ कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6363 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

खबर संक्षेप

कैप्टन पॉलीप्लास्ट को मिला 47 करोड़ का ऑर्डर

राजकोट। कैप्टन पॉलीप्लास्ट लिमिटेड को महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेडसे पीएम-कुसुम योजना के तहत 2,000 सोलर पंपों की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। कंपनी के मुताबिक, ऑर्डर का कुल मूल्य जीएसटी सहित 47 करोड़ रुपए है। कंपनी ने बताया कि यह ऑर्डर सोलर ईपीसी कारोबार में उसकी स्थिति मजबूत करने के साथ ऑर्डर बुक को बेहतर दृश्यता देगा। पीएम-कुसुम योजना के तहत सोलर पंपिंग समाधान के क्षेत्र में कंपनी की मौजूदगी बढ़ाने में भी इससे मदद मिलेगी। कैप्टन पॉलीप्लास्ट माइक्रो इरिगेशन समाधान के निर्माण और निर्यात के साथ सोलर ईपीसी कारोबार में भी सक्रिय है।

सैमसंग ने किया वन यूपी 9 का रोलआउट

गुरुग्राम। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने वन यूपी 9 का आधिकारिक रोलआउट शुरू कर दिया है। कंपनी के अनुसार, अपडेट सबसे पहले गैलेक्सी एस26, एस26+ और एस26 अल्ट्रा पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे पहले वन यूपी 9 को गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, फोल्ड8 और फ्लिप 8के साथ पेश किया गया था। नए अपडेट में गैलेक्सी एआई को बेहतर किया गया है। इसमें यूजर्स के लिए कंटेंट बनाने, जानकारी समझने और रोजमर्रा के काम आसान करने वाले कई नए फीचर्स शामिल हैं।मेरा फैनकैम वीडियो में चुने गए व्यक्ति को ऑटोमैटिक तरीके से ट्रैक कर उसे फ्रेम में बनाए रखने में मदद करता है। अब संक्षेप में में नए जनरेटिव और एडिटेबल कार्ड जोड़े गए हैं।

अमेजन नाउ ने किया 1 अरब डॉलर पार

बेंगलुरु। अमेजन की अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी सेवा अमेजन नाउ ने भारत में नया मुकाम हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, अमेजन नाउ ने पिछले तीन महीनों में 1 बिलियन डॉलर यानी करीब 8,000 करोड़ रुपए के वार्षिकीकृत सकल बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। लांच के बाद से हर तिमाही इसके ऑर्डर दोगुने हुए हैं। कंपनी ने इसे अमेजन इंडिया के इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ने वाला ई-कॉमर्स बिजनेस यूनिट बताया है। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर समीर कुमार ने कहा कि बहुत कम समय में अमेजन नाउ ने 1 बिलियन डॉलर के वार्षिकीकृत सकल बिक्री का आंकड़ा पार किया है।

टेक्नोलॉजी एंड एडॉप्शन वर्कशॉप का आयोजन

मुंबई। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च-सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट , लखनऊ के सहयोग से अहमदाबाद स्थित ईडीआईआई परिसर में टेक्नोलॉजी शोकेस एंड एडॉप्शन वर्कशॉप का आयोजन किया। इनोवेशन से एंटरप्राइज तक गुजरात के फार्मा एमएसएमई को टेक्नोलॉजी से जोड़ना विषय पर आयोजित इस एक दिवसीय वर्कशॉप में फार्मास्युटिकल एमएसएमई के सामने फॉर्म्युलेशन की गुणवत्ता, प्रोडक्ट टेस्टिंग, नियामक अनुपालन और एडवांस्ड ड्रग-डिलीवरी टेक्नोलॉजी तक पहुंच जैसे क्षेत्रों में आने वाली प्रमुख चुनौतियों के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया।

'यूनियन सृजन' पुरस्कार में प्रथम स्थान

मुंबई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की हिंदी गृह पत्रिका 'यूनियन सृजन' को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 'ख' भाषाई क्षेत्र में गृह पत्रिकाओं की श्रेणी में राजभाषा कीर्ति पुरस्कार का प्रथम पुरस्कार मिला है। सम्मान गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से नवी मुंबई के सिडको एक्जिबिशन सेंटर में आयोजित छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में दिया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह पुरस्कार बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष पाण्डेय को प्रदान किया। सम्मेलन में बैंक की 'विविध आयाम' श्रृंखला की पुस्तक 'कारोबार सर्वोपरि, अनुपालन निरंतर' का विमोचन भी हुआ

तीन दिवसीय एक्सपो में आधुनिक मशीनरी, तकनीक से होंगे रूबरू

मप्र के '25 एमएसएमई' मुंबई वुड एक्सपो में शामिल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को राष्ट्रीय बाजार, आधुनिक तकनीक और उद्योग के बदलते रुझानों से जोड़ने के उद्देश्य से रैम्प योजना के तहत मुंबई में तीन दिवसीय वुड एक्सपो आयोजित किया गया है।

इसमें प्रदेश के करीब 25 एमएसएमई हिस्सा लेंगे। मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को सांसद आलोक शर्मा ने चंदन तिलक लगाकर भोपाल से रवाना किया। वुड एक्सपो 19 से शुरू होकर 21 सितंबर 2026 तक चलेगा। रैम्प टीम, एमपीएलयूएन की ओर से उद्योग भागीदार टीसी एमएसएमई के सहयोग से आयोजित इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य प्रदेश के उद्यमियों को वुड और फर्नीचर उद्योग में इस्तेमाल हो रही नवीनतम तकनीक, मशीनरी, उत्पादों और कारोबारी अवसरों से परिचित कराना है।

उद्योग भागीदार टीसी एमएसएमई के सहयोग से आयोजित

उद्योग प्रतिनिधियों को विशेषज्ञों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा

सांसद आलोक शर्मा ने चंदन तिलक लगाकर भोपाल से रवाना किया

रैंप योजना के तहत यह पहल

एक्सपो में प्रदेश के उद्यमियों को देशभर से आए उद्योग प्रतिनिधियों, निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं और विशेषज्ञों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा। वे वुड प्रोसेसिंग, फर्नीचर निर्माण, आधुनिक मशीनरी, कच्चे माल और नई उत्पादन तकनीकों की जानकारी हासिल कर सकेंगे। इस पहल से एमएसएमई को तकनीकी उन्नयन, उत्पादन क्षमता बढ़ाने और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के साथ नए बाजार रुझानों को समझने में मदद मिलेगी। साथ ही संभावित कारोबारी साझेदारियां और नए बाजार संपर्क विकसित करने के अवसर भी मिलेंगे। रैम्प योजना के तहत यह पहल प्रदेश के एमएसएमई को तकनीक, नवाचार, बाजार और उद्योग नेटवर्किंग से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

एआईसीपीडीएफ और भोपाल डीलर एसोसिएशन ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र

पीएम मोदी से किया हस्तक्षेप का आग्रह यूपीआई पर जीरो एमडीआर की मांग की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- संगठनों ने यूपीआई प्राप्ति सीमा से जुड़े नियमों पर स्पष्टता मांगी
- लेनदेन पर किसी प्रकार का पूर्वव्यापी एमडीआर न लगाया जाए

ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन (एआईसीपीडीएफ) और भोपाल डीलर एसोसिएशन (एफएमसीजी) ने यूपीआई के चुनिंदा मर्चेंट लेनदेन पर लागू होने वाले नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) का विरोध किया है। संगठनों ने प्रधानमंत्री से व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और व्यापारियों के लिए यूपीआई को जीरो-एमडीआर बनाए रखने का आग्रह किया है। एआईसीपीडीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धैर्यशील एच. पाटील और भोपाल डीलर एसोसिएशन (एफएमसीजी) अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहा कि यूपीआई भारत की महत्वपूर्ण डिजिटल उपलब्धियों में से एक है और इसकी सफलता कम लागत, आसान उपयोग तथा व्यापक स्वीकार्यता पर आधारित रही है। लाखों व्यापारियों ने क्यूआर कोड, स्मार्टफोन और डिजिटल भुगतान व्यवस्था अपनाकर यूपीआई के विस्तार में योगदान दिया है।

एफएमसीजी क्षेत्र में 0.4 फीसदी एमडीआर को लेकर चिंता

पदाधिकारियोंने कहा कि एफएमसीजी रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन कारोबार कम मार्जिन पर चलता है। व्यापारियों को किराया, कर्मचारियों का खर्च, बिजली, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, कार्यशील पूंजी, एक्सपायरी, डैमेज, चोरी, क्रेडिट रिस्क तथा ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स से बढ़ती प्रतिस्पर्धा जैसी लागतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे कारोबार में 0.4 फीसदी एमडीआर अतिरिक्त लागत का दबाव बढ़ा सकता है। यह भी सवाल उठाया है कि जिन निर्धारित क्षेत्रों में 5 फीसदी का फ्लैटएमडीआर प्रावधान किया गया है, उनमें एफएमसीजी रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन को भी शामिल करने पर विचार क्यों नहीं किया गया। नए ढांचे में रेलवे, ईंधन, टेलीकॉम, बीमा, यूटिलिटी बिल, टैक्स भुगतान और कुछ अन्य निर्धारित श्रेणियों के लिए 2,000 रुपए से अधिक के लेनदेन पर अलग फ्लैट एमडीआर प्रावधान है।

बी2बी एफएमसीजी भुगतान को एमडीआर से बाहर रखने की मांग

भोपाल डीलर एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहा कि रिटेलर-टू-डिस्ट्रीब्यूटर और डिस्ट्रीब्यूटर-टू-एफएमसीजी कंपनी के बीच होने वाले यूपीआई भुगतान को बी2बी कमर्शियल सेटलमेंट के तहत एमडीआर से बाहर रखने की मांग की है। वितरक पहले से ही माल की आपूर्ति, क्रेडिट, इन्वेंटरी, डिलीवरी और भुगतान वसूली से जुड़े जोखिम उठाते हैं। संगठन का तर्क है कि सप्लाई चेन के अलग-अलग स्तरों पर डिजिटल भुगतान शुल्क से कारोबारी लेनदेन की लागत बढ़ सकती है।

नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) का विरोध

उन्होंने कहाकि छोटे व्यापारियों के लिए 1 लाख रुपए की मासिक यूपीआई प्राप्ति सीमा से जुड़े नियमों पर भी स्पष्टता मांगी है। सरकारी स्पष्टीकरण के अनुसार पी2पीएम श्रेणी में यूपीआई क्यूआर के माध्यम से प्रति माह 1 लाख रुपए तक भुगतान प्राप्त करने वाले छोटे व्यापारियों, जिनमें स्ट्रीट वेंडर भी शामिल हैं, को जीरो एमडीआर का लाभ जारी रहेगा। सरकार स्पष्ट करे कि निर्धारित सीमा पार होने की स्थिति में एमडीआर किस आधार पर लागू होगा और सीमा से पहले किए गए लेनदेन पर किसी प्रकार का पूर्वव्यापी एमडीआर न लगाया जाए।

भार केवल व्यापारियों पर नहीं डाला जाना चाहिए

एआईसीपीडीएफ के पाटील ने कहा कि व्यापारी पहले ही डिजिटल भुगतान के साथ-साथ नकद लेनदेन से जुड़ी हैंडलिंग, कलेक्शन और बैंकिंग लागत वहन करते हैं। फेडरेशन के अनुसार अतिरिक्त एमडीआर से छोटे और कम-मार्जिन वाले कारोबारियों पर भुगतान संबंधी लागत बढ़ सकती है। यूपीआई का उद्देश्य भुगतान को आसान और किफायती बनाना है तथा डिजिटल भुगतान व्यवस्था की लागत का भार केवल व्यापारियों पर नहीं डाला जाना चाहिए।

पेट्रोल पंपों पर 2 हजार तक एमडीआर शून्य, इससे अधिक पर सिर्फ 5 रु. चार्ज

पेट्रोल पंपों पर यूपीआई के जरिए ईंधन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए भुगतान पहले की तरह मुफ्त रहेगा। वहीं, पेट्रोल पंप संचालकों के लिए यूपीआई भुगतान स्वीकार करने पर विशेष रियायती एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत 2,000 रुपए तक के ईंधन भुगतान पर कोई एमडीआर नहीं देना होगा, जबकि 2,000 रुपए से अधिक के भुगतान पर भी पेट्रोल पंप संचालक को अधिकतम 5 रुपए का तय एमडीआर देना होगा। नई व्यवस्था के अनुसार, यदि ग्राहक यूपीआई के जरिए 2,000 रुपए तक का ईंधन भुगतान करता है, तो पेट्रोल पंप संचालक पर एमडीआर शून्य रहेगा। यानी इस लेन-देन के लिए उसे कोई शुल्क नहीं देना होगा। यदि ईंधन का भुगतान ?2,000 से अधिक है, तो पेट्रोल पंप संचालक को केवल 5 रुपए का तय एमडीआर देना होगा। भुगतान की राशि बढ़ने के बावजूद यह चार्ज 5 रुपए ही रहेगा। उदाहरण के तौर पर 2,500, 5,000 या 10,000 रुपए के ईंधन भुगतान पर भी एमडीआर 5 रुपए ही होगा।

यूनाइट्स ग्लोबल इनोवेशन सोसाइटी का शुभारंभ

वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, उद्यमियों और युवा शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाने की पहल

विशेषज्ञों को एक साथ लाया

स्वदेशी तकनीकों के विकास के लिए बहुविषयक सहयोग की आवश्यकता बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अमरावती

वैश्विक वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, उद्योग जगत, सरकार और युवा शोधकर्ताओं को जटिल चुनौतियों के समाधान के लिए एक साझा मंच पर लाने के उद्देश्य से एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी, अमरावती ने आंध्र प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एपीएससीएचई) के सहयोग से यूनाइट्स ग्लोबल इनोवेशन सोसाइटी का शुभारंभ किया। यह पहल सतत विकास से जुड़े समाधानों के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी।

एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी का अंतरविषयक अनुसंधान केंद्र इस सोसाइटी का संस्थापक और मेजबान संस्थान होगा। यूनाइट्स का मूल सिद्धांत 'समस्याएं पहले, विषय बाद में' है। इसके तहत पारंपरिक विषयगत सीमाओं के बजाय किसी चुनौती के समाधान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाया जाएगा। एपीएससीएचई के प्रभारी अध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सारंगम विजय भास्कर राव ने वैज्ञानिक अनुसंधान, उच्च शिक्षा और समाज के बीच संबंध मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं, सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला के निदेशक और यूनाइट्स ग्लोबल इनोवेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रोफेसर अचंता वेणु गोपाल ने वैज्ञानिक क्षमताओं को व्यावहारिक समाधानों में बदलने और स्वदेशी तकनीकों के विकास के लिए बहुविषयक सहयोग की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर यूनाइट्स 2026 सम्मेलन की घोषणा भी की गई।

यह 27 से 29 दिसंबर 2026 तक एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी में आयोजित होगा। सम्मेलन का विषय 'पदार्थ, प्रकाश और जीवन के अंतर्संबंधों पर भौतिकी' रहेगा। कार्यक्रम में विज्ञान सेतु राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्र, शिक्षक और आम जनता वैज्ञानिक अनुसंधान व उभरती तकनीकों से रूबरू होंगे।

थ्री इन वन टीवी + ओटीटी + वाई-फाई प्लान

जियो होम के 30 और 100 एमबीपीएस प्लान पर 1 साल अमेजन प्राइम लाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जियोहोम ने अपने 30 एमबीपीएस और 100 एमबीपीएस प्लान इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों के लिए एक साल की अमेजन प्राइम लाइट मेंबरशिप मुफ्त देने की घोषणा की है। इसका लाभ जियोहोम के 3-इन-1 टीवी + ओटीटी + वाई-फाई प्लान के नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मिलेगा।

कंपनी ने यह ऑफर जियो के 10 साल पूरे होने के मौके पर पेश किया है। कंपनी के मुताबिक, ऑफर के तहत ग्राहकों को एक साल के लिए अमेजन प्राइम लाइट की सदस्यता मिलेगी। इसमें प्राइम वीडियो पर फिल्मों और वेब शो की सुविधा के साथ अमेजन पर पात्र ऑर्डर की फ्री और फास्ट डिलीवरी का लाभ भी शामिल है। अगले दो सप्ताह में संबंधित प्लान के सभी ग्राहकों तक पहुंच जाएगा। सदस्यता की 12 महीने की अवधि एक्टिवेशन की तारीख से शुरू होगी।

बढ़ा फास्ट चार्जिंग नेटवर्क, ईवी चार्जिंग अब बनी जिंदगी का हिस्सा

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक स्कूटर की बढ़ती मांग के साथ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी तेजी से विस्तार कर रहा है। दैनिक आवागमन के लिए होम चार्जिंग और लंबी दूरी की यात्रा के लिए फास्ट चार्जिंग नेटवर्क ईवी ओनरशिप को आसान बना रहे हैं। अब चार्जिंग को अलग से समय देने के बजाय इसे रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर है। एथर के अनुसार, उसका 900 वॉट का होम चार्जर स्कूटर को करीब तीन घंटे में फुल चार्ज कर सकता है। वहीं, लंबी यात्रा के लिए एथर ग्रिड के तहत देश में 6,000 से अधिक फास्ट चार्जर संचालित हो रहे हैं।

मुंबई की चॉल में ऑटो चलाने वाले पिता का बेटा बनेगा डॉक्टर

नीट यूजी 2026 में 3864वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल कर एमजीएमयू लखनऊ में लिया दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

मुंबई की चॉल में रहकर करीब 20 वर्षों से ऑटो रिक्शा चलाने वाले पिता की मेहनत और बेटे के संघर्ष ने डॉक्टर बनने का सपना साकार कर दिया। जौनपुर जिले की मछली तहसील के देवकीपुर गांव निवासी प्रभात कुमार यादव ने नीट यूजी 2026 में 627 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 3864 प्राप्त की है। प्रभात ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ में दाखिला लिया है। प्रभात के पिता महेंद्र कुमार यादव पिछले दो दशक से मुंबई में ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। परिवार गांव में रहता है, जबकि पिता मुंबई की एक छोटी चॉल में रहकर मेहनत करते हैं। बेटे की सफलता की खबर सुनकर महेंद्र भावुक हो गए। वहीं, प्रभात के दादा इन्द्र बहादुर यादव पोते की उपलब्धि पर खुशी से नाचते नजर आए।

डॉक्टर बनकर गांव और समाज की सेवा करना चाहता है, करीब चार गांवों में खुशी का माहौल

प्रभात ने किए नीट यूजी 2026 में 627 अंक हासिल

50 प्रतिशत फीस में रियायत मिली

प्रभात ने करीब दो वर्षों तक कोटा में एलन करियर इंस्टीट्यूट से नीट की तैयारी की। संस्थान की ओर से उसे 50 प्रतिशत फीस में रियायत मिली, जबकि शेष फीस पिता ने किस्तों में जमा की। रहने-खाने की व्यवस्था में मामा दयाराम यादव ने सहयोग किया ।प्रभात ने पहले प्रयास में 504 अंक हासिल किए थे। इसके बाद तैयारी को मजबूत करते हुए इस बार 627 अंक प्राप्त किए। उसने 10वीं में 89.44 और 12वीं में 83.44 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। प्रभात का कहना है कि परिजनों की मेहनत और कोटा में मिले मार्गदर्शन ने सफलता में अहम भूमिका निभाई। अब वह डॉक्टर बनकर गांव और समाज की सेवा करना चाहता है। उसकी सफलता से देवकीपुर समेत आसपास के करीब चार गांवों में खुशी का माहौल है।

माइक्रोफाइनेंस बाजार में 6 फीसदी हिस्सेदारी

मध्यप्रदेश में 16,183 करोड़ रु. का माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो

4.43 करोड़ सक्रिय उधारकर्ताओं में करीब 92 फीसदी महिलाएं हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में माइक्रोफाइनेंस छोटे कारोबार और स्वरोजगार के लिए ऋण का महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है। हालांकि, मार्च 2026 तक राज्य के माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो में सालाना आधार पर 13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। सिडबी-इक्विफैक्स की माइक्रोफाइनेंस पल्स मार्च 2026 रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश का माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो 16,183 करोड़ रुपए रहा, जो देश के कुल बाजार का करीब 6 फीसदी है। मार्च 2026 में राज्य का 30+ दिन की बकाया श्रेणी वाला पोर्टफोलियो 2.89 फीसदी रहा। राष्ट्रीय स्तर पर भी माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो में संकुचन दिखाई दिया है। सा-धन की भारत माइक्रोफाइनेंस रिपोर्ट 2025 के अनुसार, मार्च 2025 तक सभी माइक्रो-लेंडर्स का कुल माइक्रोलोन बकाया 3.81 लाख करोड़ रुपए था, जो सालाना 14 फीसदी कम था। इस दौरान करीब 1,399 लाख लोन खाते और 8.28 करोड़ यूनिक सक्रिय उधारकर्ता दर्ज किए गए। माइक्रोफाइनेंस ऋण का बड़ा हिस्सा आय सृजन से जुड़ी गतिविधियों में लगाया जाता है। सा-धन के अनुसार मार्च 2025 तक माइक्रोलेंडिंग संस्थानों के करीब 91फीसदी ऋण आय-सृजन के उद्देश्य से इस्तेमाल किए गए। माइक्रोफाइनेंस की पहुंच में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है।

सा-धन की रिपोर्ट के मुताबिक,एनबीएफसी-एमएफआई के 4.43 करोड़ सक्रिय उधारकर्ताओं में करीब 92 फीसदी महिलाएं हैं और 80 फीसदी ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में एनबीएफसी-एमएफआई ने करीब 103 लाख नए उधारकर्ता जोड़े। हालांकि, माइक्रोफाइनेंस बाजार में सिर्फ विस्तार ही तस्वीर नहीं है।

बिजनेस न्यूज

सड़क सुरक्षा चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थियों का होगा सम्मान

भोपाल। सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों में आयोजित रोड सेफ्टी ड्रॉइंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ओम ऑटो होंडा और अराइव अलाइव इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 22 सितंबर, मंगलवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होगा। समारोह का आयोजन पुलिस कमिश्नर कार्यालय, भोपाल में किया जाएगा। समारोह में सड़क सुरक्षा विषय पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और जागरूकता का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। ओम ऑटो होंडा के आशीष पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सड़क सुरक्षा को लेकर उनकी जागरूकता समाज के लिए महत्वपूर्ण संदेश देती है। समारोह में अतिथियों की उपस्थिति से प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ेगा।

मारुति सुजुकी ने शुरू किया 'ऑटो ग्रीन मिशन', ऑटोमैटिक एस-सीएनजी वर्जन पेश

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने स्वच्छ मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए 'ऑटो ग्रीन मिशन' शुरू करते हुए स्विफ्ट, डिजायर और बैलेनो के नए ऑटोमैटिकएस-सीएनजी मॉडल पेश किए हैं। कंपनी के मुताबिक, इन मॉडलों को ऑटोमैटिक ड्राइविंग की सुविधा के साथ बेहतर ईंधन दक्षता और प्रदर्शन को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। कंपनी के अनुसार, डिजायर ऑटोमैटिक एस-सीएनजी 36.47 किमी/किग्रा की ईंधन दक्षता के साथ भारत की सबसे अधिक ईंधन-कुशल सेडान बन गई है। मारुति के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक बढ़ने के साथ ग्राहक ऑटोमैटिक कारों में बेहतर माइलेज और प्रदर्शन चाहते हैं। कंपनी के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी एस-सीएनजी बिक्री सालाना आधार पर 58 फीसदी बढ़ी। जुलाई में कंपनी ने एक महीने में 83,000 एस-सीएनजी वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। कंपनी का कहना है कि नई ऑटोमैटिक एस-सीएनजी रेंज से स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों को अपनाने को बढ़ावा मिलेगा।

टाटा सिएरा लीजेंड सीरीज लांच, कीमत 11.99 लाख रुपए से शुरू

मुंबई। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने टाटा सिएरा लीजेंड सीरीज लांच की है। कंपनी के अनुसार, पांच वेरिएंट वाली नई रेंज में प्रीमियम केबिन अनुभव, बेहतर कम्फर्ट और अतिरिक्त कन्वीनियंस फीचर्स दिए गए हैं। इसकी शुरुआती कीमत 11.99 लाख रुपए है। कंपनी के मुताबिक, लीजेंड सीरीज में प्योर एलवेरिएंट की कीमत 13.79 लाख रुपए है। इसमें 17-इंच अलॉय व्हील, प्रीमियम लेदरेट इंटीरियर और 26.03 सेमी एचडी इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ 8-स्पीकर ऑडियो सिस्टम मिलता है। प्योर एल में 50 हजार रुपए अतिरिक्त कीमत पर वॉयस-असिस्टेड पैनोरमिक सनरूफ दिया गया है। वहीं, प्योर प्लस एल की कीमत 14.99 लाख रुपए से शुरू होती है। कंपनी के अनुसार, इसमें वेंटिलेटेड फ्रंट सीट, 6-वे पावर्ड ड्राइवर सीट, थाई सपोर्ट एक्सटेंडर और बॉस मोड जैसे फीचर्स मिलते हैं। टाटा के अनुसार, सिएरा में 5-स्टार भारत एनकैप रेटेड बॉडी स्ट्रक्चर के साथ 6 एयरबैग, 20-फंक्शन ईएसपी और ऑल-व्हील डिस्क ब्रेक स्टैंडर्ड दिए गए हैं।

100 गीगावाट पवन ऊर्जा लक्ष्य की ओर भारत की रफ्तार तेज

विंडर्जी इंडिया 2026 में विनिर्माण, अपतटीय पवन और री-पावरिंग पर रहेगा फोकस

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारत के 2030 तक 100 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को लेकर उद्योग की गतिविधियां तेज हो रही हैं। पवन ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख आयोजन विंडर्जी इंडिया 2026 का आठवां संस्करण 7 से 9 अक्टूबर तक चेन्नई ट्रेड सेंटर में आयोजित होगा। सम्मेलन में विनिर्माण, अपतटीय पवन ऊर्जा, रीपावरिंग, आपूर्ति श्रृंखला और कौशल विकास पर चर्चा होगी। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने रिकॉर्ड 6.05 गीगावाट नई पवन क्षमता जोड़ी। 31 अगस्त 2026 तक कुल स्थापित क्षमता 58.52 गीगावाट हो गई। 2030 के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए औसतन करीब 10 गीगावाट सालाना नई क्षमता जोड़नी होगी। फिलहाल करीब 43 गीगावाट परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

देश में पवन टर्बाइन की वार्षिक घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़कर 24 गीगावाट हो गई है, जो 2014 में 10 गीगावाट थी। क्षेत्र में घरेलू मूल्यवर्धन 70-80 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में पवन उपकरणों का निर्यात 12,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा। अपतटीय पवन ऊर्जा के लिए गुजरात और तमिलनाडु तट पर 500-500 मेगावाट की परियोजनाओं वाली 1 गीगावाट क्षमता की वीजीएफ समर्थित पहल भी महत्वपूर्ण है।

चिंतन

सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए फूहड़ता ठीक नहीं

राजनीति में व्यंग्य और हास्य के लिए जगह होनी चाहिए। सत्ता और विपक्ष के नेताओं पर कटाक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई नई बात नहीं है, लेकिन राजनीतिक विरोध को व्यक्त करने के लिए भाषा और प्रस्तुति की एक मर्यादा भी होती है। केवल चर्चा पाने, सुर्खियां बटोरने या सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कराने के लिए फूहड़ता दिखाना ठीक नहीं है। ऐ करना स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति का संकेत नहीं हो सकता। इंदौर में राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में हुआ घटनाक्रम इसी सवाल को सामने लाता है। 19 सितंबर को हुए इस कार्यक्रम में छात्रों ने शिक्षा, भर्ती, परीक्षा, आरक्षण, छात्रावास और रोजगार से जुड़े गंभीर सवाल उठाए। कार्यक्रम का उद्देश्य ही छात्रों की समस्याओं को सामने लाना था। राहुल गांधी ने भी पेपर लीक, भर्ती और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरा और कहा कि छात्रों का सवाल पूछना जरूरी है, लेकिन कार्यक्रम के एक हिस्से ने पूरे संवाद की दिशा बदल दी। स्टैंडअप कॉमेडियन पुलकित मणि ने मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदाज की नकल की। राहुल उनके साथ नजर आए और उनसे मजाकिया अंदाज में संवाद भी किया। इसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रस्तुति में प्रधानमंत्री की दिवंगत मां का भी अपमान किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर तीखी टिप्पणी की, जबकि शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसे राजनीतिक मर्यादा और मानवीय संवेदनशीलता से जुड़ा विषय बताया। दूसरी तरफ, कांग्रेस की ओर से भाजपा के आरोपों को खारिज किया गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस आरोप को नकारते हुए कहा कि कार्यक्रम को लेकर नकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। यहां मूल सवाल किसी एक दल के आरोप या प्रत्यारोप से आगे का है। राजनीतिक व्यंग्य आखिर कितना व्यक्तिगत होना चाहिए? किसी नेता की नीतियों, फैसलों, भाषणों और राजनीतिक शैली पर तीखा व्यंग्य लोकतांत्रिक बहस का हिस्सा हो सकता है, लेकिन जब हास्य किसी नेता के निजी या पारिवारिक संदर्भ तक पहुंच जाए और उससे किसी की गरिमा आहत होने की स्थिति पैदा हो, तब मंच पर मौजूद लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर तब, जब कार्यक्रम का केंद्र देश के युवा और छात्र हों। दुर्भाग्य यह है कि छात्रों के गंभीर सवालों के बीच हुई एक प्रस्तुति ने पूरी चर्चा को राजनीतिक विवाद में बदल दिया। सोशल मीडिया के दौर में राजनीतिक दलों के लिए यह समझना और भी जरूरी है कि कुछ मिनट की वायरल चर्चा के लिए कही गई बात लंबे समय तक राजनीतिक संवाद की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर सकती है। राजनीति में हास्य खत्म करने की जरूरत नहीं है। व्यंग्य सत्ता से सवाल पूछने का प्रभावी माध्यम हो सकता है, लेकिन व्यंग्य की धार व्यवस्था और नीतियों पर होनी चाहिए, व्यक्तिगत गरिमा को चोट पहुंचाने पर नहीं। इसी तरह विपक्ष को सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन आलोचना को प्रभावी बनाने के लिए फूहड़ता जरूरी नहीं है। आज युवाओं के सामने परीक्षा, रोजगार, कौशल, महंगी शिक्षा और सुरक्षित छात्रावास जैसे वास्तविक प्रश्न हैं। वे राजनीतिक दलों से केवल भाषण या मनोरंजन नहीं, अपने भविष्य को लेकर स्पष्टता चाहते हैं। इसलिए छात्र संवाद के मंच पर ऐसी कोई बात नहीं होनी चाहिए जो मूल मुद्दों को पीछे धकेल दे। छात्रों की आवाज को राजनीतिक शोर में नहीं, गंभीर संवाद और समाधान में जगह मिलनी चाहिए।

यूपीआई पर शुल्क
सतीश सिंह

भारत में चाय की छोटी दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक, यूपीआई भुगतान रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मोबाइल से कुछ ही सेकंड में भुगतान की सुविधा ने नकदी पर निर्भरता घटाने के साथ छोटे कारोबारियों को भी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। ऐसे में 15 अक्टूबर 2026 से कुछ बड़े यूपीआई मर्चेंट भुगतानों पर एमडीआर लागू होने का फैसला स्वाभाविक रूप से चर्चा में है। हालांकि इसका सीधा बोझ उपभोक्ता पर नहीं पड़ेगा और अधिकांश छोटे भुगतान शुल्क-मुक्त रहेंगे, फिर भी व्यापारियों की लागत और डिजिटल भुगतान की रफ्तार पर इसके असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए नई व्यवस्था में सुविधा, पारदर्शिता और टिकाऊपन के बीच संतुलन जरूरी है।

डिजिटल भुगतान पर संतुलन की चुनौती

भारत में चाय की दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक, यूपीआई भुगतान का सबसे सहज माध्यम बन चुका है। जेब में नकदी हो या न हो, मोबाइल फोन और बैंक खाते के सहारे कुछ ही सेकंड में भुगतान पूरा हो जाता है। इस सरलता ने न केवल लेन-देन की आदत बदली, बल्कि छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों और दूरदराज के क्षेत्रों को भी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। ऐसे में 15 अक्टूबर 2026 से कुछ यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने का निर्णय स्वाभाविक रूप से चर्चा और चिंता का विषय बन गया है। नई व्यवस्था को लेकर सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह शुल्क सामान्य उपभोक्ता से नहीं लिया जाएगा। किसी मित्र या रिश्तेदार को पैसे भेजने वाले व्यक्ति-से-व्यक्ति यानी पी2पी लेन-देन पहले की तरह निशुल्क रहेंगे। इसी तरह दुकानदार को किए जाने वाले 2,000 रुपये तक के भुगतान पर भी कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर नहीं लगेगा। शुल्क केवल चुनिंदा व्यक्ति-से-व्यापारी यानी पी2एम लेन-देन पर लागू होगा।

15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के पात्र यूपीआई मर्चेंट भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाएगा। इसका भुगतान व्यापारी को करना होगा। अधिकतम शुल्क प्रति लेन-देन 300 रुपये निर्धारित किया गया है। इसका अर्थ है कि 3,000 रुपये के भुगतान पर व्यापारी को 12 रुपये और 10,000 रुपये के भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर देना होगा। 75,000 रुपये अथवा उससे अधिक के भुगतान पर शुल्क 300 रुपये से अधिक नहीं होगा। हालांकि, सभी व्यापारियों और क्षेत्रों पर एक जैसी दर लागू नहीं होगी। यूपीआई क्यूआर कोड के माध्यम से एक महीने में एक लाख रुपये तक प्राप्त करने वाले छोटे व्यापारियों को इस शुल्क से बाहर रखा गया है। रेलवे, ईंधन, दूरसंचार, बीमा, कृषि सामग्री, उपयोगिता बिल और कुछ अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 5 रुपये का निश्चित एमडीआर रखा गया है। पूंजी बाजार से जुड़े चुनिंदा भुगतानों पर 0.02 प्रतिशत की रियायती दर लागू होगी, जिसकी अधिकतम सीमा भी 300 रुपये होगी। सबसे महत्वपूर्ण है कि 2,000 रुपये तक के भुगतान यूपीआई मर्चेंट लेन-देन की कुल संख्या के 95 प्रतिशत से अधिक हैं। इसलिए अधिकांश रोजमर्रा के भुगतान शुल्क-मुक्त ही बने रहेंगे। नई व्यवस्था का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि एमडीआर का बोझ ग्राहक पर डालने की अनुमति नहीं है। बैंक, भुगतान सेवा प्रदाता और व्यापारी किसी पात्र भुगतान पर लागू शुल्क ग्राहक से अलग से नहीं वसूल सकते। फिर भी व्यावहारिक स्तर पर चुनौती बनी रहेगी। कोई व्यापारी ग्राहक से प्रत्यक्ष रूप से यूपीआई शुल्क न लेकर वस्तु या सेवा की कीमत में उसे शामिल कर सकता है। वह यूपीआई भुगतान पर छूट देने से मना कर सकता है अथवा नकद भुगतान को प्राथमिकता दे सकता है। कम लाभ वाले कारोबारों में 0.4 प्रतिशत की दर छोटी दिखाई देने के बावजूद संचयी रूप से उल्लेखनीय लागत बन सकती है। उदाहरण के लिए, किसी व्यापारी को महीने में 10 लाख रुपये के ऐसे पात्र यूपीआई भुगतान मिलते हैं तो सैद्धांतिक रूप से एमडीआर का बोझ 4,000 रुपये तक पहुंच सकता है। खुदरा व्यापार, दवा, किराना और वितरण जैसे क्षेत्रों में,

जहां लाभ का अंतर सीमित होता है, यह लागत संवेदनशील हो सकती है।

सोशल मीडिया पर यह कहा जा रहा है कि यूपीआई भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जा रहा है। यह दावा भ्रामक है। जीएसटी ग्राहक द्वारा भुगतान की गई पूरी राशि पर नहीं, बल्कि व्यापारी से लिए गए एमडीआर पर लागू होगा। यदि 10,000 रुपये के पात्र भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर बनता है तो 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी 7.20 रुपये होगा। अर्थात व्यापारी की कुल लागत 47.20 रुपये होगी। जीएसटी में पंजीकृत पात्र व्यापारी नियमानुसार इस कर का इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सकता है। लेकिन गैर-पंजीकृत व्यापारी को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए उसके लिए जीएसटी भी वास्तविक अतिरिक्त व्यय बन सकता है। यूपीआई उपयोगकर्ता को भले निशुल्क दिखाई देता हो, लेकिन इसकी पूरी व्यवस्था लागत-मुक्त नहीं है। प्रत्येक लेन-देन के पीछे बैंकों, एनपीसीआई, भुगतान ऐप, डेटा केंद्रों और तकनीकी सेवा प्रदाताओं का विस्तृत ढाँचा काम करता है। सर्वर क्षमता बढ़ाने, साइबर सुरक्षा मजबूत करने, धोखाधड़ी रोकने, शिकायतों का निपटारा करने और लेन-देन विफल होने पर धन वापसी सुनिश्चित करने में लगातार निवेश करना पड़ता है। जुलाई 2026 में यूपीआई से 2,366 करोड़ लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य 29.9 लाख करोड़ रुपये था। इतने विशाल तंत्र को केवल सरकारी प्रोत्साहन राशि के सहारे लंबे समय तक चलाना आसान नहीं है। सीमित और बड़ी व्यापारिक अदायगियों पर शुल्क लगाकर बुनियादी ढांचे को टिकाऊ बनाने का तर्क इसलिए पूरी तरह अनुचित नहीं कहा जा सकता। एक स्थायी आय मॉडल से छोटे भुगतान ऐप और नई कंपनियां भी बाजार में टिक सकेंगी, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। दूसरी ओर, यूपीआई की असाधारण सफलता का एक प्रमुख कारण उसका निशुल्क होना है। भुगतान की सुविधा के साथ शून्य लागत ने व्यापारियों को क्यूआर कोड अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसी से छोटे भुगतान भी तेजी से डिजिटल हुए और अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी। यदि शुल्क का दायरा धीरे-धीरे बढ़ता गया तो डिजिटल भुगतान की रफ्तार प्रभावित हो सकती है। 2,000 रुपये की सीमा भी व्यवहारगत विकृति पैदा कर सकती है। संभव है कि कुछ व्यापारी 2,000 रुपये से अधिक के एक भुगतान को दो हिस्सों में स्वीकार करने लगें। इससे व्यवस्था का उद्देश्य कमजोर होगा और लेन-देन की संख्या अनावश्यक रूप से बढ़ेगी। ऐसे व्यवहार को रोकने के लिए नियम स्पष्ट होने चाहिए, लेकिन निगरानी ऐसी भी न हो कि ईमानदार छोटे व्यापारियों पर अनुपालन का अतिरिक्त दबाव पड़ने लगे। व्यापारी को स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए कि किस लेन-देन पर कितना एमडीआर और जीएसटी काटा गया, राशि किसे मिली और उसे कितना शुद्ध भुगतान प्राप्त हुआ। शिकायत-निवारण की सरल व्यवस्था भी जरूरी है। गलत वर्गीकरण के कारण किसी छोटे व्यापारी से शुल्क कटे तो उसे समयबद्ध तरीके से वापस किया जाना चाहिए। यूपीआई को टिकाऊ बनाने और वित्तीय समावेशन की मौजूदा गति में व्यवधान न आए के बीच संतुलन साधना होगा। सरकार को नई व्यवस्था की समीक्षा करनी होगी, जिसमें यह देखना होगा कि शुल्क के बाद बड़े यूपीआई भुगतानों की संख्या घटी या नहीं, व्यापारी नकदी की ओर लौटे अथवा शुल्क परोक्ष रूप से ग्राहकों तक पहुंचा आदि और आए बदलाव के अनुकूल फैसला लेना होगा। एमडीआर से प्राप्त आय का एक हिस्सा साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी पीड़ितों की सहायता, ग्राहक सेवा और ग्रामीण डिजिटल बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाना चाहिए, ताकि शुल्क से इस प्रक्रिया को और भी सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

चिंता
बलकार सिंह पूनिया

जलाशय सूखे, क्षमता घट रही मानसून के भरोसे कब तक?

गर्मी बढ़ते ही देश में पानी को लेकर चिंता बढ़ना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार चिंता का कारण केवल आसमान से होने वाली बारिश नहीं, बल्कि जमीन पर उपलब्ध पानी को संभालने की हमारी घटती क्षमता भी है। देश के प्रमुख जलाशयों में जलस्तर तेजी से नीचे जाना और दूसरी ओर उन्हीं जलाशयों की भंडारण क्षमता का गाद के कारण लगातार कम होते जाना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। सवाल यह नहीं है कि मानसून इस बार कितना अच्छा रहेगा, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि मानसून से मिलने वाले पानी को हम कितना बचा पाएंगे। केंद्रीय जल आयोग 166 प्रमुख जलाशयों के जलस्तर की नियमित निगरानी करता है। इन जलाशयों की कुल लाइव स्टोरेज क्षमता 183.565 अरब घन मीटर है। समाचार में उद्धृत मध्य-मई की स्थिति के अनुसार इनमें करीब 63 बीसीएम पानी ही बचा था, यानी लगभग 34.45 प्रतिशत। इसका अर्थ साफ है कि गर्मी के चरम दौर में देश के प्रमुख जलाशयों का लगभग दो-तिहाई भंडारण खाली हो चुका था। कई राज्यों में स्थिति इससे भी अधिक चिंताजनक रही और अनेक बांधों में पानी 40 से 50 प्रतिशत से नीचे पहुंच गया, लेकिन देश की जल समस्या का शायद सबसे गंभीर और अपेक्षाकृत कम चर्चित पहलू जलाशयों में लगातार बढ़ती गाद है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा तैयार 'भारत में जलाशयों में गाद जमाव संबंधी संकलन-2024' में 548 जलाशयों के आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 439 जलाशयों के आंकड़े विश्लेषण के लिए उपयुक्त पाए गए। अध्ययन के अनुसार, इन 439 जलाशयों की सकल भंडारण क्षमता में गाद जमने के कारण औसतन 19.24 प्रतिशत की कमी हो चुकी है। वहीं, जलाशयों की भंडारण क्षमता में प्रत्येक वर्ष औसतन 0.74 प्रतिशत की कमीदर्ज की जा रही है। यह आंकड़ा भविष्य की भयावह तस्वीर समझने के लिए पर्याप्त है। यदि जलाशय में पानी पहुंचाने वाली नदियां और बरसाती धाराएं अपने साथ मिट्टी और तलछट लाती रहें तथा जलाशयों में गाद जमा होती रहे, तो कुछ वर्षों बाद अच्छी बारिश होने पर भी हमारे पास पानी रखने की पर्याप्त क्षमता नहीं होगी। यानी एक तरफ वर्षा की अनिश्चितता और दूसरी तरफ घटती भंडारण क्षमता। देश एक साथ दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है। और यह समस्या पुराने जलाशयों में अधिक गंभीर हो सकती है। राष्ट्रीय रजिस्टर ऑफ स्पेसिफाइड डैम्स 2025 के अनुसार देश में 6,628 निर्दिष्ट बड़े बांध हैं। इनमें 6,545 बांध पूर्ण और कार्यशील हैं तथा 83 निर्माणाधीन हैं। इन बांधों की सकल जल भंडारण क्षमता करीब 330 अरब घन मीटर है। इनमें से 1,681 बांध 50 वर्ष से अधिक पुराने हैं और 291 बांध 100 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। यानी देश के लगभग 26 प्रतिशत निर्दिष्ट बांध आधी सदी से अधिक पुराने हैं। उम्र अपने आप में किसी बांध को असुरक्षित नहीं बनाती, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ संरचनात्मक रखरखाव, जलाशय की क्षमता, गाद, जलग्रहण क्षेत्र में बदलाव और संचालन व्यवस्था की नियमित समीक्षा अधिक जरूरी हो जाती है। सरकार के अनुसार, वर्ष 2025 में 6,524 बांधों का मानसून-पूर्व और 6,553 बांधों का मानसून-पश्चात निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद तीन बांधों को सबसे गंभीर श्रेणी-1 (कैटेगरी-1) तथा 216 बांधों को श्रेणी-2 (कैटेगरी-2) में रखा गया। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि बांधों की सुरक्षा को केवल उनके निर्माण के समय ही नहीं, बल्कि उनके पूरे जीवन-चक्र के दौरान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। नियमित निरीक्षण, समयबद्ध रखरखाव और आवश्यकतानुसार पुनर्वास से ही बांधों की सुरक्षा और उनकी उपयोगिता लंबे समय तक सुनिश्चित की जा सकती है। भारत ने बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 और बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना जैसे कदमों के माध्यम से इस दिशा में संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि इन व्यवस्थाओं का प्रभाव राज्यों और स्थानीय स्तर पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। दरअसल, जल संकट का स्थायी समाधान केवल मानसून की अच्छी बारिश नहीं है। मानसून निश्चित रूप से राहत देगा, लेकिन जल सुरक्षा केवल बारिश से नहीं आएगी। इसके लिए जलग्रहण क्षेत्रों का संरक्षण, गाद नियंत्रण, पुराने बांधों का पुनर्वास, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को एक साझा राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाना होगा। आखिरकार सवाल यह नहीं है कि आसमान से कितना पानी बरसेगा; सवाल यह है कि धरती पर गिरने वाली हर बूंद में से हम कितनी बूंदें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख पाएंगे।

(लेखक ग्रामीण विकास विभाग इग्नू में सहायक आचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर-भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

सटाका

आज की पाती

बुढ़ापा भी सुरक्षित करे सरकार

हाल ही में जो केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अर्थात ईपीएफओ के लिए जो वेतन की सीमा पंद्रह हजार से बढ़ाकर पच्चीस हजार की, उससे देश के उन करोड़ों लोगों को फायदा हो सकता है जो प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं। सरकार के इस फैसले से बहुत से लोगों को यह भी फायदा होगा कि इससे लोगों की पेंशन में भी मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, सरकार को प्राइवेट सेक्टर में रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों के लिए ऐसे ही सराहनीय फैसले लेने चाहिए, ताकि युवाओं का क्रेज प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों के प्रति भी वैसे ही बढ़े जैसे कि सरकारी नौकरियों के प्रति है। इसके अलावा सरकार से यह निवेदन है कि वह वृद्ध हो चुके लोगों के लिए पेंशन की कोई योजना लेकर आए।

- संजय शर्मा, नरवाना

ट्रेंड

कांग्रेस जोकर्स की पार्टी

कांग्रेस कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं। रेस्ट इन पीस। राहुल और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। उसे अच्छे बुरे का कोई ख्याल नहीं है। **-किरेन रिजिजू,** केंद्रीय मंत्री

हॉस्टल के लिए पैसा नहीं

इंदौर में एक छात्रा ने मुझसे पूछा, सरकार के पास दीया जलाने के लिए पैसा है, हॉस्टल के लिए क्यों नहीं? गांव से शहर पढ़ने आने वाली छात्राओं को हॉस्टल नहीं मिलने पर पीजी में रहना पड़ता है। किराए और सुरक्षित रहने का खर्च इतना ज्यादा है कि कई लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती हैं। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

अरावली पर गंभीर खतरा

खनन, रियल एस्टेट व अन्य परियोजनाओं की अनुमति देने के लिए अरावली को फिर से परिभाषित करने के मोदी सरकार के कदमों से इस पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। प्रधान न्यायाधीश के नौ फरवरी 2027 को सेवानिवृत्त होने से पहले, हमें शायद पता चल जाएगा कि इन कदमों का क्या होता है। **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

राहुल पर सवाल

राहुल गांधी की राजनीति उस स्तर पर पहुंच गई है जहां एक बुजुर्ग महिला के प्रति सम्मान भी मजाक का विषय बन जाता है। पीएम मोदी ने भीड़ में एक महिला को खड़े देखा, अपना भाषण रोका व यह सुनिश्चित किया कि उन्हें कुर्सी दी जाए। यही संस्कार है। यही गरिमा है। यही लोगों के प्रति सम्मान है। **-मोहन चरण माझी,** सीएम ओडिशा

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

सबसे कठिन समय में भी नई शुरुआत की संभावनाएं



अपनी नई किताब को लेकर उत्साहित भारतीय-अमेरिकी प्रसिद्ध लेखिका मोनिका सैगल को उम्मीद है कि 'नए सिरे से शुरुआत और दूसरे अवसरों' का उनका संदेश पाठकों को पसंद आएगा। सैगल की इस किताब में सबसे कठिन समय में भी नई शुरुआत की संभावनाओं की तलाश की गई है। सैगल की 14वीं किताब 'द लोटस ब्लूम्स ट्वाइस : स्टोरीज ऑफ लव, लाइफ एंड रिडेम्पशन' का विमोचन एक अक्टूबर को होगा। यह किताब नए सिरे से जीवन शुरू करने और दूसरे अवसरों पर आधारित लघु कथाओं का संग्रह है, जो 'जीवन के मध्य काल में रचनात्मकता और नवीनीकरण' के विषय को एक स्वाभाविक मंच प्रदान करती है। सैगल इससे पहले कथा साहित्य, पाक कला से जुड़ी किताबें, कविताएं और बच्चों के साहित्य सहित विभिन्न विधाओं में किताबें लिख चुकी हैं। पुरस्कार विजेता लेखिका सैगल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मुझे उम्मीद है कि किताब पढ़ने के बाद पाठक यह विश्वास लेकर लौटेंगे कि हम जरूरत पड़ने पर जितनी बार चाहें, फिर से उठ खड़े हो सकते हैं। जीवन जब बेहद अंधकारमय लग रहा हो, तब भी उसमें नए सिरे से शुरुआत और उम्मीद की हमेशा संभावना होती है।'

ऑफ बीट

कैसे पता करें एआई का जवाब भरोसेमंद है या नहीं?



हाल ही में मैंने गूगल पर एक सीधा-सा सवाल टाइप किया कि किशोरों के लिए कितना 'स्क्रीन टाइम' बहुत ज्यादा माना जाता है? कई वर्षों से गूगल ऐसे सवालों के जवाब में वेबसाइट्स के लिंक दिखाता आया है, लेकिन इस बार उसने सीधे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार किया हुआ जवाब दिया। एआई ने एक संख्या बताई, लेकिन साथ ही जवाब को जटिल बनाते हुए यह भी समझाया कि स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय की अवधि से ज्यादा महत्वपूर्ण यह हो सकता है कि उस समय का इस्तेमाल किस तरह और किस संतुलन के साथ किया जा रहा है। उसने यह भी कहा कि 'बहुत ज्यादा'' स्क्रीन टाइम इस बात पर निर्भर कर सकता है कि किशोर की नींद, व्यायाम, पढ़ाई और मानसिक स्थिति कैसी है। मैंने एक और सवाल पूछा : क्या मुझे रोजाना 'एस्पिरिन' लेनी चाहिए? इस बार एआई के जवाब में चिकित्सकीय जानकारी दी गई, संभावित जोखिमों के बारे में चेताया गया और मेरी उम्र तथा चिकित्सीय इतिहास बताने पर अधिक व्यक्तिगत सलाह देने की पेशकश की गई। दोनों जवाब उपयोगी थे। लेकिन मेरे लिए ज्यादा दिलचस्प बात यह थी कि दोनों सवालों के जवाब देने का तरीका बिल्कुल अलग था।

एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान जारी नोटिस की सूची में कई बड़े नाम भी सामने आए

आडवाणी, जयशंकर और संधू को भी नोटिस थमाया, इसमें सिब्बल, सिंघवी और विदेश सचिव मिस्री के भी नाम शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वोटर लिस्ट के एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान जारी नोटिस की सूची में कई बड़े नाम भी सामने आए हैं। इनमें भाजपा के सीनियर नेता व पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चुनाव आयुक्त एसएस संधू शामिल हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष , बांसुरी स्वराज का नाम है। लिस्ट में कांग्रेस के सीनियर नेता व सांसद कपिल सिब्बल, कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और विदेश सचिव विक्रम मिस्री के भी नाम हैं। इन लोगों को अलग-अलग मामलों में मतदाता सूची से जुड़े रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए नोटिस भेजा गया है।

बिहार से की थी प्रक्रिया की शुरुआत

चुनाव आयोग ने एसआईआर की शुरुआत सबसे पहले बिहार में की थी। 24 जून 2025 को प्रक्रिया शुरू की थी।

रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए नोटिस भेजा

संधू के नाम में स्पेलिंग में अंतर पाया गया

नोटिस के अनुसार एसएस संधू के मामले में मतदाता रिकॉर्ड में उनके नाम की स्पेलिंग में अंतर पाया गया। जयशंकर और उनकी पत्नी केएस जयशंकर के नाम भी नोटिस लिस्ट में हैं। सिब्बल और मिस्री के नाम पिछले एसआईआर के रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रहे। इस कारण उन्हें नोटिस जारी किया गया है। इसमें अरविंद केजरीवाल भी हैं।

नोटिस भेजने की वजह- विसंगतियां

बताया गया है कि कई प्रमुख राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तियों को नोटिस भेजा गया है। इसकी वजह पिछले एसआईआर के रिकॉर्ड से नाम का मिलान नहीं होना या रिकॉर्ड में कुछ विसंगतियां बताई गई हैं। नाम की स्पेलिंग में अंतर, पुराने रिकॉर्ड से नाम मैच नहीं करना और अन्य रिकॉर्ड संबंधी गड़बड़ियां मिली हैं।

इन राज्यों में चला दूसरा चरण

दूसरे चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत 9 राज्यों व अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी में अक्टूबर 2025 से एसआईआर शुरू हुआ, जो अप्रैल 2026 तक चला।

तीसरे चरण में 16 राज्य और 3 केंद्रशासित प्रदेश शामिल

तीसरे चरण में ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, दादरा एवं नगर हवेली,दमन एवं दीव, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना हैं।

जयराम ने एसआईआर को दिया नया नाम
शाह इंस्टीगेटेड रिमूवल

कांग्रेस ने रविवार को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एसआईआर वास्तव में मतदाताओं के नाम हटाने की एक बड़े पैमाने की 'शाह इंस्टीगेटेड रिमूवल' (अमित शाह के इशारे पर मतदाताओं के नाम हटाने की) प्रक्रिया और संविधान पर हमला है। जयराम ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह का संदर्भ देते हुए कहा कि यह वास्तव में मतदाताओं को हटाने की एक बड़े पैमाने की 'शाह इंस्टीगेटेड रिमूवल' प्रक्रिया है।

खबर संक्षेप

सांवलिया सेठः 1.2 किलो चांदी का मॉडल चढ़ाया

चित्तौड़गढ़। जिले के प्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलिया सेठ मंदिर में आस्था और समर्पण की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली है। निम्बाहेड़ा के एक व्यापारी ने अपने कारोबार में सफलता से खुश होकर भगवान के चरणों में करीब 1 किलो 200 ग्राम चांदी से बने जेके सीमेंट प्लांट का मॉडल अर्पित किया है। इस अनोखे उपहार पर यह चर्चा का विषय बन गया है।

फरीदकोट में 47 किलो हेरोइन जब्त,4 गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने रविवार को फरीदकोट में सीमा पार से हेरोइन तस्करी के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों के पास से 47 किलो से अधिक हेरोइन तथा हथियार और कारतूस बरामद किया। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि उनके पास से 0 .30 बोर की तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन और 15 कारतूस जब्त किए हैं। जांच की जा रही है।

3 लाख व जेवर ऐंठने वाले 6 गिरफ्तार

लखनऊ। यहां के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर कारोबारी का अपहरण करने और 13 लाख नकद व जेवर वसूलने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके अन्य साथियों की तलाश है। डीसीपी साउथ मोहम्मद मुश्ताक ने मामले का खुलासा किया है।

कबीर का प्रत्याशी नकली नोटों,हथियार संग अरेस्ट

मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भारी मात्रा में नकली नोट और अवैध हथियार रखने के आरोप में आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रदेश सचिव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर हैं और यह घटना 6 अक्टूबर को होने वाले रेजीनगर उपचुनाव से कुछ दिन पहले हुई है। इस चुनाव में कबीर के बेटे प्रत्याशी हैं।

केरलम में बाढ़ से 6 की मौत, कई लोग बहे

पूक्कोट्टुम्पदम। केरलम के पूक्कोट्टुम्पदम में रविवार शाम अचानक आई बाढ़ से हड़कंप मच गया। शाम करीब 5 बजे टीके कॉलोनी के कोट्टप्पुझा में फ्लैश फ्लड आने से एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई। पर्यटकों और एक स्थानीय महिला समेत करीब 7 लोगों के बह जाने की आशंका है। नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया।

'छात्रों की गूंज' मिमिक्री विवाद पर भड़के केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता

कांग्रेस कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी बन गई, परफॉर्मर ने प्रधानमंत्री की हंसी उड़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंदौर में राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान की गई मिमिक्री को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कांग्रेस की मिमिक्री वाला क्लिप था साझा कर लिखा कि कांग्रेस पार्टी कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं। राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के तौर-तरीकों और सार्वजनिक रूप से उनके पेश आने वाले अंदाज की मिमिक्री की गई थी। परफॉर्मर ने पीएम मोदी की खास हंसी, हाथों के इशारों और लोगों का अभिवादन करने और गले मिलने के तरीके की नकल की। यह एक्ट राहुल गांधी के संबोधन वाले छात्रों पर केंद्रित कार्यक्रम के दौरान हुआ। रिजिजू का यह पोस्ट 'छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर चल रही व्यापक राजनीतिक बहस के बीच आया, जिसमें राहुल गांधी ने बेरोजगारी और परीक्षा में अनियमितताओं सहित छात्रों से जुड़े 'मुद्दों' पर बात की।

इंदौर में किया गया था यह आयोजन

रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कांग्रेस की मिमिक्री वाला क्लिप साझा कर लिखा कि कांग्रेस पार्टी कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी बन गई है।

रिजिजू ने राहुल पर साधा निशाना

पुलकित मणि ने की थी मिमिक्री

मिमिक्री करने वाले कलाकार पुलकित मणि थे, जो एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर हैं। यह परफॉर्मेंस जल्द ही राजनीतिक चर्चा का विषय बन गई, जिसमें भाजपा ने स्टेज एक्ट और उस पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री जोशी बोले
राहुल व कांग्रेस नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां का मजाक उड़ाने और मिमिक्री करने पर कड़ी आपत्ति जताई और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। प्रह्लाद जोशी ने 'एक्स' पर लिखा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर गिर गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के साथ बातचीत वाले मंच का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां का मजाक उड़ाने और उनका अपमान करने के लिए किया गया, जो बुनियादी मानवीय संवेदनाओं की कमी को दर्शाता है।

कांग्रेस के जयराम बोले
राहुल ने उस 'सिस्टम' का पर्दाफाश कर दिया

मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री और टिप्पणियों को लेकर भाजपा के हमलों के बाद अब पूरी कांग्रेस राहुल गांधी के बचाव में उतर आई है। कांग्रेस ने न सिर्फ मिमिक्री विवाद पर भाजपा के रवैए को अलोकतांत्रिक बताया, बल्कि यह भी आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने मिलकर देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल ने उस 'सिस्टम' का पर्दाफाश कर दिया है जो छात्रों की आवाज दबा रहा है। रमेश ने कहा कि यह सिस्टम कौन है? यह भाजपा-आरएसएस के लोग हैं, जिन्होंने देश की शिक्षा, अर्थव्यवस्था, राजनीति और हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। इन्होंने शिक्षा व्यवस्था को खोखला और भ्रष्ट बना दिया है, क्योंकि यह सिस्टम छात्रों से डरता है।

भाजपा विधायक राम
मिमिक्री मनोरंजन दे देगी, अवसरों पर चर्चा तो करते

महाराष्ट्र भाजपा विधायक राम कदम ने छात्रों और उनकी चिंताओं पर केंद्रित कार्यक्रम में मिमिक्री के इस्तेमाल पर सवाल उठाए। कदम ने कहा कि राहुल गांधी खुद कब इस बात पर गौर करेंगे कि मिमिक्री मनोरंजन तो दे सकती है? लेकिन अगर देश को आगे बढ़ना है और हमें छात्रों के उत्थान के बारे में बात करनी है, तो नीति, कड़ी मेहनत और अवसरों पर चर्चा करना जरूरी है। जिस तरह से वे बात रख रहे थे, छात्रों को गुमराह कर रहे थे।

बिहार के मंत्री रामकृपाल
कांग्रेस ने दशकों तक राज किया अब छात्रों को संघर्ष करना पड़ रहा

बिहार के मंत्री राम कृपाल यादव ने कार्यक्रम की आलोचना की। उन्होंने कहा कि दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद युवाओं को अपनी बात रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।

भाजपा अब पंजाब में भी बिहार और महाराष्ट्र वाला मॉडल आजमा रही

अकाली दल के सामने रख दी बराबर सीटों वाली शर्त

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कर दी दावेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में भाजपा और अकाली दल के गठबंधन की चर्चाएं हैं। इस बीच भाजपा के नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बराबरी वाली मांग कर दी है। उनका कहना है कि पंजाब में 117 विधानसभा सीटें हैं और भाजपा आधी सीटों पर दावेदारी करेगी। पंजाब में भाजपा के लिए पहले वाला 22 सीटों का फॉर्मूला नहीं चलेगा। अब भाजपा जूनियर पार्टनर की भूमिका में नहीं रहेगी। अब भाजपा ने कुछ सालों में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश की है, जबकि अकाली दल का जनाधार सिमटा है।

मोदी और शाह के कलेवर-सुर बदले

करीब ढाई दशक महाराष्ट्र में और इतने ही वक्त तक बिहार में भाजपा की भूमिका जूनियर पार्टनर की थी, लेकिन मोदी और अमित शाह वाली भाजपा का तेवर थोड़ा अलग है। कलेवर भी बदला है। यही वजह है कि आज भाजपा का महाराष्ट्र में अपना सीएम है और विधायक भी उसी के सबसे ज्यादा हैं। यही स्थिति बिहार की है, जहां पहली बार उसके दल का मुख्यमंत्री बना है और वह जूनियर पार्टनर नहीं है बल्कि सबसे बड़ा दल है। अब स्थिति भाजपा पंजाब में लागू करना चाहती है।

भाजपा ने दिग्गज सिखों को अपने पाले में लिया

पंजाब की राजनीति को समझने वाले मानते हैं कि भाजपा ने कैप्टन अमरिंदर सिंह, केवल सिंह ढिल्लो, एचएस फूल्का और रवनीत सिंह बिट्टू जैसे कई दिग्गज सिख चेहरों को अपने पाले में लिया है। भाजपा की राजनीति पंजाब में लंबे समय तक शहरी हिंदुओं तक सीमित रही है। ऐसे में अब उसे लगता है कि शहरी हिंदुओं के अलावा थोड़े उदार सिख पंथिकों के बीच भी वह पैठ बना सकती है। यही कारण है कि भाजपा खुद के विस्तार की तीव्र इच्छा में है। यह समय भी उसे अपने अनुकूल लग रहा है, क्योंकि सिख वोटरों की खुद को सबसे बड़ा दावेदार करने वाला अकाली दल पहले के मुकाबले बेहद कमजोर है। ऐसी स्थिति भाजपा को अपने मुफीद लग रही है।

मेघवाल ने फजिल्का में निकाली 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा'

लोग इसे राजनीतिक नजरिए से न देखें सामाजिक सुधार का कार्यक्रम बताया

भाजपा की नशा-विरोधी यात्राएं सरकारी आयोजन नहीं: मेघवाल

एजेंसी ▶▶ फजिल्का

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' पंजाब को बचाने का एक सामाजिक सुधार कार्यक्रम है। इसे राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मेघवाल ने पंजाब के फजिल्का में नशा-विरोधी तीसरी यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा शुरू करने से पहले कानून और न्याय राज्य मंत्री मेघवाल ने आसफवाला युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मेघवाल ने कहा कि भाजपा की नशा-विरोधी यात्राएं सरकारी कार्यक्रम नहीं हैं। कुछ लोग आज के कार्यक्रम को राजनीतिक नजरिए से देख रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह सामाजिक सुधार का कार्यक्रम है।

यह पीढ़ियों को बचाने का है आयोजन

यह पंजाब और उसकी आने वाली पीढ़ी को बचाने का कार्यक्रम है। मान सरकार पर निशाना साधते हुए मेघवाल ने कहा कि उन्होंने पूरे सिस्टम को बर्बाद कर दिया है।केवल सिंह ढिल्लों ने गुलजार की आत्महत्या पर सवाल किए।

बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

उन्होंने देश की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। उन्होंने वार मेमोरियल में दर्ज 1971 के भारत-पाक युद्ध में वीर जवानों के अदम्य साहस, वीरता और शहादत की अमर गाथा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। शहीदों को नमन करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने शहीद परिवारों के साथ-साथ नशे की मार झेल रहे पीड़ित परिवारों से सीधे बातचीत की।

मोरया रे बप्पा...अगले बरस तू जल्दी आ

1

चेन्नई। रविवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मरीना बीच पर 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान लोग बंगाल की खाड़ी में विसर्जन के लिए भगवान गणेश की मूर्ति ले गए।

2

हैदराबाद। रविवार को तेलंगाना के हैदराबाद में हुसैन सागर के पास गणेश चतुर्थी समारोह के दौरान एक जुलूस में लोग भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन कर रहे हैं।

कर्नाटक में गृहमंत्री शाह की तबीयत हो गई खराब

फूड पॉइजनिंग के हुए शिकार, दौरा रद्द कर लौटे दिल्ली

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया अब शाह पूरी तरह स्वस्थ्य

एजेंसी ▶▶ हुबली

कर्नाटक में दो कार्यक्रमों में शामिल होने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अचानक तबीयत खराब हो गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि अमित शाह फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। हालांकि अब वह पूरी तरह ठीक हैं। शाह को हुबली के गबूर में केएलई जगद्गुरुगंगाधर महास्वामीगलु मूरुसाविरमठ चिकित्सा महाविद्यालय की नई शैक्षणिक इमारत और 1,200 बिस्तरों वाले केएलई अस्पताल एवं चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करना था लेकिन वह इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए। स्थानीय नेताओं ने हालांकि, बताया कि दिल्ली के लिए हवाई अड्डा जाने से पहले शाम को उन्होंने परिसर का दौरा किया।

नई इमारत का उद्घाटन नहीं कर सके

शाह का बेलगावी जिले का दौरा रद्द कर दिया गया। यहां उन्हें चिक्कोडी तालुक के एक्सांबा में श्री बीरेश्वर कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के मुख्यालय की नई इमारत का उद्घाटन करना था।

कार्यक्रम में केवल प्रह्लाद जोशी पहुंचे

जोशी ने एक्सांबा में बताया कि शाह को यहां आना था। फूड पॉइजनिंग की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई। अन्नासाहेब जोले (पूर्व भाजपा सांसद) ने मुझे और शेट्टार (बेलगावी सांसद जगदीश शेट्टार) को इस कार्यक्रम के लिए बुलाया था। हमें उनके साथ आना था, लेकिन अभी सिर्फ हम ही आए हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि शाह अब पूरी तरह ठीक हैं।

कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बोम्मई और शेट्टार ने संस्थानों का लोकार्पण किया

जोशी ने कहा कि फूड पॉइजनिंग की वजह से हुई उल्टी के कारण उन्हें थोड़ी कमजोरी आ गई थी। जोशी, कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, बेलागवी के सांसद जगदीश शेट्टार और श्री जगद्गुरु मूरुसाविरमठ के श्री गुरुसिद्ध राजयोगिन्द्र स्वामी ने शाह की अनुपस्थिति में संस्थानों का उद्घाटन किया।

राहुल ने फोन पर कन्हैया को फटकारा

चुनाव में क्या हो रहा, सचिन पायलट व हुड्डा भी थे मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन चुनाव में कांग्रेस की छात्र यूनिट एनएसयूआई को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। चारों पदों पर एनएसयूआई के कैंडिडेट्स को पराजय मिली है। अध्यक्ष समेत तीन पद एबीवीपी के पास गए हैं तो एक एनएसयूआई से बागी होकर निर्दलीय लड़ने वाले दीपांशु शौकीन ने जीत दर्ज की है। चुनाव की शुरुआत से ही एनएसयूआई के कैंडिडेट सेलेक्शन पर सवाल खड़े होते रहे। दीपांशु मजबूत कैंडिडेट माने जा रहे थे, लेकिन उन्हें उपाध्यक्ष पद के लिए टिकट नहीं मिला, जिसकी वजह से निर्दलीय मैदान में उतरना पड़ा। अब राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को फोन किया था, जिसके बाद भरी मीटिंग में वेणुगोपाल ने एनएसयूआई इनचार्ज कन्हैया कुमार को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद कांग्रेस ऑफिस में अचानक देर रात बैठक बुलाई गई। इस बैठक में वेणुगोपाल ने कन्हैया से पूछा कि यह क्या हो रहा है? राहुल ने मुझे फोन किया है।

दो देशों के साथ भारत के वीर जवानों का युद्धाभ्यास

भारत-जापान युद्धाभ्यास में दिखी देश की हवाई ताकत

जोधपुर में गरजे सुखोई-30 और राफेल के साथ एफ-2 ने भरी उड़ान

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

भारत के आसमान में इन दिनों भारत और जापान के लड़ाकू विमानों की गूंज सुनाई दे रही है। दोनों देशों की वायुसेनाएं संयुक्त हवाई अभ्यास 'वीर गार्जियन 2026' के तहत युद्ध जैसी परिस्थितियों में अपनी हवाई युद्धक क्षमताओं को परख रही हैं।

अभ्यास अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस दौरान दोनों देशों के लड़ाकू विमानों ने एयर स्ट्राइक से जुड़े कई अभियानों का अभ्यास किया है। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल जैसे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया।

22 सितंबर तक चलेगा युद्धाभ्यास

पेशेवर संवाद हुए

वहीं जापानी वायुसेना ने अपने एफ-2ए लड़ाकू विमान के साथ शिरकत की। इस चौदह दिवसीय अभ्यास में भाग लेने वाले वायु सैनिक उन्नत परिचालन मिशनों को अंजाम दिया गया। जोधपुर में दोनों सेनाओं के बीच व्यापक पेशेवर संवाद हुए। इस युद्धाभ्यास में मिशन योजना सम्मेलन, विषय विशेषज्ञों के आदान-प्रदान, इंजीनियरिंग व अंतरिक्ष सुरक्षा के पहलुओं पर भी वार्ता हुई।

भारत-अमेरिका का युद्धाभ्यास में युद्ध की बारीकियों को समझा

जमकर गरजी एम 777 तोप हॉवित्जर सटीक निशाने पर ध्वस्त किए लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

भारत और अमेरिका की सेनाएं संयुक्त युद्धाभ्यास के दौरान अपनी तोपखाना क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं। भारत में जारी इस युद्धाभ्यास के दौरान एम777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोपों से फायरिंग की गई। सैनिकों ने एम777 हॉवित्जर से सामने स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे लक्ष्यों को डायरेक्ट फायरिंग पद्धति से निशाना बनाया। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वय, संचालन क्षमता और युद्धक कौशल को मजबूत करना है। इस बीच भारतीय सेना ने 'हर पल सतर्क। हर समय तैयार।' का अपना संदेश दोहराया है।

युद्ध के लिए तैयार रहने की क्षमता का प्रदर्शन

क्षमता का प्रदर्शन

सेना जय से विजय मिशन पर काम कर रही है। भारतीय सेना के मुताबिक राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज एम777 की तोप टुकड़ियों ने बेहद सटीक निशाना साधा। सभी निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस दौरान जवानों ने अपनी पेशेवर दक्षता, सटीकता और युद्ध के लिए तैयार रहने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

महाराष्ट्र के मंत्री की पोती स्वीडन में बनीं सांसद

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की पोती नीला विखे पाटिल स्वीडन की

संसद के लिए चुनी गई हैं। 41 वर्षीय नीला ने 13 सितंबर को हुए राष्ट्रीय चुनाव में ग्रीन पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर स्टॉकहोम शहर निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की। उनके पिता शिक्षाविद अशोक विखे पाटिल हैं। स्वीडन की 349 सदस्यीय संसद रिकस्डाग में वामपंथी विपक्षी गठबंधन ने 176 सीटों के मामूली बहुमत के साथ जीत हासिल की। सांसद चुने जाने के बाद नीला ने कहा कि वह शहर और देश के विकास में योगदान देना चाहती हैं।

आईएसआई के विंग की कमान शमरेज खान को

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई में बड़े फेरबदल के तहत मेजर जनरल

मोहम्मद शमरेज खान को स्पेशल ऑपरेशंस डायरेक्टरेट का नया प्रमुख नियुक्त किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आईएसआई का यह विंग भारत में आतंकी गतिविधियों से जुड़े संगठनों के साथ काम करने के आरोपों के कारण सुरक्षा एजेंसियों की नजर में रहता है। मौजूदा प्रमुख मेजर जनरल शहाब असलम को डीएफएचक्यू भेजा गया है। इसके अलावा मेजर जनरल आदिल वारियाच को मिलिट्री इंटेलिजेंस का प्रमुख बनाया गया है।

पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके

पोर्ट मोरेस्बी। पापुआ न्यू गिनी इलाके में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर

जियोसाइंसेज के मुताबिक, भूकंप 114 किलोमीटर की गहराई पर आया। अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हालांकि जैसी ही भूकंप के झटके लगे लोग अपने अपने घरों से बाहर भाग और एक दूसरे से जानकारी लेते नजर आए। जगह जगह तो भीड़भाड़ देखकर पुलिस भी पहुंची और लोगों को भरोसा दिलाने के कोशिश की कि उन्हे कहीं कोई नुकसान नहीं होगा।

रूस में मतदान के बीच बड़ा हमला...2 की मौत, 20 लोग घायल

यूक्रेन ने मॉस्को पर दागे 1600 से अधिक ड्रोन रिफाइनरी तबाह 400 को सुरक्षित जगह पहुंचाया

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस में संसदीय चुनाव के अंतिम दिन राजधानी मॉस्को और उसके आसपास के इलाकों को निशाना बनाकर यूक्रेन की ओर से भीषण ड्रोन हमला किया गया है। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने 1,600 से अधिक ड्रोन को हवा में ही मार गिराया, जिनमें से 450 ड्रोन सीधे मॉस्को को निशाना बना रहे थे। स्थानीय गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि इस ड्रोन हमले में मॉस्को क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। हमलों में मॉस्को की एक तेल रिफाइनरी और एक आवासीय इमारत को भी नुकसान पहुंचा।

गवर्नर वोरोब्योव ने बताया कि एक ड्रोन के 21 मंजिला इमारत से टकराने के बाद आग लग गई, जिसके कारण लगभग 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। हालांकि, उन्होंने ड्रोन कहां से आया था, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

अधिकारियों के मुताबिक, यूक्रेन के दक्षिणी खेरसोन क्षेत्र के रूसी कब्जे वाले हिस्से में एक बस को भी ड्रोन से निशाना बनाया गया। इस हमले में चुनाव आयोग के एक सदस्य समेत दो लोगों की मौत हो गई। राजधानी मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि 1,600 से अधिक ड्रोन को रोका गया और मार गिराया गया, जिनमें से 450 का लक्ष्य मॉस्को था।

- ▶▶ 1,600 से अधिक ड्रोन को हवा में ही मार गिराया जिनमें से 450 ड्रोन सीधे मॉस्को को निशाना बना रहे थे
- ▶▶ मॉस्को क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए

मॉस्को के रिफाइनरी पर हमला

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कार्रवाई की तारीफ की

वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इस जवाबी कार्रवाई की तारीफ करते हुए इसे रूस के युद्ध बजट पर बड़ा प्रहार बताया है। उन्होंने बताया कि यह हमला रूस के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करने के कीव के अभियानों का हिस्सा है, जिसके जरिए रूस अपने सैन्य अभियानों का वित्तपोषण (फंडिंग) करता है। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, ₹ये वे अरबों डॉलर हैं जो रूस की युद्ध मशीन को चालू रखते हैं।₹ उन्होंने आगे जानकारी दी कि तेल और रसद सुविधाओं पर हमला करने के लिए घरेलू स्तर पर विकसित फ्लेमिंगो और पेलिकन मिसाइलों सहित कई प्रकार की मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था।

चुनाव के दौरान हमला

रूस पर यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब शुक्रवार को रूसियों ने देश के पहले संसदीय चुनाव में मतदान शुरू किया, यह चुनाव फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन में सेना भेजने के बाद हो रहा है, जिसके चलते ऐसा संघर्ष शुरू हुआ जिसमें सैकड़ों हजारों लोग मारे गए हैं। इस चुनाव में सिर्फ वही पार्टियां लड़ सकती हैं, जो पुतिन और क्रेमलिन के सैन्य अभियान का समर्थन करती हैं। मॉस्को ने कब्जे वाले यूक्रेन में भी मतदान का आयोजन किया है।

जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने जारी किया बयान

उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

उत्तर कोरिया ने रविवार को एक बार फिर ईस्ट सी की ओर 'संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल' दागी। दक्षिण कोरिया और जापान ने इसकी पुष्टि की है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया ने संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है और इससे जुड़ी अतिरिक्त जानकारी जुटाई जा रही है। जापान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल समुद्र में गिर गई। जापानी मीडिया ने बताया कि इसका संभावित गिरने का स्थान जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के बाहर था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने भी कहा कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी समुद्र की ओर एक अज्ञात प्रोजेक्टाइल दागा। शुरुआती तौर पर मिसाइल की सटीक दूरी, ऊंचाई और उड़ान पथ की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी।दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने प्रक्षेपण के बाद एक बयान जारी किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे साझा किया गया। बयान के अनुसार, अधिकारियों से उत्तर कोरिया की गतिविधियों पर नजर रखने और संभावित अतिरिक्त प्रक्षेपणों के लिए तैयार रहने को कहा गया। संबंधित अधिकारियों को सूचना जुटाने और उसका विश्लेषण करने के साथ-साथ विमान और जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने आपात स्थिति के लिए तैयार रहने और जनता को समय पर उचित जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

हूतियों ने रियाद और यानबू में किए हमले

एयरपोर्ट के पास दिखा धुएं का गुबार, सऊदी अरब में अलर्ट

सऊदी राजधानी के कुछ हिस्सों में शनिवार को ज़ोरदार धमाकों की आवाज़ सुनाई दी। हूतियों ने दावा किया कि उन्होंने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में ₹संवेदनशील ठिकानों₹ और रेड सी के पोर्ट शहर यानबू में हमले किए हैं। इससे पहले सऊदी अरब में दुश्मनों के हवाई हमले के संभावित ख़तरे की चेतावनी जारी की गई थी। इसके बाद रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास काले धुएं का गुबार और आग की लपटें देखी गईं। सऊदी सिविल डिफेंस ने रियाद और राजधानी के पूर्व में स्थित शहर अल-खर्ज के निवासियों को हवाई हमलों से संभावित ख़तरे के बारे में चेतावनी देते हुए अलर्ट भेजे थे। हूती मिलिट्री के प्रवक्ता याह्या सरी ने कहा कि ग्रुप ने बैलिस्टिक और क्रूज़ मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल करके दो ऑपरेशन किए। उन्होंने बताया कि एक ऑपरेशन में रियाद में संवेदनशील ठिकानों को और दूसरे में यानबू में अरामको की सुविधाओं को निशाना बनाया गया। तस्वीरों और वीडियो में एयरपोर्ट के पास काले धुएं का एक बड़ा गुबार उठता हुआ और फ्यूल टैंक जैसी चीज़ों के पीछे आग की लपटें दिखाई दीं। एयरपोर्ट के पास अरामको के एक फ्यूल टैंक में आग लगी देखी, जबकि फायरफाइटर्स आग बुझाने की कोशिश करते दिखे। इस घटना के बाद किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित रहीं। एयरपोर्ट पर उड़ानों के रद्द होने और देरी की जानकारी दी और अपने 'डिसरप्शन इंडेक्स' पर इसे 5.0 का स्कोर दिया, जो सबसे ज़्यादा लेवल है। इसका मतलब हैलंबी देरी और कई उड़ानों के रद्द होने जैसी बड़ी समस्याएं हैं। जुलाई में हूती समूह के साथ तनाव बढ़ने के बाद रियाद में ये पहला अलर्ट था। इस समूह ने रियाद के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी की घोषणा करने के बाद सऊदी अरब पर हमले शुरू किए हैं, जिसमें लाल सागर में सऊदी जहाजों को भी निशाना बनाया गया है।

इटली के स्कूलों में बुर्का और हिजाब पर लगेगा प्रतिबंध

विदेशी छात्रों की संख्या भी होगी सीमित

एजेंसी ▶▶ रोम

प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने रविवार को अपनी पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली के एक युवा कार्यक्रम में घोषणा की कि इटली के स्कूलों में चेहरा ढकने वाली चीजों जैसे-बुर्का और हिजाब पर रोक लगाई जाएगी, और हर क्लाश में विदेशी छात्रों की संख्या सीमित होगी।

मेनोली ने कहा कि जल्द ही कैबिनेट की बैठक में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा ताकि हर क्लास में विदेशी छात्रों की अधिकतम संख्या कानूनी रूप से तय की जा सके। इसमें उन विदेशी छात्रों के माता-पिता के लिए इतालवी भाषा सीखना जरूरी होगा जिन्हें स्कूल सिस्टम में घुलने-मिलने में गंभीर दिक्कते आ रही हैं। साथ ही स्कूलों में बुर्का और नकाब पर रोक लगाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि अगर क्लास में सिर्फ बच्चा ऐसा है जिसे इतालवी भाषा समझ नहीं आती, तो वह बच्चा शायद क्लासमेट और टीचर की मदद से भाषा सीख लेगा और जल्द ही घुल-मिल जाएगा। लेकिन अगर भाषा न समझने वाले बच्चों की संख्या ज्यादा हो जाती है, या वे बहुमत में आ जाते हैं, तो यह घुलना-मिलना नहीं, बल्कि अनदेखी है।

छात्रों के बिना चेहरा ढके स्कूल आना चाहिए: मेलोनी

इटली की प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों के बिना चेहरा ढके स्कूल आना चाहिए, और इटली में कोई भी असली या काल्पनिक परंपरा के नाम पर यह तय नहीं कर सकता कि किसी युवा महिला को खुद को ढंककर रखना चाहिए।

पीटीआई के प्रदर्शन से पहले कार्रवाई

पूर्व पीएम इमरान खान की बहन अलीमा हुई गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा 27 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध मार्च से ठीक पहले लाहौर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान की बहन अलीमा खान को रविवार को उनके लाहौर स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। इसकी पीटीआई के प्रवक्ता ने अलीमा खान की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। हालांकि, लाहौर पुलिस की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

अलीमा खान पिछले कई दिनों से जेल में बंद अपने भाई इमरान खान की रिहाई को लेकर 27 सितंबर को होने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की रणनीति और योजनाएं बना रही थीं। गौरतलब है कि इमरान खान तीन साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं।

इंग्लैंड में सिख बस ड्राइवर पर हमला

दाढ़ी खींचकर छीनी बस, आरोपी ने कई वाहनों को मार दी टक्कर

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड के टेलफोर्ड शहर में एक सिख बस ड्राइवर के साथ मारपीट कर बस लूटने और उसे लापरवाही से चलाने की हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यह वारदात 18 सितंबर की शाम मेडले स्थित कोर्ट स्ट्रीट पर हुई।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान यमन के 33 वर्षीय नागरिक अली बलहाद के रूप में हुई है। घटना के सामने आए वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि आरोपी अली बलहाद ने पहले सिख ड्राइवर की दाढ़ी खींची और फिर सिर से हमला किया। ड्राइवर केबिन में तोड़फोड़ करते हुए आरोपी ने उसे मारने की धमकी दी और जबरन बस से बाहर धक्का दे दिया। घटना के दौरान पीड़ित ड्राइवर लोगों से पुलिस को फोन करने और मदद की गुहार लगाता नजर आया। बस पर कब्जा करने के बाद आरोपी ने उसे सड़क की गलत दिशा में तेज रफ्तार से दौड़ाया, जिसके चलते बस कई वाहनों से टकरा गई।

एक साथ आसमान में उतरे नौ हॉक एमके-52 विमान

एयर शो : सूर्यकिरण ने लिखी शौर्यगाथा, मेरठी बोले- वंदेमातरम

एजेंसी ▶▶ मेरठ

क्रांतिधरा मेरठ में भारतीय वायु सेना के सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम का एयर शो आयोजित किया। मोहिउद्दीनपुर स्थित न्यू टाउनशिप में हजारों की संख्या में लोग उमड़े। शो में नौ हॉक एमके-52 विमानों ने खूबसूरत प्रदर्शन किया। मेरठ के तीन स्क्वाड्रन लीडरों ने भी भाग लिया, जिससे स्थानीय युवाओं को प्रेरणा मिली। पहली बार मेरठ में भारतीय वायु सेना के प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम का शानदार एयर शो आयोजित किया गया। लोगों ने देखकर कहा वंदेमातरम। इस भव्य और रोमांचक एयर शो को देखने के लिए आसमान के नीचे भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। जैसे ही मोहिउद्दीनपुर स्थित न्यू टाउनशिप के आसमान में वायु सेना के विमानों ने गर्जना करते हुए उड़ान भरी, पूरा इलाका तालियों और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। एयर शो का सबसे बड़ा आकर्षण एक साथ आसमान में उतरे नौ हॉक एमके-52 विमान रहे। इन विमानों ने अचूक फॉर्मेशन में उड़ान भरते हुए एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कलाबाजियां दिखाईं।

- एयर शो को देखने के लिए आसमान के नीचे भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा

पहली बार मेरठ में हुआ ऐसा भव्य आयोजन

यह पहला अवसर था जब मेरठ की पावन धरा पर वायु सेना के किसी एयर शो का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए प्रशासन और वायु सेना द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के लोगों में इस शो को लेकर भारी उत्साह देखा गया। वायु सेना के इस प्रदर्शन ने देश की रक्षा शक्ति और तकनीकी कौशल का अद्भुत उदाहरण पेश किया। इस एयर शो ने न केवल मेरठ को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान दी है, बल्कि देश की युवा पीढ़ी को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए भी प्रेरित किया है।

तीन जांबाज स्क्वाड्रन लीडरों की गौरवशाली भागीदारी

इस एयर शो ने मेरठवासियों का सीना गर्व से और चौड़ा कर दिया, क्योंकि इस सूर्यकिरण टीम में मेरठ के ही तीन लाल स्क्वाड्रन लीडर राहुल सिंह, अमन गोयल और शरद गोयल भी शामिल रहे। अपने ही शहर के आसमान में अपने कला कौशल का प्रदर्शन कर इन जांबाज अधिकारियों ने न केवल वायु सेना का मान बढ़ाया, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए भी एक मिसाल पेश की।

ईरान युद्ध पर अमेरिका का 43.6 अरब डॉलर खर्च

सऊदी को हथियार बेचकर यूस ने वसूल लिए 4.22 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का अनुमानित खर्च 43.6 अरब डॉलर (करीब 4.18 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच गया है। इसी बीच जनवरी से सितंबर 2026 के बीच अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ करीब 44 अरब डॉलर (लगभग 4.22 लाख करोड़ रुपए) के संभावित रक्षा सौदों को मंजूरी दी है।

दोनों आंकड़े लगभग बराबर होने के कारण चर्चा है कि क्या अमेरिका युद्ध की लागत की भरपाई हथियारों की बिक्री से कर रहा है। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर इसे सीधे तौर पर युद्ध खर्च की वसूली कहना जल्दबाजी होगी।

हथियारों के पुनर्भरण पर 2.69 लाख करोड़ रुपए खर्च

पेंटागन की 3 सितंबर की रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी से शुरू हुए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी पर 43.6 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है। इसमें करीब 11.2 अरब डॉलर सैन्य अभियानों पर खर्च या प्रतिबद्ध हैं, जबकि बाकी राशि इस्तेमाल किए गए हथियारों और उपकरणों को दोबारा हासिल करने तथा नुकसान की भरपाई से जुड़ी है। अकेले खर्च हो चुके हथियारों के पुनर्भरण पर करीब 2.69 लाख करोड़ रुपए का अनुमान है। दूसरी ओर, सऊदी अरब के लिए छह बड़े संभावित रक्षा सौदों को मंजूरी मिली है।

भोपाल में 'शत्रु संपत्ति' की फाइल फिर खुली: कोहेफिजा के रहवासियों को नोटिस, अब 24 को पेश करना पड़ेगा जवाब

रियाज मंजिल से जुड़े खसरा नं. 42 की जांच ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रियासत के अंतिम नवाब हमीदुल्लाह खान और उनकी दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम से जुड़ी संपत्तियों को लेकर वर्षों से चला आ रहा 'शत्रु संपत्ति' विवाद अब सीधे वर्तमान भू-स्वामियों और रहवासियों के दरवाजे तक पहुंच गया है। न्यायालय सहायक अभिरक्षक शत्रु संपत्ति एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल ने 16 सितंबर 2026 से कोहेफिजा क्षेत्र में लोगों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करना शुरू किया है।

शत्रु संपति' विवाद वर्तमान भू-स्वामियों और रहवासियों के दरवाजे तक पहुंच गया


न्यायालय सहायक अभिरक्षक शत्रु सम्पत्ति (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व) संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त . भोपाल
क्रमांक [illegible]/अ.वि.अ./2026 भोपाल दिनांक 16/09/2026
// कारण बताओ सूचना पत्र //
प्रति,
निवासी कोहेफिजा भोपाल(खसरा क. 42/10 रकबा 0.0320 है.)
उपरोक्त विषयान्तर्गत ग्राम कोहेफिजा स्थित रियाज मंजिल एवं अन्य भूमि [illegible] क्रमांक 42 के संबंध में श्री अमिताभ अग्निहोत्री द्वारा शिकायती पत्र प्रस्तुत कर लेख [illegible] गया है कि रियाज मंजिल को भारत के शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय द्वारा फाइल [illegible] नंबर 16-01/03/84 दिनांक 29.04.2024 के अनुसार शत्रु सम्पत्ति घोषित किया गया है और [illegible] खसरे के कॉलम 12 में शत्रु सम्पत्ति को शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक में निहित किया गया है। [illegible] शत्रु सम्पत्ति अधिनियम 1968 की धारा 12 के अन्तर्गत सम्पत्ति जांच की प्रविष्टि इन्द्राज है एवं [illegible] प्रमाण पत्र जारी किया गया है।
अतः आप दिनांक 24/09/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने प्लीडर के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन हेतु आवश्यक/ साक्ष्य प्रस्तुत करें। आपके पक्ष समर्थन प्रस्तुत न करने की दशा में इस न्यायालय द्वारा शत्रु सम्पत्ति अधिनियम 1968 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
यह सूचना पत्र आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया।
सहायक अभिरक्षक शत्रु सम्पत्ति
संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त . भोपाल

दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा

सामने आए एक नोटिस में ग्राम कोहेफिजा के खसरा क्रमांक 42/10, रकबा 0.0320 हेक्टेयर के वर्तमान संबंधित व्यक्ति को 24 सितंबर को उपस्थित होकर अपने पक्ष में दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस में उल्लेख है कि अमिताभ अग्निहोत्री द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर जांच की गई तथा रियाज मंजिल को भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय की फाइल नंबर 16-01/03/84, दिनांक 29 अप्रैल 2024 के अनुसार शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है। साथ ही खसरे के कॉलम 12 में "शत्रु संपत्ति जांच" की प्रविष्टि होने का उल्लेख करते हुए एनेमी प्रॉपर्टी एक्ट, 1968 की धारा 12 का हवाला दिया गया है।

रियाज मंजिल से आगे बढ़ सकता है जांच का दायरा

रियाज मंजिल का ऐतिहासिक संबंध नवाब हमीदुल्लाह खान की दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम से बताया जाता है। बताया जाता है कि यह कोठी नवाब हमीदुल्ला खान ने अपनी पत्नी श्रीमती आफताब जहां को दी थी। मामला इसलिए और महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह जांच केवल एक कोठी तक सीमित रहने के संकेत नहीं देती। जून 2026 में भोपाल कलेक्टर द्वारा शत्रु संपत्तियों की जांच के लिए बैरागढ़ सहित विभिन्न एसडीएम को निर्देश दिए जाने और जांच में रियाज मंजिल, मेपल हाउस, नानी की हवेली तथा नवाब परिवार से संबंधित अन्य संपत्तियों को शामिल किए जाने की खबरें सामने आई थीं। आफताब जहां से संबंधित जमीनों को लेकर भी बड़े दावे सामने आए हैं। बताया जाता है कि वर्ष 1959 के राजस्व रिकॉर्ड में श्रीमती आफताब जहां बेगम के नाम बेहटा और बोरबन में सैकड़ों एकड़ भूमि दर्ज होने का दावा कालांतर में किया गया था। इसमें बहुत सारी जमीनें श्रीमती आफताब जहां बेगम के नाम से पावर आफ अटानी और उनके फर्जी हस्ताक्षरों के आधार पर हिबानाम से जमीनों को बेचा गया था। बेहटा की 30.55 एकड़ जमीन की वर्ष 1994 की बिक्री को लेकर भी ईओडब्ल्यू से जांच की मांग की गई है।

बैरागढ़, कोहेफिजा, खानूगांव और आसपास के क्षेत्रों के लिए क्यों महत्वपूर्ण?

इस कार्रवाई का वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि 29 अप्रैल 2024 के अभिरक्षक आदेश/प्रमाण-पत्र में वास्तव में कौन-कौन सी संपत्तियां, खसरा नंबर और कितनी भूमि शामिल हैं। यही कारण है कि वर्तमान भू-स्वामियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या उनका वर्तमान खसरा वास्तव में 29 अप्रैल 2024 के आदेश की संपत्ति-सूची में शामिल है, अथवा अभी उसकी केवल जांच चल रही है? यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जारी नोटिस में एक तरफ रियाज मंजिल को पहले से शत्रु संपत्ति घोषित बताया गया है, जबकि संबंधित खसरे में शत्रु संपत्ति जांच की प्रविष्टि का उल्लेख किया गया है।

इन अधिकारियों को सरकार ने दी जिम्मेदारी, करेंगे कार्रवाई

इस कार्रवाई का एक महत्वपूर्ण वैधानिक पहलू भी सामने आया है। केंद्र सरकार ने 25 अप्रैल 2024 की अधिसूचना के माध्यम से देशभर के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को पदेन डिप्टी कस्टोडियन एसडीएम को को पदेन एसिस्टेंट कस्टोडियन तथा तहसीलदारों को पदेन इंस्पेक्टर ऑफ एनेमी प्रॉपर्टी की जिम्मेदारी दी है। केंद्र सरकार ने फरवरी 2026 में राज्यसभा में इसकी आधिकारिक जानकारी भी दी। इसलिए भोपाल में एसडीएम स्तर पर शुरू हुई यह कार्रवाई महज सामान्य राजस्व जांच न होकर एनेमी प्रॉपर्टी एक्ट के वैधानिक ढांचे से जुड़ी गंभीर प्रक्रिया है। इस घटनाक्रम से यह निष्कर्ष निकालना अभी उचित नहीं होगा कि कोहेफिजा, खानूगांव, बैरागढ़, बोरबन, बेहटा, लाउखेड़ी की सभी संबंधित जमीनें शत्रु संपत्ति हो गई हैं। प्रत्येक संपत्ति की स्थिति मूल स्वामित्व, पुराने खसरा रिकॉर्ड, बटांकन, नामांतरण के वास्तविक आदेश से तय होगी।

पुलिसकर्मी को ग्राहक बनाकर भेजा, पुष्टि होने पर मारा छापा

एमपी नगर जोन टू के मिलेनियम स्पा में चल रहा था देह व्यापार, महिला सहित 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जोन टू के मिलेनियम स्पा पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान स्पा में तीन युवक और युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में मिले। पुलिस ने स्पा संचालक महिला सहित तीन लोगों पर देह व्यापार अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा ने बताया कि जोन टू एमपी नगर में मिलेनियम स्पा में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिल रही थी। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने आलाधिकारियों से सूचना से अवगत कराया। इसके बाद सुनियोजित तरीके से एक पुलिसकर्मी को स्पा में ग्राहक बनाकर भेजा गया।

शनिवार शाम स्पा में पहुंचे पुलिसकर्मी ने स्पा में बैठे संचालक से बातचीत की। इस दौरान स्पा में अनैतिक देह व्यापार होने की पुष्टि हो गई। पुष्टि होने के बाद पुलिसकर्मी ने टीम को मोबाइल पर मैसेज किया। मैसेज मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सर्चिंग की। इस दौरान महिला पुलिसबल भी मौजूद था। टीम ने स्पा में तीन युवक और युवतियों को संदिग्ध परिस्थितियों में देखा था। पुलिस ने स्पा संचालक अमन रजक, रवि और एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस बोली- अनैतिक गतिविधियां मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

स्पा में मिली आपत्तिजनक सामग्री

थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि स्पा में तलाशी लेने पर आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। इसके अलावा अन्य स्पा संचालकों को भी समझाइश दी गई है कि अपने स्पा में गुमास्ता नियम के अनुसार ही काम करें। अनैतिक गतिविधियां मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घर में जेवर नहीं मिलने पर मां ने पूछा तो हुआ

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म, ब्लैकमेल कर नगदी और जेवर लिए

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में 17 साल की नाबालिग से दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी एक साल से छात्रा से संबंध बना रहा था। आरोपी ने ब्लैकमेल करते हुए नाबालिग से घर में रखे जेवर और नगदी भी हड़प ली। जब घर के जेवर नहीं दिखे तो मां ने बेटी से पूछा था। इस दौरान बेटी ने मां को आपबीती सुनाई। मां उसे लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर दुष्कर्म, पाक्सो सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार छोला मंदिर क्षेत्र में रहने वाली 17 साल की किशोरी स्कूली छात्रा है। करीब एक साल पहले उसकी दोस्ती असद खान (23) नामक युवक से हुई थी।

14 साल की किशोरी से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

बिलखिरिया पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 14 साल की किशोरी आठवीं कक्षा की छात्रा है। शुक्रवार 18 सितंबर की रात में घर में अकेली थी। उसकी मां और बहन किसी काम से कहीं गए हुए थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला राज लहरे नामक युवक सूने घर में घुस गया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की और उसे घसीटता हुआ अंधेरे नाले के पास ले गया। वहां जान से मारने की धमकी देकर आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया।

संत कुटिया में देश विदेश से आएंगे हजारों श्रद्धालु

संत हिरदाराम साहिब की जयंती श्रद्धा, सेवा के साथ मनेगी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

ब्रह्मलीन संत हिरदाराम साहिब की 120वीं जयंती सोमवार, 21 सितंबर को संत हिरदाराम नगर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर शहर में विभिन्न धार्मिक एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। श्रद्धालु संत की सेवाओं को स्मरण करते हुए उनके सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे।

संत हिरदाराम कुटिया पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए खुली रहेगी। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुटिया पहुंचकर संत को नमन करेंगे। कुटिया में विशेष आध्यात्मिक एवं भक्तिमय कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

नवयुवक सभा में विशाल भंडारा

नवयुवक सभा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। वहीं जीव सेवा संस्थान द्वारा संत हिरदाराम साहिब की जयंती को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

सिविल अस्पताल लगाएगा रक्तदान शिविर

संत हिरदाराम साहिब के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से सिविल अस्पताल, बैरागढ़ द्वारा 21 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। रक्त संग्रहण वाहन पावन कुटिया के बाहर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपलब्ध रहेगा। रक्तदान की प्रक्रिया अनुभवी पैथोलॉजिस्ट एवं प्रशिक्षित तकनीशियनों की देखरेख में होगी तथा रक्तदाताओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

23 को सहारा लहंगी डंडा प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम इकलवाड़ा (तामोट) में स्व. अर्णपसिंह भल्लावी की स्मृति में विशाल सहारा लहंगी डंडा प्रतियोगिता का आयोजन 23 सितंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ रात्रि 9 बजे होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7,001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5,001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3,001 रुपए तथा पंचम पुरस्कार 2,001 रुपए रखा गया है। इसके अलावा कई विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा रहेंगे। आयोजन को लेकर ग्राम इक्लवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्र में तैयारियां की जा रही हैं। आयोजक समिति ने नागरिकों एवं सहारा लहंगी डंडा मंडलों से प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की है। आयोजन अध्यक्ष नेमीचंद भल्लावी हैं।

नई ब्याज 1 अक्टूबर 2026 से होगी लागू

थ्रिफ्ट सोसाइटी के सदस्यों को सौगात: ऋण की ब्याज दर घटकर 8.60% व लाभांश होगा 17%

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईई थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड भोपाल की वार्षिक आमसभा का आयोजन थ्रिफ्ट सोसायटी परिसर में किया गया। आमसभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। थ्रिफ्ट सोसायटी के अध्यक्ष बंसत कुमार ने आमसभा को संबोधित करते हुए सदस्यों को सोसायटी की ऋण ब्याज दर में 0.15 प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। इसके बाद ऋण की ब्याज दर घटकर 8.60 प्रतिशत रह जाएगी। नई ब्याज दर एक अक्टूबर से सभी नए एवं पुराने ऋणों पर लागू होगी। इससे वर्तमान ऋण लेने वाले सदस्यों को भी सीधे लाभ मिलेगा। बंसत कुमार ने सदस्यों के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि सोसायटी द्वारा दिए जाने वाले लाभांश में 1 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। अब सदस्यों को 17 प्रतिशत लाभांश दिया जाएगा। अध्यक्ष बंसत कुमार ने आमसभा के समक्ष सभी निर्धारित एजेंडे एवं प्रस्ताव प्रस्तुत किए तथा उनके संबंध में सदस्यों को जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों ने सभी एजेंडों को एक मत समर्थन के साथ पारित किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अगले वर्ष उपहार

अध्यक्ष बंसत कुमार ने घोषणा की कि सोसायटी द्वारा आने वाले महीनों में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें सदस्यों एवं उनके परिवारों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले वर्ष भी सोसायटी के सदस्यों के लिए उपहार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धनतेरस के अवसर पर लगभग 2 करोड़ 12 लाख की राशि लाभांश के रूप में सदस्यों के बीच वितरित की जाएगी।

पति को कॉल कर माफी मांग पत्नी ने लगाई फांसी

भोपाल। तलैया थाना क्षेत्र स्थित फतेहगढ़ में मस्जिद के पास रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या से पूर्व उसने पति को कॉल कर माफी मांगी थी। संदेह होने पर पति घर पहुंचा तो वह फांसी लगा चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संगीता कनाडे पति मुकेश कनाडे (35) मस्जिद के पास फतेहगढ़, तलैया में रहती थी। वह पढ़ी लिखी नहीं थी और गृहणी थी। पति मजदूरी करता है। पति पत्नी के अलावा परिवार में तीन बच्चे हैं। रविवार सुबह पति घर से कुछ दूरी पर काम पर गया था। सुबह करीब दस बजे उसे पत्नी ने कॉल किया और कहा कि यदि मुझसे कोई गलती हुई हो तो मुझे माफ कर देना। इसके बाद उसने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया। संदेह होने पर पति ने दौबारा कॉल किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। पति फौरन काम छोड़कर घर लौटा। इस दौरान संगीता उसे फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

बप्पा के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

औबेदुल्लागंज। अर्जुन नगर वार्ड 12 में मां बिजासन गणेश उत्सव समिति की आकर्षक झांकी नगर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति के सदस्य विनीत यादव, रोहित सैनी, अरुण यादव, मनीष अरोरा ने बताया कि श्रद्धालु बप्पा के दर्शन करने आ रहे हैं।

आबकारी विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

गलियों तक पहुंच रही कच्ची शराब! अवैध बिक्री के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर और आसपास के क्षेत्रों में कथित अवैध कच्ची शराब की बिक्री का मामला एक बार फिर चर्चा में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब की अवैध बिक्री कई क्षेत्रों में खुले तौर पर हो रही है और कुछ जगहों पर घर-घर तक शराब पहुंचाई जा रही है। लोगों के अनुसार पटेल चौराहा, गोहरगंज रोड पर पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुन नगर, दीवाटिया, तामोट, सिंधी कैंप, कालीतलाई, उमरिया और बरखेड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में कथित रूप से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

स्थानीय निवासी शंकर लाल दादा, बिशन सिंह और धरमु ने बताया कि क्षेत्र में कई लोग शराब के आदी हैं। शराब के सेवन से आए दिन परिवारों में विवाद होते हैं। वहीं शराब खर्च परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध शराब पर रोक लगना चाहिए।

जांच-पड़ताल की मांग

अवैध शराब बिक्री की शिकायतों के बीच आबकारी विभाग और पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं तो जिम्मेदार विभागों द्वारा नियमित जांच और प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस और आबकारी विभाग संयुक्त रूप से नगर एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में जांच अभियान चलाए तथा अवैध शराब की बिक्री पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहरीली शराब से होने वाली घटनाएं बेहद गंभीर होती हैं। ऐसे में प्रशासन को किसी बड़ी घटना का इंतजार करने के बजाय शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की जरूरत है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब बिक्री के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

पर्युषण पर्व का चौथा दिन

उत्तम सत्य धर्म की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

आज पर्यूषण पर्व का पांचवा दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा अर्चना की ऐलक श्री दयासागर महाराज जी अपने प्रवचन में कहा कि सत्य जीवन की वास्तविकता है भारतीय परंपरा में सत्य को नारायण कहा गया है जैन धर्म में कहा गया है कि सत्य ही भगवान है जो सत्यनिष्ठ है वही सत्य चरण का साधक और भक्त है दयासागर महाराज जी ने कहा कि सत्य से बढ़कर कोई जप और तप नियम संयम नहीं है अप्रिय वचन बोलना भी असत्य है सत्य बोले हित -मित प्रिय बोले सत्य की सदैव विजय होती है जीवन का शाश्वत सुख प्राप्त करना हे तो मन वचन कार्य से सत्य आचरण को अपने जीवन में प्रतिष्ठित करो

परमहंस संत हिरदाराम साहिबजी का आज 120वां अवतरण दिवस

परमहंस संत हिरदाराम साहिबजी : सेवा की वह ज्योति, जो आज भी प्रकाशमान है...

एक ऐसा पावन दिवस, जब श्रद्धा केवल स्मरण नहीं करती, बल्कि सेवा का संकल्प लेती है। इस दिन परमहंस संत हिरदाराम साहिबजी का 120वां अवतरण दिवस श्रद्धा, भक्ति और सेवा-भाव के साथ मनाया जाएगा। 21 सितंबर 1906 को सिंध की पावन धरती पर जन्मे संत हिरदाराम साहिबजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन किसी एक व्यक्ति, समाज या समुदाय तक सीमित नहीं था; वह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए करुणा, त्याग, परोपकार और सेवा का संदेश था। संतजी का जीवन हमें यह सिखाता है कि ईश्वर की आराधना केवल मंदिरों में दीप जलाने से नहीं, बल्कि किसी पीड़ित के जीवन में आशा का दीप जलाने से होती है। उनके लिए बूढ़े, बीमार, असहाय और बच्चे-हर जरूरतमंद ईश्वर का ही रूप था। वे कहते थे

बच्चे, बूढे बच्चे और बीमार, हैं परमेश्वर के यार॥
करें भावना से उनकी सेवा, पाएंगे लोक परलोक में सुख अपार॥



उनका विश्वास था कि समाज के कमजोर और वंचित वर्ग की सेवा ही सच्ची साधना है। यही विचार आगे चलकर उनके जीवन का मूल मंत्र बना- 'मानव सेवा ही माधव सेवा है।' संत हिरदाराम जी के जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने केवल उपदेश नहीं दिए, बल्कि अपने जीवन को उन उपदेशों की सजीव मिसाल बना दिया। अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए उन्होंने अपनी ऊर्जा, समय और आध्यात्मिक शक्ति को समाज की पीड़ा दूर करने में लगा दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, गरीबों की सहायता और सामाजिक उत्थान को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। उनकी दृष्टि में सेवा कोई अवसर विशेष का कार्य नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति थी। संतजी की सेवा-साधना का एक महत्वपूर्ण अध्याय भोपाल के तत्कालीन बैरागढ़ से जुड़ा है। आज यही क्षेत्र संत हिरदाराम नगर के नाम से जाना जाता है। यह नाम केवल किसी स्थान का नाम नहीं, बल्कि उस महान संत की सेवा-परंपरा की जीवंत स्मृति है। मप्र सरकार द्वारा बैरागढ़ का नाम बदलकर संत हिरदाराम नगर किया जाना तथा केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे स्टेशन का नाम 'संत हिरदाराम नगर' किया जाना भी उनके सामाजिक योगदान की सार्वजनिक पहचान का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने बच्चों और युवाओं की शिक्षा तथा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दिया। उनके विचार में एक शिक्षित बेटी केवल अपना भविष्य नहीं बदलती, बल्कि पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बदलने की क्षमता रखती है। आज संतजी की प्रेरणा से संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाएं इसी विचार को आगे बढ़ा रही हैं। स्वास्थ्य सेवा भी उनकी करुणामयी दृष्टि का महत्वपूर्ण क्षेत्र रही।

विशेष आलेख

जीव सेवा संस्थान की स्थापना 1994 में विभिन्न सेवा संस्थाओं के कार्यों के समन्वय और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के उद्देश्य से की गई थी। संस्थान से जुड़ी अनेक सहयोगी संस्थाएं आज इसी सेवा-दर्शन को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, कौशल विकास तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में चल रहे कार्य इसके प्रमाण हैं कि संतजी का शरीर भले ही आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन विचारधारा आज भी जीवित है।

महेश दयारामानी
सचिव, जीव सेवा संस्थान

महिला दोस्त को बहन मानता था आरोपी, मृतक करता था बात

महिला दोस्त को लेकर पंद्रह दिन पहले हुए विवाद का बदला लेने युवा पेंटर को चलती बाइक पर मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रविवार सुबह चलती बाइक पर युवक को गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी का पंद्रह पहले विवाद हुआ था। दरअसल, विवाद एक महिला के कारण हुआ था।

आरोपी महिला को अपनी बहन मानता था, जबकि मृतक उससे बातचीत करता था। इसी बात को लेकर पंद्रह दिन पहले आरोपी ने मृतक के साथ मारपीट

मृतक इखलास ताशी

करते हुए हाथ तोड़ दिया था। उस समय भी आरोपी ने उस पर पिस्टल तानी थी, लेकिन आसपास के लोगों की समझाइश के बाद विवाद शांत हो गया। विवाद शांत होने के बाद दोनों में फिर दोस्ती हो गई थी, लेकिन हत्यारा मृतक से रंजिश बनाए रखा था। रंजिश के चलते ही उसने मछली पकड़ने चलने का प्लान बनाया और गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार 21 साल का इखलास ताशी, पेंटर था। रविवार सुबह वह अलीम उर्फ अल्लू और एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से मछली मारने के लिए तालाब जाने के लिए निकले। दोस्त बाइक चला रहा था। इखलाश बीच में बैठा था और अलीम पीछे बैठा हुआ था।

पहले भी मारपीट में मृतक का तोड़ चुका था हाथ

अलीम उर्फ अल्लू एक इरानी महिला को अपनी बहन मानता था। इखलाश उसी महिला से बातचीत करता था। इखलाश को अलीम ने पंद्रह दिन पहले समझाइश दी थी। इसी बात को लेकर अलीम और इखलाश का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट हुई और अलीम ने इखलाश का हाथ तोड़ दिया। उस समय भी अलीम ने पिस्टल निकालकर इखलाश को धमकाया था, लेकिन आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर कहा कि दोस्त होकर आपस में लड़ते हो और विवाद शांत हो गया। इस मारपीट में इखलाश का हाथ फैक्चर हुआ था। आपसी मामला होने के कारण शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

पिस्टल लेकर घूमता था अलीमः अलीम का निशातपुरा पुलिस रिकार्ड खंगाल रही है। वह अवैध पिस्टल लेकर इलाके में घूमता था फिर भी उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही दिनदहाड़े इलाके में हत्या हो गई।

शराब पार्टी के बाद नादिर कॉलोनी पहुंचे थे

पिस्टल लहराकर सिक्योरिटी गार्ड को धमकाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र की नादिर कॉलोनी में गेट पर गार्ड को पिस्टल लहराकर धमकाने और गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की ग्रैंड विटारा कार जब्त की है, जबकि हथियार की तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक 18 सितंबर की रात करीब 1:30 बजे बाल भवन स्कूल के पास नादिर कॉलोनी के गेट पर गार्ड ने कार सवार युवकों को अंदर जाने से रोक दिया था। इस पर आरोपियों ने हथियार लहराते हुए धमकाया और गाली-गलौज की। घटना के बाद आरोपी कार से फरार हो गए। मामले में श्यामला हिल्स थाने में केस दर्ज किया गया।

घटना की कार जब्त पिस्तौल की तलाश

सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने विक्रमादित्य उर्फ बॉबी (25), सोनू सोंधिया उर्फ सूरज (26), अजय राउत (29) और हर्ष उर्फ छोटू जोशी को हिरासत में लिया। पूछताछ में सामने आया कि चारों ने 17 सितंबर की रात बॉबी के तुलसी नगर स्थित घर पर शराब पार्टी की थी। इसके बाद करीब 12:45 बजे बॉबी की ग्रैंड विटारा से डिपो चौराहा और दूरदर्शन तिराहा होते हुए बाल भवन स्कूल पहुंचे। यहां नादिर कॉलोनी के गेट के पास हर्ष उर्फ छोटू कार से उतरा और हथियार लहराकर गार्ड को धमकाया।पुलिस ने बॉबी के कब्जे से जब्त की है। पुलिस हथियार की तलाश कर रही है।

अपाक्स के नेतृत्व में हुआ मंथन कार्यक्रम

एससी-एसटी व ओबीसी अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपाक्स के तत्वावधान में संयुक्त मोर्चा एवं एससी-एसटी-ओबीसी अधिकारी-कर्मचारी समस्याओं पर मंथन कार्यक्रम का आयोजन दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय शिवाजी नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से कर्मचारी-अधिकारी संगठनों, सामाजिक संगठनों एवं पिछड़ा वर्ग से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए कर्मचारी हित, सामाजिक न्याय, आरक्षण और समान अवसर से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आने की

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का भोपाल में पदवृद्धि की मांग को लेकर 31वें दिन भी आंदोलन जारी है। वहीं अभ्यर्थी नरेंद्र राजपूत 10 दिन से निर्जल भूख हड़ताल पर बैठे हैं। रविवार को नरेंद्र राजपूत की फिर तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। राजपूत ने कहा कि सरकार नियमों और पुराने आदेशों के आधार पर हमसे चर्चा करे। अगर मंत्री को लगता है कि पदवृद्धि पूरी तरह गलत है, तो हमारे बीच आकर समझाएं। नरेंद्र राजपूत ने कहा कि राहुल गांधी से संपर्क हुआ है। उन्हें राहुल गांधी की ओर से संदेश मिला है। राहुल गांधी जल्द ही आंदोलन स्थल पर आ सकते हैं।

वंचित अभ्यर्थियों ने शेष पदों पर काउंसलिंग शुरू करने की मांग की

छात्रों की गूंज में फिर गूंजा 2018 शिक्षक भर्ती पूर्ण कराने का नारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शिक्षक भर्ती 2018 के वंचित अभ्यर्थियों ने वर्षों से लंबित भर्ती प्रक्रिया पूरा कराने की आवाज उठाई।

कार्यक्रम में अभ्यर्थियों ने 2018 शिक्षक भर्ती पूर्ण करो के नारे लगाते हुए शेष पदों पर काउंसलिंग शुरू करने की मांग की। शिक्षक भर्ती

संगठन 2018 के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल रविदास ने कहा कि उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के 15 हजार पदों में से पांच हजार 935 तथा माध्यमिक शिक्षक भर्ती के पांच हजार 670 पदों में से दो हजार 237 पद अब भी भर्ती प्रक्रिया से बाहर हैं। संगठन का कहना है कि इन पदों के लिए पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। रविदास ने कहा कि कोविड काल के बाद अक्टूबर 2021 में भर्ती प्रक्रिया दोबारा शुरू हुई थी।



परम पूज्य संत हिरदाराम साहिब जी विशेषांक

SADHU VASWANI AUTONOMOUS COLLEGE
(Govt. Aided College)
Accreditation by NAAC - Grade 'B+'
Recognized by Higher Education, Govt. of M.P. & UGC New Delhi
परम पूज्यनीय संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Dayal Das Detani (President), Suresh Daryani (Vice President), Rajendra Manwani (General Secretary), Ashok Adwani (Secretary), Dinesh Wadhwani (Treasurer), Hemant Aswani (Auditor), Indar Adwani (Member)
One Tree Hills, Sant Hirdaram Nagar, Bhopal - 462030. Tel.: 0755-2641488, 2640749 | E-mail: svcollege@rediffmail.com

परम पूज्य संत हिरदाराम साहिब जी के 120 वें अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश वाधवानी
महामंत्री, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ

महानगर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
परम पूज्य संत हिरदाराम जी के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
आपके हर कदम पर आपके साथ...
स्वर्णिम योजना | गोल्ड लोन | Mobile बैंकिंग | UPI सुविधा | कार लोन | लॉकर सुविधा उपलब्ध | इंटरनेट बैंकिंग | ATM सुविधा
सुशील वासवानी
Ex. Chairman M.P. State Awas Sangh, Chairman Mahanagar Co-op. Bank
प्रकाश आसुदानी, मुख्य कार्यपालक
आपकी समृद्धि... हमारा संकल्प... पता - केन्द्रीय कार्यालय, संत हिरदाराम नगर, भोपाल, दूरभाष : 0755-4098000

परमहंस ब्रम्हलीन संत शिरोमणी हिरदाराम साहिब जी का 120 वें अवतरण दिवस
दिनांक 21 सितम्बर 2026, सोमवार
संत कुटिया, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, भोपाल
श्री रामेश्वर शर्मा
हीरो हिन्दू - भाजपा नेता
बधाईकर्ता : हीरो फैंस क्लब, हुजूर विधानसभा क्षेत्र 155 संत हिरदाराम नगर भोपाल

परम पूज्य संत हिरदाराम साहिब जी के 120 वें अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्र प्रकाश ईसरानी
वरिष्ठ भाजपा नेता

परम पूज्य संत हिरदाराम साहिब जी के 120 वें अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कन्हैया ईसरानी
अध्यक्ष, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ

SEWA SADAN EYE HOSPITAL
Our Mission - Your Vision
परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी की 120वीं अवतरण वर्षगांठ 21 सितम्बर 2026 पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं
"सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है"
Service to Humanity is the Highest Worship
सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय
विगत 40 वर्षों से लगातार सेवारत
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें 6262220066
मुख्य अस्पताल :- सेवा सदन चौक, एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर, भोपाल
सिटी सेंटर :- नर्मदापुरम रोड, भोपाल
सिटी सेंटर :- संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल

संत हिरदाराम जी की 120 वीं जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे प्रेरणास्त्रोत
परम आदरणीय डॉ. मोहन यादव जी
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
विनय दादलानी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा भोपाल

सेवा दिवस 21 सितम्बर
ब्रह्मलीन संत हिरदाराम साहिबजी (पुष्कर राज)
परम श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी
ब्रह्मलीन संत हिरदाराम साहिब जी के 120 वें अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा | सुमिरन | स्वास्थ्य | शिक्षा | शांति
रमेश हिंगोरानी (सचिव)
योगेश हिंगोरानी संचालक
LAXMIDEVI VIKYOMAL SHROFF H.S. SCHOOL | PRERNA KIRAN PUBLIC SCHOOL | LVS PLAY SCHOOL | VEENA CHARLIE DASWANI GIRLS PUBLIC SCHOOL
LAXMIDEVI VIKYOMAL SHROFF EDUCATION SOCIETY
Tagore Ward, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.)
LVS Group of Schools | LVS Schools

॥ सत्य • सेवा • संस्कार ॥
साधु वासवानी स्कूल
मुकिता इंटरनेशनल स्कूल
सुधार सभा द्वारा संचालित
"मानवता की सेवा ही सच्ची माधव सेवा है"
– संत हिरदाराम साहिब जी
परम पूज्य संत हिरदाराम साहिब जी के 120वें अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उनका सादा जीवन और उच्च विचार हमें प्रेरित करता है, सेवा, प्रेम व समर्पण के मार्ग पर चलने के लिए।
आइए हम सब उनके द्वारा सिखाए गए सत मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल बनाएं।
वन ट्री हिल्स रोड, बैरागढ़, भोपाल 9993650755, 7415163639
schoolsadhuvaswani@gmail.com | Mukitainternationalschoolshn@gmail.com

सिन्धी मेला समिति, भोपाल
समाज के उत्थान हेतु सेवा कार्यों को विस्तारित करने वाले परम पूज्य संत शिरोमणि श्री हिरदाराम जी की अवतरण दिवस पर शत-शत नमन
सिन्धी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव 2026
20 वाँ वर्ष
छेज भी, गरबा भी
दिनांक : 15, 16, 17 एवं 18 अक्टूबर 2026
समय : सायं 7 से रात्रि 11 तक
स्थान : सुन्दरवन नर्सरी, लालघाटी, भोपाल
07 स्थानों पर 30 दिवसीय प्रशिक्षण (दिनांक 13 सितम्बर से 13 अक्टूबर 2026 तक)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
माननीय भगवानदास सबनानी
सिन्धी मेला समिति (रजि.) भोपाल
अध्यक्ष : मनीष दरयानी 9826014525 | महासचिव : नरेश हसलेजा 9827066766
संयोजक : राम आसुदानी 9425015240 | सह संयोजिका : रेखा कमल 9827789108 | सह संयोजक : लोकेश वाधवानी 9893057636
कार्यालय : कबीर कुटिया, सिंध रोड, ईदगाह हिल्स, भोपाल
E-mail : smsbhopal@gmail.com, Web.: sindhimelasamiti.co.in

परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी की प्रेरणा से संचालित
नव युवक सभा
संत हिरदाराम नगर, भोपाल
कर्मयोगी संत शिरोमणी हिरदाराम साहिब जी के 120 वें जन्मोत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री वासदेव वाधवानी (अध्यक्ष), श्री महेश दयारामानी (उपाध्यक्ष), श्री राजेश हिंगोरानी (महासचिव), श्री सुरेश राजपाल (सचिव), श्री दिनेश वाधवानी (सह-सचिव), श्री धर्मप्रकाश मोटवानी (कोषाध्यक्ष), श्री कन्हैयालाल रामचंदानी (ऑडिटर)

SANT HIRDARAM INSTITUTE OF MANAGEMENT
SHIM
FOR WOMEN
Celebrating 16 YEARS of Empowering Women
Approved by AICTE New Delhi, Affiliated to BU Bhopal
AI - Driven Management Courses
After 12th Class
BBA — BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION — 3 YEARS UG COURSE
MBA INTEGRATED — 5 YEARS PG COURSE
After Graduation
MBA Dual Specialization
Best Placement Assistance
Soft Skills Training | Practical Learning
Professional Certificate Courses
Govt. & Merit Scholarship Upto 100%
Admission Cell
9424439012, 9302727572
Dr. Kapil Sachdev | Dr. Komal Taneja

SANT HIRDARAM GIRLS COLLEGE, BHOPAL
FULFILLING DREAMS, EMPOWERING FUTURES
INSTITUTIONAL SCHOLARSHIPS ALONGSIDE WITH GOVERNMENT SUPPORT
COURSES OFFERED
B.COM | M.COM | B.SC | M.SC | BCA | BBA | B.ED
FOR MORE INFORMATION CONTACT ADMISSION CELL
+91 86027-91981 | +91 79744-84244
WEBSITE SHGC.IN

शिक्षा जगत में भोपाल नगर की शान
दीपमाला पागारानी
संस्कार पब्लिक स्कूल
संत हिरदाराम नगर
मानवता के अग्रदूत, कर्मयोगी, परम तेजस्वी, युगपुरुष, ब्रह्मलीन, परमहंस संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी के अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Spacious Rooms with Latest Teaching Kits | Smart Learning with Digital Classes | Play way Method of Learning | Experienced & Dedicated Staff | Warm & Caring Environment | Creative & Active Ways of Learning
सुशील वासवानी (अध्यक्ष), बसंत चेलानी (सचिव), चन्द्र मावढ़ेय (कोषाध्यक्ष)
न्यूनतम शुल्क पर उच्च शिक्षा
:: संस्कार परिवार ::

59 साल पुराना पीतल का डोल फिर बनेगा डोल ग्यारस की शान

डोल ग्यारस कल: भगवान गणेश के साथ ही विष्णु श्रीकृष्ण और मंगल ग्रह की शुभ योग में होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को जलझूलनी एकादशी यानी डोल ग्यारस पर्व रहेगा। इस दौरान राजधानी भोपाल में डोल ग्यारस चल समारोह निकाला जाएगा, तो वहीं इस साल 59 साल पुराना पीतल का डोल फिर डोल ग्यारस की शान बनेगा। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि गणेश उत्सव के दिनों में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत किया जाता है। इस दिन भगवान गणेश के साथ ही विष्णु जी, श्री कृष्ण और मंगल ग्रह की पूजा एक साथ करने का शुभ योग बन रहा है।

चल समारोह, महिलाओं को बांटे जाएंगे पौधे

डोल ग्यारस पर पुराने शहर से निकलने वाले चल समारोह में समाज के द्वारा शामिल डोल में एक बार फिर आस्था, परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री मालवीय रजक समाज संघ द्वारा निकाले जाने वाले चल समारोह में इस बार 59 वर्ष पुराना 54 किलो वजनी पीतल का डोल आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा। समाज के बुजुर्गों की धरोहर रहे इस डोल को साफ-सफाई और साज-सज्जा के बाद तैयार कर लिया गया है।

दूर्वा चढ़ाकर करें गणेश पूजा

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि एकादशी पर सबसे पहले प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा करनी चाहिए। गणेश जी को जल चढ़ाएं। दूर्वा, हार-फूल अर्पित करें। जनेऊ चढ़ाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। मोदक का भोग लगाएं। पूजा में गणेश जी के मंत्र ऊँ गं गणपतयै नमः का जप करें।

फैकल्टी ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

आईआईटी भोपाल में स्टूडेंट काउंसिल ने किया भगवान गणेश का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रविवार को स्टूडेंट काउंसिल के नेतृत्व में भव्य गणेश विसर्जन समारोह आयोजित किया गया। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष से पूरा कैंपस भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर रहा।

छात्रों और फैकल्टी ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। आयोजन के मुख्य संयोजक एवं स्टूडेंट काउंसिल के दीपक गुप्ता रहे। उनकी ऊर्जा, नेतृत्व और बेहतरीन समन्वय ने पूरे गणेश उत्सव को यादगार बनाया।

छात्रों को एकजुट कर आयोजन को सफल बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की गई।

शाहपुरा घाट पर भगवान गणेश का विसर्जन करने जाती बच्चियां।

विसर्जन यात्रा में ढोल की गूंज, भक्ति गीतों और उत्साहपूर्ण जयघोष के बीच विद्यार्थियों ने जमकर उत्सव मनाया। स्टूडेंट काउंसिल, फैकल्टी और विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों की बड़ी भागीदारी ने इस आयोजन को आईआईटी में एकता, संस्कृति और युवा ऊर्जा का शानदार उदाहरण बना दिया।

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाने का सर्व सम्मति से हुआ निर्णय

भोपाल। अग्रहरि वैश्य समाज के प्रोग्रेसिव अग्रहरि ग्रुप भोपाल की मासिक बैठक में आश्विन मास में शुक्ल पक्ष की प्रथमा तिथि रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाने का सर्व सम्मति से निर्णय हुआ। अग्रहरि समाज के भोपाल में निवासरत सभी परिवार व सदस्यों से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव में तन-मन-धन से शत प्रतिशत उपस्थिति का आह्वान किया गया है।

■ अग्रहरि वैश्य समाज की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

मासिक बैठक के शुभारंभ मौके पर अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की उत्साहपूर्वक सभी सदस्यों ने एक स्वर में उनके एक ईंट एक मुद्रा के सिद्धांत के व्यवहारिक पालन की शपथ ली। इस दौरान 12 जुलाई को सम्पन्न अग्रहरि पारिवारिक मिलन समारोह के सम्पूर्ण लेखा जोखा पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्व सम्मति से स्वीकृत हुआ। भवन-निर्माण-प्रक्रिया, बैंक-खाता सदस्यता-अभियान, जनगणना, कोष-संग्रह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर विचार विमर्श हुआ।

बैठक में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए घर घर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए समितियों का गठन किया गया। 27 सितम्बर से समितियां भेल क्षेत्र, कोलार, अरेरा कॉलोनी, अवधपुरी नीलबड़ व अन्य सभी स्थानों पर व्यक्तिगत रूप से घर-घर जाकर सम्पर्क कर आमंत्रण पत्र तथा कोष संग्रह भी करेंगी। इसके साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों ने निर्धारित राशि तुरन्त नगद व यूपीआई से समर्पित कर कोष संग्रह का शुभारंभ किया। अंत में नो निगेटिव एक्टिविटी के साथ पूर्ण सकारात्मकता से समाज हित में बिना किसी भेदभाव के एकजुट होकर समाज कार्य करने के अपने दृढ़ संकल्प लिया गया।

चौक चौराहों से लेकर घरों तक हो रहा भगवान गणेश का गुणगाान

गणेश आराधना में शहरवासी लीन पंडालों में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश के श्रद्धालु इन दिनों भगवान गणेश की आराधना में लीन है। चौक चौराहे से लेकर घर-घर तक प्रथम पूज्य गणेश का गुणगान हो रहा है। इसी के चलते शहर के कई प्रमुख चौराहों पर आकर्षण गणेश प्रतिमाएं लोगों की आस्था और भक्ति के अलावा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

इस दौरान कहीं झांकी स्थलों के आसपास शाम के समय मेले जैसा माहौल रहता है। कई झांकी स्थलों पर शाम की पूजा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

यही सिलसिला राजधानी के एमपी नगर से होशंगाबाद रोड़, पुराने भोपाल चौक से लेकर टीला जामलपुरा, उपनगर कोलार भेल और संत नगर में देखने को मिल रहा है। झांकियों के साथ ही गणेश मंदिर में अन्य दिनों की अपेक्षा गणेश उत्सव के दौरान दर्शन के लिए ज्यादा भीड़ उमड़ने लगी है। कुछ झांकियों में छोटे-छोटे झूले और जंपी बच्चों को लुभा रहे हैं, जो दर्शन के साथ बच्चों का मनोरंजन का केंद्र बनी हुई है। वैसे इस बार का गणेश उत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। झांकियां और शहर में लगने वाले छोटे-छोटे मेले शुरू होने से भक्तजनों को लेकर बच्चों तक में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

एमपी नगर में विराजे गणपति।

नंदी पर सवार शिव रूप में गणपति

भोलनाथ कॉलोनी टीला जमालपुर में श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा पिछले 9 वर्ष से लगातार झांकी बिठाई जा रही है। इस साल समिति की ओर से एक बेहद सुंदर झांकी सजाई गई। जिसमें नंदी पर सवार शिव रूप में गणेश जी की झांकी गणेशोत्सव के दौरान भक्तों के आकर्षण बन रही है। भगवान गणेश को उनके पिता भगवान शिव के रूप में देखना भक्तों के लिए एक अद्भुत एहसास करा रही है। जोकि साक्षात शिव का अहसास करा रही है।

भोपाल के राजा को लगा फलों का भोग

भोपाल। गणेशोत्सव के दौरान रविवार को भोपाल के पीपल चौक में फल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झांकी में विराजमान भोपाल के राजा को विभिन्न प्रकार के फलों का भोग लगाया गया। इस दौरान आम, सेब, अंगूर, केला, नारियल, नाशपाती, अनानास, खीरा, तरबूज, ड्रैगन फ्रूट, पपीता जैसे कई फलों से बप्पा के प्रतिमा के सामने बड़ी सुंदरता से भोग सजाया गया। पंडाल और प्रतिमाओं को भी सुंदर वेशभूषा और आभूषणों से सजाया गया। इसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भक्तों ने भगवान गणेश को फल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। फल महोत्सव के दौरान पीपल चौक का नजारा देखने लायक था।



महादेव के रूप में विराजे गणेश

भोपाल। भोलेनाथ कॉलोनी टीला जमालपुरा में श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा पिछले 9 वर्ष से लगातार झांकी बिठाई जा रही है इस वर्ष श्री गणेश जी महादेव के रूप में विराजमान हुए हैं।

पूज्यनीय दीदी की स्मृतियां हुईं जीवंत

अवधेश दीदी की पुण्यतिथि पर वरदानी दिवसः त्याग, तपस्या और ईश्वरीय सेवा को किया नमन

ब्रह्माकुमारीज में आयोजित वरदानी दिवस समारोह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीलबड़ स्थित सुख-शांति भवन में ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन की पूर्व अध्यक्षा एवं वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा और आध्यात्मिक भाव के साथ वरदानी दिवस के रूप में मनाई गई।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न सेवाकेंद्रों से वरिष्ठ राजयोगिनी बहनें पहुंचीं। शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, उद्योगपतियों और पत्रकारों ने भी अवधेश दीदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। माउंट आबू से पहुंचीं वरिष्ठ राजयोगिनी बीके शारदा दीदी ने कहा कि अवधेश दीदी का जीवन त्याग, तपस्या, स्नेह और ईश्वरीय सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने अपना जीवन मानव कल्याण और परमात्म सेवा के लिए समर्पित किया।

अवधेश दीदी का जीवन त्याग, तपस्या, स्नेह की देता है प्रेरणा

सीहोर से आईं बीके पंचशीला दीदी ने कहा कि उनके मार्गदर्शन और स्नेह ने अनेक लोगों को ईश्वरीय सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुरैना से आईं बीके रेखा दीदी ने बचपन की स्मृतियां साझा करते हुए उनके मातृवत स्नेह और संस्कारों की पालना को याद किया। राजयोग भवन भोपाल की प्रभारी एवं सुख-शांति भवन की निदेशिका बीके नीता दीदी ने कहा कि अवधेश दीदी का विश्वास और प्रोत्साहन हमेशा सेवा के लिए प्रेरित करता रहा। कार्यक्रम में सतना से बीके मीना दीदी, उमरिया से बीके निशा दीदी और कटनी से बीके भगवती दीदी सहित अन्य वरिष्ठ राजयोगिनी बहनों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंच संचालन बीके रामकुमार भाई ने किया। अंत में सभी ने ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया।

घाटों पर व्यवस्था के लिए भोजपुरी समाज की बैठक

छठ पूजन घाटों पर बनेंगे चेंजिंग रूम, तत्काल दुरुस्त होंगी सड़कें

भोजपुरी समाज की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में छठ पूजन घाटों पर छठ महापर्व मनेगा। बड़ा तालाब, शाहपुरा लेक, प्रेमपुरा समेत प्रमुख बड़े घाटों पर पूजन घाट होंगे। छठ पूजा की तैयारियों को लेकर रविवार को भोजपुरी समाज की बैठक हुई। बैठक में छठ पूजा से पहले घाटों तक पहुंचने वाली सड़कों को रिपेयर करने, चेंजिंग रूम बनाने के साथ गोताखोर तैनात किए जाने का निर्णय लिया गया। भोजपुरी समाज के अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि नार्मदीय भवन मां नर्मदा मंदिर तुलसी नगर में आयोजित बैठक में भोजपुरी समाज 65 विभिन्न छठ समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ये लोग रहे मौजूद

बैठक में भोजपुरी समाज के संरक्षक, भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने बताया कि शहर के विभिन्न छठ घाटों पर हो रहे विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने समिति के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाटों के आसपास की झाड़ियां हटाई जाएं, अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए जाएं, पर्याप्त प्रकाश, पीने के पानी की व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर लक्ष्मण गिरि, गंगासागर यादव, कुंवर प्रसाद, राजेश्वर सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, रामसमूज मौर्य, सत्येंद्र सिंह, राकेश पाठक, सुनील सिंह सहित विभिन्न छठ घाट समितियों के अध्यक्ष, सदस्य उपस्थित रहे।

समिति के सदस्यों ने किया झांकी का भूमिपूजन

कोलार में सजेगा मां वैष्णो का दरबार, पिंडी रूप में विराजेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के कल्पना चावला गार्डन में शहरवासियों को मां वैष्णो देवी के दर्शन होंगे। मां वैष्णो मां काली, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती के पिंडी के रूप में भक्तों को दर्शन देगी। रविवार को माता वैष्णोदेवी के दरबार की स्थापना के लिए विधि विधान से भूमिपूजन मां वैष्णोदेवी उत्सव एवं जनकल्याण समिति द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौर ने बताया कि वर्ष 2011 से निरंतर कल्पना चावला गार्डन में मातारानी की झांकी स्थापित की जा रही है। 16 वर्ष में कटरा स्थित त्रिकूट पर्वत पर विराजी माता वैष्णो देवी के स्वर्ण मंदिर की प्रतिकृति बनवाए जा रही है। जिसमें इसमें पिंडी के साथ तीन रूपों में महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती के साथ माता वैष्णो देवी गुफा में विराजेगी।

विस अध्यक्ष तोमर ने किया आनंदम हॉस्पिटल्स का शुभारंभ

बावड़ियाकलां शाहपुरा थाने के पास आनंदम में 100 से अधिक बेड्स की सुविधा

आनंदम हॉस्पिटल्स में मिलेंगी 30 से अधिक सुपर-स्पेशियलिटी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में अब आपको एक ही हॉस्टिल्स में 30 से अधिक सुपर-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। बावड़ियाकलां शाहपुरा थाना के पास बने आनंदम हॉस्पिटल्स का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। आनंदम हॉस्पिटल्स में 100 से अधिक बेड्स तथा प्राइमरी, सेकेंडरी व टर्शियरी केयर के अंतर्गत 30 से अधिक क्लिनिकल स्पेशियलिटीज उपलब्ध हैं। आनंदम हॉस्पिटल्स को एक किफायती परंतु लग्जरी, बुटीक संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी और विश्वस्तरीय चिकित्सा उचित, पारदर्शी एवं सुलभ मूल्यों पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आनंदम हॉस्पिटल एक ही सिद्धांत पर निर्मित हैः कि विश्वस्तरीय किफायती चिकित्सा उत्कृष्टता तथा गहन मानवीय, सम्मान-आधारित देखभाल एक ही पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित हैं... आनंदम हॉस्पिटल्स।

आनंदम का शुभारंभ करते विस अध्यक्ष तोमर।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

आनंदम हॉस्पिटल्स राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञों एवं सर्जनों के एक सहयोगात्मक नेटवर्क को एक साथ लाता है, जिन्हें आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीक एवं साक्ष्य-आधारित उपचार प्रोटोकॉल का समर्थन प्राप्त है। सभी विभागों को एक मल्टीडिसिप्लिनरी मॉडल के रूप में घनिष्ठ सहयोग के साथ कार्य करने हेतु डिजाइन किया गया है, जिसका उद्देश्य समस्त विशेषज्ञताओं में देखभाल की निरंतरता एवं क्लिनिकल परिणामों में सुधार लाना है। अस्पताल अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एवं 24/7 आपातकालीन सेवाओं के माध्यम से उत्कृष्ट एवं व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर बल देता है।

सुपर-स्पेशियलिटी सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस

आनंदम हॉस्पिटल्स विभिन्न मेडिकल एवं सर्जिकल विषयों में 30 से अधिक सुपर-स्पेशियलिटी सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस प्रदान करता है। इनमें न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजी एवं इंटरवेंशनल न्यूरो-रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी, कार्डियक सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं आर्थ्रोस्कोपी, फुट एंड एंकल सर्जरी, स्पाइन सर्जरी, नेफ्रोलॉजी एवं रीनल मेडिसिन, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, जनरल सर्जरी, प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, पल्मोनोलॉजी एवं रेस्पिरेटरी मेडिसिन, ऑब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजी, क्रिटिकल केयर, क्रेनियो-फेशियल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी एवं लेबोरेटरी मेडिसिन, फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन, डेंटिस्ट्री एवं इम्प्लांटोलॉजी, तथा मिनिमली इनवेसिव सर्जरी शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान जप के साथ हुआ साधना एवं गायत्री मंत्र

गायत्री शक्तिपीठ में माता की जन्म शताब्दी पर साधना, सेवा एवं सद्भाव दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वंदनीय माता की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में साधना, सेवा एवं सद्भाव दिवस श्रद्धा, साधना और उल्लास के साथ मनाया गया।

शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं प्रांतीय जोन संगठन के निर्देशानुसार आयोजित इस दिव्य कार्यक्रम में गायत्री परिवार के जिला, तहसील, चेतना केंद्र, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, भारतीय संस्कृति प्रकोष्ठ, श्रीराम विद्यालय तथा शक्तिपीठ व्यवस्था तंत्र से जुड़े बड़ी संख्या में परिजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक साधना एवं गायत्री मंत्र जप से हुआ। इस दौरान विश्व शांति, सद्भाव एवं समाज के कल्याण की मंगलकामना की। साधकों द्वारा जन-जागरण यात्रा निकाली गई। जोकि गायत्री शक्तिपीठ एमपी नगर से होते हुए सावरकर सेतु से आचार्य श्रीराम मार्ग पर पहुंचकर शताब्दी वर्ष के संकल्पों को आत्मसात कर वापस गायत्री शक्तिपीठ तक यात्रा के माध्यम से संस्कार, साधना, सेवा, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। तो वहीं शाम को परिसर में दीप यज्ञ एवं दीप महोत्सव का आयोजन किया गया। हजारों दीपों से शक्तिपीठ परिसर जगमगा उठा।

गायत्री शक्तिपीठ में जन्म शताब्दी वर्ष का आयोजन।

एशियाई खेल : भारत की बांग्लादेश पर 114 रन की बड़ी जीत

फाइनल में भारत, शेफाली का तूफानी शतक

बांग्लादेश 81 रन पर ढेर

शेफाली का पहला टी20 शतक

एजेंसी ⏭ निशिन

गत चैंपियन भारत ने एशियाई खेलों की महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में लगातार दूसरी बार जगह बनाकर पदक पक्का किया। महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 114 रन से करारी शिकस्त देकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाकर भारत के लिए एक और पदक सुनिश्चित किया। शेफाली वर्मा ने 49 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी खेलकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ा, जिससे भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में बांग्लादेश ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर आउट हो गई।

दीप्ति और नंदनी ने चटकाए 3-3 विकेट

बांग्लादेश के खिलाफ रन के लिहाज से यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा ने 7 जबकि नंदनी शर्मा ने 25 रन देकर 3-3 विकेट चटकाए। श्रीचरणी ने भी 7 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। भारत अब मंगलवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। पिछले एशियाई खेलों में भी फाइनल इन्हीं दोनों टीम के बीच हुआ था। दोनों टीम पिछले रविवार को महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में भी आमने-सामने थीं, जिसमें भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी।

दीपिका ने लगाई गोल की झड़ी उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया

एजेंसी ⏭ काकामिलगहारा

दीपिका ने शानदार खेल का नमूना पेश करते हुए 8 गोल दागे, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के पूल बी में अपने पहले मैच में कमजोर उज्बेकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त दी। यह एकतरफा मुकाबला होने की उम्मीद थी और ठीक वैसा ही हुआ क्योंकि उज्बेकिस्तान की रक्षापंक्ति भारत के लगातार हमलों का कोई जवाब नहीं दे पाई। दोनों टीमों के बीच का अंतर मैदान पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था क्योंकि शुरुआत से ही भारत ने गोल वर्षा शुरू कर दी थी। भारत के लिए दीपिका (8वें, 22वें, 25वें, 33वें, 36वें, 38वें, 41वें, 54वें मिनट) ने गोल की झड़ी लगा दी, जबकि लालरेम्सियामी (7वें), इशिका (11वें, 42वें, 54वें), बलजीत कौर (12वें), नेहा (18वें), नवनीत कौर (23वें, 45वें), लथंतलुआंगी (43वें, 51वें) और साक्षी राणा (43वें) ने भी गोल किए। भारत सोमवार को अपने अगले मैच में इंडोनेशिया से भिड़ेगा।

पुरुष हॉकी : भारत की इंडोनेशिया पर 13-1 से आसान जीत

काकामिगाहारा। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह ने 4 गोल करके अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई, जिससे मौजूदा चैंपियन भारत ने पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने पहले मैच में इंडोनेशिया को 13-1 से हरा दिया। दिलप्रीत (18वें, 19वें, 37वें और 49वें मिनट) ने चार फील्ड गोल किए, जबकि शिलानंद लाकड़ा (6वें और 35वें मिनट) और सुखजीत सिंह (38वें और 48वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे। गोल करने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक (12वें मिनट), राजिंदर सिंह (19वें मिनट), मनदीप सिंह (21वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (28वें मिनट) और जुगराज सिंह (47वें मिनट) शामिल थे। इंडोनेशिया की तरफ से एकमात्र गोल औलिया अल अर्द्ध ने 33वें मिनट में किया। भारत मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेगा।

मार्शल आर्ट : सुचिका ने किया पहला पदक पक्का

नागोया। सुचिका तारियाल ने महिला पारंपरिक मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) के 60 किलोग्राम वर्ग में मंगोलिया की अल्तांचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से आइची-नागोया एशियाई खेलों में भारत का पहला पदक पक्का किया। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी अब सोमवार को सेमीफाइनल में उतरेगी। इस प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में पहुंचने पर पदक पक्का हो जाता है क्योंकि अंतिम चार में हारने वाली दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है।

टेकबॉल : पदक से चूकी क्विम्सी

नागोया। क्विम्सी डिसूजा को एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता में दोहरा झटका लगा जब वह महिला एकल में कांस्य पदक से चूक गईं और कुछ ही मिनटों बाद मोहम्मद अनस बेग के साथ मिश्रित युगल में तीसरे स्थान के मुकाबले में भी हार गईं। क्विम्सी ने महिला एकल के कांस्य पदक के मैच में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह स्थानीय खिलाड़ी युइना सकामोटो से 0-2 (11-12 11-12) से हार गईं। इसके बाद मिश्रित युगल मुकाबले में भारतीय जोड़ी को वियतनाम के होआंग मिन्ह टैन गुयेन और जिया न्गिह ट्रिन्ह से 0-2 (9-12 6-12) से हार का सामना करना पड़ा।

महिला बैडमिंटन : भारत क्वार्टर फाइनल में, कजाखस्तान को हराया

नागोया। भारत ने बैडमिंटन के महिला टीम स्पर्धा में कमजोर रैंकिंग वाले कजाखस्तान को 3-0 से हराकर रविवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां उसके सामने मेजबान जापान की कड़ी चुनौती होगी। इचिनोमिया सिटी म्यूनिसिपल जिम्नेजियम में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू, उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने बिना कोई गेम गंवाए मुकाबला अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधू ने पहले मुकाबले में कमिला स्मागुलोवा को महज 24 मिनट में 21-7, 21-9 से शिकस्त दी। कजाखस्तान की कमिला की विश्व रैंकिंग 426 है। इसके बाद विश्व की 24वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति ने अलिस्सा कुलेशोवा (विश्व रैंकिंग 866) को 22 मिनट में 21-7, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर मौजूद तन्वी शर्मा ने डायना नामेनोवा (विश्व रैंकिंग 1067) को 21-5, 21-10 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। भारत को अब मेजबान जापान के खिलाफ भारत को कहीं कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

टेबल टेनिस : भारत ने सिंगापुर को दी मात

टोयोटा। भारतीय महिला टीम ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के ग्रुप एफ के अपने दूसरे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए सिंगापुर को 3-2 से हराया जबकि पुरुष टीम को ग्रुप एफ के अपने दूसरे मुकाबले में ईरान के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम एक समय 1-2 से पिछड़ रहा था, लेकिन श्रीजा अकुला और यशस्विनी घोरपड़े ने अहम मैच जीतकर टीम को यादगार जीत दिलाई। भारत की ओर से मुकाबले की शुरुआत यशस्विनी ने की। उन्होंने जियान जेंग को 11-7, 11-3, 8-11, 11-9 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। दीया चिताले भी तान झाओ से 7-11, 4-11, 11-7, 5-11 से हार गईं और सिंगापुर ने 2-1 की बढ़त बना ली। भारत के लिए चौथा मैच करो या मरो का था। श्रीजा ने पहले मैच की हार से उबरते हुए जियान जेंग को 6-11, 11-3, 11-7, 11-4 से शिकस्त दी और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।

खबर संक्षेप

वापसी पर ध्यान केंद्रित अहम : चोपड़ा

नई दिल्ली। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एशियाई खेलों से बाहर होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, लेकिन कहा कि इस झटके को 'स्वीकार करना' और जल्द वापसी पर ध्यान केंद्रित करना अहम है। चोपड़ा ने कहा, 'यह निश्चित रूप से मुश्किल है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है। मेरे लिए यह थोड़ा सामान्य हो गया है क्योंकि मेरे करियर में ऐसा कई बार हुआ है। कई बार ऐसा हुआ जब मैं पूरी तरह तैयार था और अचानक चोट लग गई। 'चोपड़ा ने कहा कि इस बार की चोट इसलिए ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि उन्हें लगा था कि वह पहले की परेशानी से उबरकर आखिरकार अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं।

क्रिकेट की लोकप्रियता जापान में बढ़ाने का अवसर

नई दिल्ली। जापान क्रिकेट संघ (जेसीए) के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) एलन कर को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ होने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला उनके देश में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा और जापान को वैश्विक क्रिकेट समुदाय में अपनी पहचान मजबूत करने की दिशा में आगे ले जाएगा। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत मंगलवार को सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर जापान के खिलाफ मैदान में उतरेगा। कर ने कहा, खिलाड़ी काफी उत्साहित हैं। हमारे लिए इस तरह का मौका ज्यादा नहीं आता। उन्हें उम्मीद है कि भारत के खिलाफ यह मुकाबला भविष्य में जापान में अन्य शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देशों की मेजबानी का रास्ता खोल सकता है।कर ने कहा, हम इसे अपने भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा मान रहे हैं।

रणजी ट्रॉफी: हैदराबाद की कप्तानी संभालेंगे सिराज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आगामी घरेलू सीजन में रणजी ट्रॉफी के लिए हैदराबाद क्रिकेट संघ ने मोहम्मद सिराज को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। सिराज वनडे सीरीज खत्म होने के बाद ही अपनी घरेलू टीम के साथ जुड़ेंगे और उसमें भी वह शुरुआती दो मैचों में ही कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

हैदराबाद क्रिकेट संघ ने बताया कि मोहम्मद सिराज को आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें उनके अनुपस्थित होने या उपलब्ध ना होने की स्थिति में उपकप्तान सीवी मिलिंद कप्तानी की जिम्मेदारी को संभालेंगे। इसके अलावा टीम में अनुभवी बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल, राहुल सिंह और विकेटकीपर राहुल रादेश और साई प्रज्ञय रेड्डी को भी शामिल किया गया है। 15 सदस्यीय टीम में चुने गए अन्य खिलाड़ियों में तनाय त्यागराजन, अनिकेत रेड्डी और अजय देव गौड़ ही भी शामिल हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे खेलेंगे सिराज

सिराज वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम का हिस्सा हैं, जो 3 अक्टूबर को न्यू चंडीगढ़ में खत्म होगी। वहीं हैदराबाद का पहला रणजी ट्रॉफी मैच 11 अक्टूबर को त्रिपुरा के खिलाफ है, जिसके लिए वेन्यू अभी तय नहीं हुआ है। इसके बाद हैदराबाद को 18 अक्टूबर से विजयनगरम में आंध्र के खिलाफ अपना दूसरा रणजी मैच इस सीजन खेलना है।

इंडिया ए टीम के हेड कोच बने बालाजी

नई दिल्ली। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए इंडिया ए टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। यह सीरीज पुडुचेरी में खेली जानी है। आईपीएल में कोचिंग का लंबा अनुभव है, जहां वे पहले सीएसके और तमिलनाडु की टीमों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। लक्ष्मीपति बालाजी का इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट में करियर शानदार रहा है। उन्होंने भारत के लिए 8 टेस्ट, 30 वनडे और 5 टी20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने अपनी सटीक लाइन-लेंथ और स्विंग से कई अहम सफलताएं हासिल कीं।

अट्टापटटू ने खेली कप्तानी पारी

श्रीलंका ने पाकिस्तान को 8 विकेट से दी करारी शिकस्त

एजेंसी ⏭ निशिन

कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए एशियन गेम्स के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। श्रीलंकी कप्तान चमारी अट्टापट्टू जीत की हीरो रहीं।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज शावाल जुल्फिकार ने 50 गेंदों पर 2 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 54 रन की पारी खेली। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी आयशा जफर ने तूफानी अर्धशतक लगाया। आयशा 40 गेंदों पर 2 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 71 रन बनाकर रन आउट हुईं।

श्रीलंका ने 2 विकेट खोकर हासिल किया लक्ष्य

श्रीलंका ने 178 रन का लक्ष्य 17.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 8 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। श्रीलंका को इमेशा दुलानी और कप्तान चमारी अथापट्टू ने मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 4.4 ओवर में 36 रन जोड़े। दुलानी 21 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुईं। चमारी ने दूसरे विकेट के लिए हसीनी परेरा के साथ 95 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने ही पाकिस्तान की जीत की मंसूबों पर पारी फेर दी। 131 के स्कोर पर परेरा 42 रन बनाकर आउट हुईं। 26 गेंदों की पारी में परेरा ने 3 चौके और 3 छक्के लगाए। कप्तान चमारी ने एक छोड़ संभाले रखा और 50 गेंदों पर 6 छक्कों और 7 चौकों की मदद से नाबाद 83 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। उनके साथ हर्षिता 17 रन बनाकर नाबाद रहीं।

4,788 रन के साथ महिला टी20 में शीर्ष पर स्मृति

- टी20 में बनाए 4,788 रन
- न्यूजीलैंड की दिग्गज सूजी बेट्स को पछाड़ा

एजेंसी ⏭ निशिन

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बांग्लादेश के खिलाफ एशियाई खेलों के सेमीफाइनल के दौरान न्यूजीलैंड की दिग्गज सूजी बेट्स को पछाड़कर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं।

महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गईं। उनके नाम अब 4,788 रन हैं। सूजी बेट्स 4,758 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर 4,287 रन के साथ तीसरे और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू 4,282 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं।

स्मृति के सभी प्रारूपों में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन

स्मृति महिला क्रिकेट में सभी प्रारूपों को मिलाकर भी सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उन्होंने हाल में महिला एशिया कप के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज के 10,868 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था। स्मृति के नाम अब सभी प्रारूपों में 10,987 अंतरराष्ट्रीय रन हैं, जिसमें टेस्ट में 788, एकदिवसीय में 5,411 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4,788 रन शामिल हैं। बेट्स 10,740 रन के साथ सभी प्रारूपों में तीसरे स्थान पर हैं।

स्मृति के नाम सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड

स्मृति के नाम महिला क्रिकेट में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने हाल में महिला एशिया कप के ग्रुप चरण में हांगकांग, चीन के खिलाफ शतक जड़कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। बांग्लादेश के खिलाफ स्मृति की आक्रामक शुरुआत ने भारत को महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय के उसके सबसे तेज पावरप्ले में से एक तक पहुंचाया।

- भारत दौरे के लिए वेस्टइंडीज स्क्वॉड का ऐलान

पूरन को पहली बार मिली टी20 टीम में जगह, कैंपबेल की वापसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेस्ट इंडीज की टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए भारत दौरे पर आएगी। भारत और वेस्ट इंडीज के बीच 27 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच कुल 8 मैच खेले जाएंगे। वेस्ट इंडीज ने भारत दौरे के लिए अपनी टीम वनडे और टी20 टीम का ऐलान कर दिया है। वनडे सीरीज़ के लिए अनुभवी ओपनर जॉन कैंपबेल को टीम में वापस बुलाया है, जबकि

कामिल पूरन को पहली बार टी20 टीम में जगह मिली है।

वनडे टीम से बाहर हेटमायर

कप्तान शे होप 15 सदस्यीय वनडे टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें युवा बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं। एंड्रयू को अकीम ऑगस्टे की जगह टीम में लिया गया है, जो अगस्त में हुई सर्जरी से अभी भी उबर रहे हैं। न्यूजीलैंड के ख़िलाफ वेस्ट इंडीज के पिछले दो वनडे मैच खेलने वाले शिमरॉन हेटमायर को वनडे टीम में शामिल नहीं किया गया है।

शतरंज ओलंपियाडः प्रज्ञानानंदा और एरिगैसी की फॉर्म बनी चिंता

नीदरलैंड से टक्कर, भारतीय टीम की राह मुश्किल

एजेंसी ⏭ समरकंद

खराब शुरुआत के बाद वापसी करने वाली दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम को 46वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में छठी वरीयता प्राप्त नीदरलैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

शीर्ष बोर्ड पर खेल रहे प्रज्ञानानंदा की अगुवाई वाली भारतीय टीम की तरफ से विश्व चैंपियन गुकेश और निहाल सरीन ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है तथा अपने चार मैचों में 3.5 अंक हासिल किए हैं। विदित गुजराती ने पांचवें बोर्ड पर दो में से 1.5 अंक बनाकर अपना योगदान दिया है, लेकिन प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगैसी की फॉर्म को लेकर चिंता बनी हुई है।

- गुकेश और सरीन का प्रदर्शन बेहतर

पहली जीत की तलाश में प्रज्ञानानंदा

अर्जुन ने हार के साथ शुरुआत की, लेकिन मैक्सिम चिगाएव पर उनकी पिछले दौर की जीत प्रभावशाली थी, जबकि प्रज्ञानानंदा अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। उन्होंने अब तक अपने तीनों मैच ड्रॉ खेले हैं। नीदरलैंड के खिलाफ मैच भारत के लिए अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि उनके शीर्ष खिलाड़ी अनीश गिरी चार मैचों में चार जीत के साथ शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरे बोर्ड पर भी जॉर्डन वैन फोरस्ट ने तीन जीत के साथ अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है।

महिला टीम का शानदार प्रदर्शन

इस बीच भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। अगले दौर में उनका मुकाबला पोलैंड से होगा और भारतीय टीम यह मैच जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। बी सविता श्री अब तक शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चारों मैच जीते हैं जबकि वंतिका अग्रवाल भी उतने ही मैचों में तीन अंक लेकर उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं।

त्याग, नीति के साथ पतिव्रता धर्म की गाथा है मंदोदरी लीला-नाट्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार को पवनपुत्र यादव एवं साथी, सीधी द्वारा अहिराई नृत्य, रवि रावत एवं साथी, धार द्वारा भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं सायं गतिविधि में संगीता शर्मा, नई दिल्ली के निर्देशन में मंदोदरी लीला-नाट्य की प्रस्तुति हुई। गतिविधि में निदेशक, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे द्वारा कलाकारों का स्वागत किया गया। इस लीला नाट्य का संगीत सीताराम सिंह, पटना एवं आलेख योगेश त्रिपाठी, रीवा द्वारा किया गया है। भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में प्रतिष्ठित पंचकन्याओं के जीवन, संघर्ष, त्याग, साहस और आदर्शों पर आधारित विशेष प्रस्तुतियों की श्रृंखला तैयार की जा रही है। भारतीय मनीषा में पंचकन्याओं का स्मरण केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि नारी के अदम्य साहस, धैर्य, त्याग, आत्मबल और जीवन-संघर्ष की स्मृति है। इसी परंपरा की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी हैं- मंदोदरी लीला-नाट्य। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा तैयार मंदोदरी लीला-नाट्य का मंचन हुआ।

संभावना गतिविधि में नृत्य एवं लीला-नाट्य की प्रस्तुति हुई

रावण को समझाती है मंदोदरी

'मंदोदरी' लीला-नाट्य मंदोदरी के जीवन, उनके धैर्य, नीति-बोध और पतिव्रता धर्म की मार्मिक कथा प्रस्तुत करता है। कथा में मंदोदरी को केवल रावण की पत्नी के रूप में नहीं, बल्कि एक विवेकशील, दूरदर्शी और साहसी स्त्री के रूप में चित्रित किया गया है, जो अपने पति के सामर्थ्य के साथ-साथ उसके अहंकार और अधर्म के परिणामों को भी समझती है। मंदोदरी बार-बार रावण को नीति और धर्म का मार्ग अपनाने तथा माता सीता को सम्मानपूर्वक श्रीराम को लौटाने की सलाह देती हैं। रावण का अंत और लंका के विनाश के पश्चात मंदोदरी का विलाप नाट्य का अत्यंत मार्मिक प्रसंग है। मंदोदरी की जीवनगाथा को पंचकन्याओं की परंपरा में स्मरण किए जाने की सांस्कृतिक मान्यता के साथ प्रस्तुत करते हुए यह लीला विपरीत परिस्थितियों में भी विवेक, निष्ठा और सत्य के प्रति चेतना मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति बताती है।



प्रणति समारोह के दूसरे दिन हुई प्रस्तुति रही हाउसफुल

हीरामन-हीराबाई के निश्छल प्रेम ने मंच पर रचा विरह का लोक-संसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में ब.व. कारंत स्मृति महोत्सव 'प्रणति' के दूसरे दिन रविवार को फणीश्वरनाथ रेणु की कहानी 'मारे गए गुलफाम' का मंचन हुआ। संजय गर्ग के निर्देशन में जबलपुर की नाट्य संस्था के कलाकारों ने प्रस्तुति के माध्यम से रेणु के आंचलिक संसार, लोकजीवन की सहजता और अधूरे प्रेम की मार्मिकता को मंच पर जीवंत किया। प्रस्तुति का केंद्र है साधारण गाड़ीवान हीरामन, जिसकी दुनिया बैलगाड़ी, खेत-खलिहान, मेले और लोकजीवन की छोटी-छोटी खुशियों से बनी है। परिस्थितियां उसे एक मेले तक नौटंकी कंपनी की कलाकार हीराबाई को अपनी बैलगाड़ी में बैठाकर ले जाने का अवसर देती हैं। हीरामन के लिए हीराबाई किसी नौटंकी की कलाकार से कहीं आगे बढ़ जाती है। वह उसकी नजर में ऐसी स्त्री है, जिसे समाज के बनाए पैमानों से नहीं, बल्कि उसके मन की निर्मलता से देखा जाना चाहिए। दूसरी ओर हीराबाई भी हीरामन की सरलता और आत्मीयता में उस सम्मान को महसूस करती है, जो उसके पेशे और सामाजिक दृष्टि के कारण उसे अक्सर नहीं मिलता। यही भावनात्मक द्वंद्व प्रस्तुति का सबसे कोमल और मार्मिक पक्ष बना।

अभिनय से कथा में विश्वसनीयता

कलाकारों ने ग्रामीण पात्रों की देहभाषा, संवादों की सहजता और लोक परिवेश के अनुरूप अभिनय से कथा में विश्वसनीयता पैदा की। हीरामन और हीराबाई के बीच विकसित होती आत्मीयता को अत्यधिक नाटकीय बनाने के बजाय संकेतों और मौन के सहारे व्यक्त करना प्रस्तुति की संवेदनात्मक उपलब्धि रही।

इस तरह विशेष बनी प्रस्तुति

नाटक में लोकभाषा कथा को केवल आगे नहीं बढ़ाते, बल्कि उसका जीवंत परिवेश निर्मित करते हैं। नौटंकी के रंग, ढोल-नगाड़ों की लय पात्रों की सहज चुटीली बातचीत के बीच हीरामन-हीराबाई का संबंध अधिक गहराई से उभरता है। रेणु की रचना में लोक जीवन पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि कथा का सक्रिय चरित्र है मंचन में इसी संवेदना को पकड़ने का प्रयास दिखाई दिया।

समारोह में आज

तीन दिवसीय समारोह के अंतिम दिन नाटक 'गुड़िया की शादी' का मंचन होगा। संजय श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित नाटक की प्रस्तुति मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के छात्र देंगे। प्रस्तुति शाम 7 बजे शुरू होगी।

भारतीय भाषाओं, संस्कृति और ज्ञान-परंपरा पर नालंदा में होगा राष्ट्रीय संवाद

विश्वरंग का आठवां संस्करण 3 से 8 अक्टूबर तक नालंदा में

देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार होंगे सहभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की भाषाई, साहित्यिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को समकालीन संदर्भों से जोड़ते हुए नालंदा में एक राष्ट्रीय स्तर के बहुआयामी सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विश्वरंग, भोपाल द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कलाकारों, अनुवादकों, शोधकर्ताओं और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता होगी।

आयोजन में आरएनटीयू तथा नालंदा विवि के साथ-साथ सी. वी. रमन विवि, वैशाली, आइसेक्ट हजारीबाग, स्कोप, सीवी रमन विवि बिलासपुर, खंडवा, गुवाहाटी विवि, आईआईटी खड़गपुर, त्रिपुरा विवि, मिजोरम विवि, दिल्ली विवि, इग्नू जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी।

इसलिए नालंदा का चयन

नालंदा का चयन केवल उसके ऐतिहासिक महत्व के कारण नहीं किया गया है। नालंदा भारतीय उपमहाद्वीप और एशिया के बीच ज्ञान, विचार और संस्कृति के आदान-प्रदान का प्रतीक रहा है। इसी को आधार बनाकर विचार किया जाएगा कि भारत की विरासत आज के समय में किस प्रकार नए सांस्कृतिक संवाद और बौद्धिक सहयोग का आधार बन सकती है।

भारतीय भाषाओं को दिया विशेष महत्व

भारतीय भाषाओं को कार्यक्रम में विशेष महत्व दिया गया है। विश्वरंग के महानिदेशक संतोष चौबे के अनुसार, कार्यक्रम का मूल उद्देश्य भारत की ऐतिहासिक सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से जोड़कर देखना है।

बीएमएचआरसी में हिंदी पखवाड़े के तहत आयोजन

श्रुतलेख प्रतियोगिता में 38 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसीएमआर-भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) करोंद में 14 सितंबर से 29 सितंबर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है । इसके अंतर्गत संस्थान के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए नर्सिंग कॉलेज व्याख्यान कक्ष में श्रुतलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विषय विशेषज्ञ एवं निर्णायक के रूप में

कवि एवं लेखक संदीप नेमा 'दीप', सहायक अनुभाग अधिकारी एवं राजभाषा प्रभारी, केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल को आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता के पूर्व संदीप नेमा ने कहा कि राजभाषा का प्रचार एवं प्रसार देश के विकास केलिए नितान्त आवश्यक है । राजभाषा में काम करना, पढ़ना लिखना अत्यंत आसान है। इसके सहज-सरल प्रयोग से इसको विस्तार मिलता है। प्रतियोगिता में 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें राजभाषा से जुड़े विषय पर श्रुतलेख की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कायस्थम ने पूर्व वीसी डॉ. संतोष कुमार के निधन पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कायस्थम मप्र ने बीयू और डॉ. हरिसिंह गौर विवि के पूर्व वाइस

चांसलर प्रो. डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। 87 वर्षीय डॉ श्रीवास्तव का रविवार को निधन हो गया। शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों को देखते हुए कायस्थम ने उन्हें 17 जनवरी 2025 को कायस्थम सम्मान से सम्मानित किया था। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार भोपाल के कायस्थ समाज में सक्रिय रहे डॉ श्रीवास्तव कार्नेल यूनिवर्सिटी इथाका न्यूयॉर्क, यूएसए के विजिटिंग प्रोफेसर, बीयू भोपाल के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर, रेक्टर भी रहे।

'एक गधे की आत्मकथा' ने हंसाया भी, झकझोरा भी

भोपाल। चेतना रंगसमूह द्वारा प्रस्तुत बहुचर्चित व्यंग्य नाटक 'एक गधे की आत्मकथा' का सफल मंचन आदर्श नगर स्थित गणेश मंदिर सभागार में किया गया। प्रख्यात साहित्यकार कृष्ण चंदर की कालजयी रचना पर आधारित इस नाटक का सशक्त नाट्य रूपांतरण अख्तर अली ने किया है, जबकि परिकल्पना एवं निर्देशन आशीष श्रीवास्तव का है।

इस प्रस्तुति में मंच पर उठती हंसी के बीच कई ऐसे सवाल भी सामने आए, जिन्होंने दर्शकों को गंभीरता से सोचने और आत्ममंथन करने के लिए मजबूर किया। कहानी का केंद्र है रामू धोबी, जो अपने बोलने वाले गधे की तलाश में भटकता है। लेकिन यह गधा कोई साधारण पशु नहीं, बल्कि संवेदनशील, विचारशील और बहुभाषी चरित्र है, जो मनुष्यों की भाषा समझता भी है और बोलता भी है।

भोपाल पोएट्री अड्डा का मुशायरा सुखन की कहकशां में शायरों ने पढ़े कलाम

समंदर में कोई बारिश कभी अच्छी नहीं लगती...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के दुर्रानी हॉल में भोपाल पोएट्री अड्डा की ओर से सुख़न की कहकशां मुशायरे का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मशहूर शायर विजय तिवारी 'विजय' ने की। मुख्य अतिथि डॉ. मो. आज़म, सरवर हबीब, ग़ौसिया खान सबीन, ख़लील असलम कुरैशी थे। संचालन युवा शायर सोहेल उमर ने किया। मुशायरे में जिन शायरों ने अपने कलाम पेश किए। उनमें संतोष खिरवड़कर ने पढ़ा, जी हुजूरी करूं मैं क्यों भला इस दुनिया की, शाइरी करनी थी मशहूर नहीं होना था, सोहेल उमर ने- गहराइयों में ग़म की उतरता चला गया, फिर यूं हुआ ग़मों से उभरता चला गया, सीएन तिवारी 'साहिब' ने- बरसना है तो उस धरती पे बरसो जो तरसती हो, समंदर में कोई बारिश

कभी अच्छी नहीं लगती, अनवर मोहम्मद 'शान'- छावनी, चौक, उर जुमेरती, घोड़ा नक्कास, उर तलैया में, एक कट चाय पी के भोपाली, राम राम ओ सलाम करते हैं, रूपाली सक्सेना 'ग़ज़ल'-याद रखना है तो फिर दिल से मुझे याद रखो/भूलना है तो बसद शौक भुला दो मुझको, डॉ. उमेश मिश्रा 'मुख्लिस'- जाहिर था लिफाफे से कि क्या लिक्खा हुआ है/सो मैंने तेरा ख़त कभी पढ़कर नहीं देखा, अशफाक अंसर-गर नींद इत्तेफाक से लग भी गई कभी/तो ख़वाब उनके मुझको जगा कर चले गए, मो. ताहा अल हुसैनी- दिन भर की थकन ओढ़, पसीने में नहा कर/सोया है कोई सिया-ए-दीवार बिछा कर/ कमलेश नूर- तुम्हारे प्यार की खुशबू रखूँगा सीने में/के मेरे ज़र्फ़ का मैयार इत्रदान का है-अज़ीम 'असर'- आंख में ऐक भी कतरा नहीं देखा जाता/देखने को तो कई बार समंदर देखे, अभिलाषा श्रीवास्तव अनुभूति- इश्क होता है किया जाता नहीं/क्या बुढ़ापा क्या जवानी छोड़िए आदि कलाम सुनाए। वहीं साजिद प्रेमी, विजय तिवारी 'विजय', एस.एम. मुबश्शिर, डॉ. एहसान आज़मी, सरवर हबीब, अज़ीम 'असर', अल हुसैनी, फेंक भोपाली,डॉ. गौसिया खान सबीन, खलील असलम कुरेशी ने भी अपने अशआर पढ़े।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930